राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 157
लखनऊ, शनिवार 25 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



रेल मंत्री ने काशी स्टेशन का किया निरीक्षण कर निर्माण कार्यो का लिया जायजा 03

रेलवे को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड : वैष्णव 12

## संक्षिप्त समाचार

### जितेंद्र पाल सिंह होंगे इजराइल में भारत के अगले राजदूत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के 2002 बैच के अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह को इज़राइल में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यभार ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि जेपी सिंह मंत्रालय में महत्वपूर्ण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान डेस्क को संभालते थे।

### अभिनेत्री ममता ने लिया सन्यास, बनीं महामंडलेश्वर

**महाकुम्भ नगर।** 90 के दशक की स्टार बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने सन्यास ले लिया है। वह किन्नर अखाड़े में पट्टाभिषेक के बाद महामंडलेश्वर के पद पर विराजमान हो गईं। दीक्षा के बाद ममता कुलकर्णी को अब श्री माई ममता नंद गिरि के नाम से जाना जाएगा। ममता कुलकर्णी के सन्यास की सारी प्रक्रिया को किन्नर अखाड़े की अध्यक्ष आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने सम्पन्न कराया। इस दौरान जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बानन्द गिरी भी मौजूद रहे। इसके पहले संगम तट पर ममता ने अपना पिंडदान करके गृहस्थ जीवन का परित्याग किया।

### सैफ अली हमला : आरोपी 29 तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई।** बांद्रा कोर्ट ने सैफअली खान के घर में घुसकर उन पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद शहजाद को 29 जनवरी तक बांद्रा पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। बता दें, अभिनेता सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में कई बार चाकू से हमला करने के आरोपी मोहम्मद शहजाद की पुलिस कस्टडी के समय को बढ़ाते हुए कोर्ट ने अब 29 जनवरी तक के लिए भेज दिया है। बांद्रा कोर्ट ने पाया कि सैफपर हुए हमले के मामले में पुलिस जांच में पर्याप्त प्रगति है और इस बीच अन्य पहलुओं की जांच करना आवश्यक है।

### अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों की धरपकड़ तेज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज हो गई है। कुछ दिन पहले देश की दूसरी बार बागडोर संभालने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि देश में एक भी व्यक्ति को अवैध रूप से रहने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रपति की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि आज 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा है, आज ट्रंप प्रशासन ने एक संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्यों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई लोगों सहित 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

### राजनाथ ने युद्ध क्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' को दी झंडी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को 'युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली संजय' को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। 'संजय' एक स्वचालित प्रणाली है जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र में लगे सेंसरों से जानकारी को एकीकृत करती है। यह प्रणाली जानकारियों की सत्यता की पुष्टि करने के लिए उन्हें संसाधित करती है, दोहराव को रोकती है और उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। यह लंबी भूमि सीमाओं की निगरानी, घुसपैठ रोकने अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने और खुफिया, निगरानी व टोही अभियानों में अहम भूमिका निभाएगी।

## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित

# यूपी उद्यम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर

▸ बंटेंगे तो कटेंगे नारे को पूरे देश ने दिया समर्थन : उपराष्ट्रपति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब यह उद्यम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि वे दृढ़संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित हैं। उप राष्ट्रपति ने महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफ की और कहा कि इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे का समर्थन करते हुए कहा कि उनके इस विचार को पूरे देश ने अपना समर्थन दिया है। उप राष्ट्रपति ने देश में अवैध शरणार्थियों की मौजूदगी पर भी चिंता व्यक्त की। उप राष्ट्रपति शुक्रवार को राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आगामी एक फरवरी को परिवार के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाऊंगा। ये मेरे लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने प्रदेश की जनता को राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि योगी ने इस बात को चरितार्थ किया है कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 2018 से राज्य स्थापना दिवस मनाने की परंपरा सराहनीय कदम है। हर स्थापना दिवस पर एक योजना प्रारंभ की गई है। आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे, बल्कि ये उद्यमी औरों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी की पहचान इसकी तीव्र और ऐतिहासिक प्रगति के रूप में झलक रही है। ये आसान काम नहीं था। किसी ने सोचा नहीं था ऐसा होगा, इसके लिए योगी आदित्यनाथ साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय संस्थागत ढांचे के निर्माण में यूपी सबसे आगे है। पूरी दुनिया के लिए ये एक उदाहरण है। तकनीकी और व्यापार के विस्तार में भारत की लंबी छलांग में यूपी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। एक जमाना था जब यूपी की पहचान कानून व्यवस्था की चिंता से होती थी। उससे निकलने का रास्ता नहीं दिखता था। प्रांत एक चक्रव्यूह में फंस गया था। संभावनाएं कुंठित हो गई थी। योगी ने इसे सुशासन वाले प्रदेश की पहचान दी है। इस प्रगति की चर्चा देश-विदेश में है। इस प्रदेश पर श्रीराम, श्रीकृष्ण, काशी विश्वनाथ और संकटमोचन बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त है। गोरखनाथ मठ के महंत इसका नेतृत्व कर रहे हैं। जब नेतृत्वकर्ता मजबूत होता है तो विकास गुणात्मक होता है। इस प्रदेश में योगियों की लंबी श्रृंखला रही है। आज इस प्रदेश का नेतृत्व एक योगी के हाथ में है। भगवान बुद्ध ने यहां प्रथम संदेश दिया।



### 'सीएम युवा' के ई-पोर्टल की शुरुआत

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने 'सीएम युवा' के ई–पोर्टल की शुरुआत की। इस योजना के तहत 21 से 40 साल की आयु के युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। बयान के मुताबिक, पहले चरण में पांच लाख रुपये तक का ऋण और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। इसमें बताया गया है कि योजना के तहत अब तक 27,500 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 254 करोड़ का ऋण मंजूर किया गया है। बयान के अनुसार, कार्यक्रम में पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए, जिनमें लखनऊ के आकाश अवस्थी, अयोध्या के कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, अमरोहा के अमित कुमार और सोनल शर्मा तथा गोरखपुर के अक्षांश राज सिंह शामिल हैं।

### छह विशिष्ट व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

प्रदेश के विकास और गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले छह विशिष्ट व्यक्तियों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। इनमें वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, कानपुर के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह शामिल हैं। इन सभी को उपराष्ट्रपति ने 11 लाख रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बयान में कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान परंपरागत शिल्प और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले कई व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें वाराणसी की निशा देवी, गोरखपुर के जीतेंद्र और आगरा के एमएसएमई पुरस्कार विजेता शिशिर अस्थाना प्रमुख हैं। इसमें कहा गया है कि संत कबीर पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रजिउल हसन और वाराणसी की अंगिका कुशवाहा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था, लेकिन इसका स्थापना दिवस 2017 से मनाया जा रहा है।

# महाराष्ट्र में सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका, आठ की मौत



एजेंसी

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की छत गिर गई, जिसमें 13 से 14 लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के लॉन्ग टर्म प्लानिंग सेक्शन में हुआ। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने भी हादसे में गिरी छत के नीचे 13-14 लोगों के फंसे होने की जानकारी दी। जवाहरनगर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री की आरकेआर की ब्रांच सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ है। यहां आरडीएक्स बनाने के लिए किया जाता है। इसी में यह विस्फोट हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने हादसे को मोदी सरकार की विफलता बताया है। भंडारा की इस फैक्ट्री में सेना के लिए एसिड से लेकर कई तरह के विस्फोटक बनाए जाते हैं। यहां टेस्टिंग फैसिलिटीज और अत्याधुनिक लेबोरेटरीज भी हैं। छोटे हथियारों में इस्तेमाल होने वाला विस्फोटक स्पेरिकल पाउडर भी यहीं बनाया जाता है। इस पाउडर का इस्तेमाल पहली बार दूसरे विश्व युद्ध में किया गया था। 1960 से इसे सिविलियंस को दिया जाना शुरू किया गया था। जनवरी 2024 में भी भंडारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सीएक्स डिपार्टमेंट में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## महाकुम्भ में अब साधु-संत भी करेंगे मन की बात

**महाकुम्भ नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर प्रयागराज महाकुम्भ में साधुओं के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के दिव्य और भव्य महाकुम्भ के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु संत अपनी बात रखेंगे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुम्भ में हर तरफ भक्ति , मुक्ति और तत्व ज्ञान की बातों की चर्चा है। इस विचार मंथन को वृहद स्वरूप प्रदान करने के लिए महाकुम्भ में पहली बार साधु संतों के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## टिप्पणी : धार्मिक स्थल प्रार्थना के लिए लाउडस्पीकर का प्रयोग अधिकार नहीं

▸ हाईकोर्ट ने मुख्तियार अहमद की याचिका को किया खारिज

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि धार्मिक स्थल मुख्यतः ईश्वर की प्रार्थना के लिए होते हैं। लाउडस्पीकरों के प्रयोग को अधिकार नहीं कहा जा सकता, विशेषकर तब जब ऐसा प्रयोग अक्सर निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनता हो।

न्यायमूर्ति अश्वनी मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की पीठ ने पीलीभीत के मुख्तियार अहमद द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में राज्य के प्राधिकारियों को एक मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सरकारी वकील ने इस आधार पर याचिका का विरोध किया कि याची न तो मुतवल्ली है और न ही उसकी मस्जिद है। राज्य की आपत्ति में तथ्य पाते हुए न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास याचिका दायर करने का अधिकार नहीं है। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि चूंकि धार्मिक स्थल ईश्वर की पूजा-अर्चना के लिए होते हैं। इसलिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को अधिकार नहीं माना जा सकता।

## अमूल ने दूध की कीमत घटाई, नई कीमतें हुई जारी

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख डेयरी ब्रांड अमूल ने अपने तीन प्रमुख दूध उत्पादों की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। यह पहला मौका है जब अमूल ने अपने दूध उत्पादों की कीमतों में इस तरह की कटौती की है। अब अमूल गोल्ड, अमूल टी स्पेशल और अमूल फ्रेश के 1 लीटर पाउच की कीमतें 1 रुपये से कम हो गई हैं। इस कीमत में कटौती से उपभोक्ताओं को रोजाना के खर्चों में थोड़ी राहत मिलेगी, खासकर उन परिवारों को जिनकी दिनचर्या में अमूल का दूध महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पहली बार है जब अमूल ने दूध की कीमतों में कटौती की है, खासकर जब पहले दूध की कीमतों में वृद्धि की जा चुकी थी।

## निगम करेगा पांच हजार संविदा महिला परिचालकों की भर्ती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में 05 हजार महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जायेगा। महिला अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा।

एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक महिला अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तकों पर 05 प्रतिशत का वेटेज भी दिया जाएगा। महिला परिचालकों को संविदा चालकों परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में नियुक्त किया जायेगा।

## डिसरप्टिव कैंपेन से बचें राजनीतिक दल : सीईसी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम संदेश में कहा कि आयोग उनके विश्वास और पारदर्शिता से समझौता नहीं होने देगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि डिसरप्टिव कैंपेन ना करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को चुनाव आयोग की स्थापना दिवस पर मनाया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान में पोलराइज्ड कैंपेन, बाहरी हस्तक्षेप और साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों का दौर चल रहा है। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया भ्रामक जानकारी और फेक नॉरेटिव जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है।

सीएम योगी ने मिल्कीपुर विधानसभा की चुनावी सभा में विपक्ष पर किया हमला

## बांटने की राजनीति ने आस्था के साथ किया खिलवाड़

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोइन खान के भक्तों को चुनाव नहीं जीतने देना है। मोइन खान को सिर पर बैठाने और आंखों में बसाने वाले ये लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।



मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या धाम का एक ही संदेश है। एकता से ही अखंड रहेगा ये देश। महाकुम्भ का भी एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा ये देश। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करके पुण्य लाभ लिया। वहां पर देश-दुनिया से लगातार श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी है। इन 10 दिन में महाकुम्भ में 10 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। कई देशों की आबादी ही 10 करोड़ नहीं है। अगले 35 दिन में 45 करोड़ लोग, श्रद्धालु और भक्त वहां पहुचेंगे और पुण्य लाभ लेंगे। दुनिया के 200 देशों की आबादी 45 करोड़ नहीं है। हम उत्तर प्रदेश वासी भारतवासी सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि वेदों में लिखा है कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। हर जाति हर, वर्ग का व्यक्ति महाकुम्भ में पुण्य लाभ ले रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांटने की राजनीति ने आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। परिवारवाद की राजनीति करके इन्होंने सिर्फ अपने परिवार के लिए सोचा, जनता जनार्दन की सुध नहीं ली। इसी जनपद में पहले आम्बेडकर नगर होता था। वहां जन्मे थे डॉक्टर लोहिया। उन्होंने कहा था सम्पत्ति संतति के चक्कर में जो पड़े, वो समाजवादी नही है। आज के समाजवादी तो सम्पत्ति के ही चक्कर में पड़े हैं जो खाली प्लाट है वो हमारा है। वहां ये कब्जे करके झंडे लगा लेते रहे हैं। इनका झंडा अपराधी माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति किसी गरीब के लिए नहीं होती।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा

## 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,'

विषय पर प्रदर्शित की जाने वाली झाँकी




### झाँकी की विशेषतायें

(1) **झाँकी के प्रथम भाग** में अनेकता में एकता प्रदर्शित करते हुए एक ग्लोब के ऊपर एक ही परमपिता परमात्मा की ओर से युग–युग में भेजे गये अवतारों राम, श्रीकृष्ण, महात्मा बुद्ध, ईसा मसीह, मोहम्मद साहब, गुरू नानक देव तथा बहाउल्लाह को उस युग की आवश्यकता के अनुरूप दी गई मर्यादा, न्याय, सम्यक ज्ञान, करूणा, भाईचारा, त्याग और हृदय की एकता का संदेश देते हुए दिखाया गया है।

(2) **झाँकी के द्वितीय भाग** में एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल दिखाये गये हैं, जो यह संदेश दे रहे हैं कि सभी धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। इसी छत के नीचे सी.एम.एस. के बच्चे **"परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,"** गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर रहें है।

(3) **झाँकी के तृतीय भाग** में एक स्कूल को समाज के प्रकाश के केन्द्र के रूप में दिखाया गया है। इस स्कूल में एक बच्चे को विश्व नागरिक के रूप में विकसित करने के लिए उसे राम की मर्यादा, कृष्ण का न्याय, बुद्ध का सम्यक ज्ञान, ईशु की करूणा, मोहम्मद के भाईचारा, गुरू नानक देव जी के त्याग एवं बहाउल्लाह द्वारा दिये गये हृदय की एकता की शिक्षाओं को देते हुए दिखाया गया है।

(4) **इस झाँकी के चौथे एवं अंतिम भाग** में एक बच्चे को ग्लोब उठाये हुए दिखाया गया है जो सारे विश्व को **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** अर्थात **'विश्व परिवार हमारा है'** की शिक्षा दे रहा है। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य–4 (SDG 4) के अनुसार भारत एवं विश्व के सभी स्कूलों को विश्व नागरिकता की शिक्षा देनी है, जिससे बच्चे सारी वसुधा को कुटुम्ब मानते हुए उसे सुन्दर और सुरक्षित बनाने का प्रयास कर सकेंगे।

### झाँकी गीत

परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे, जग जगत का नारा है।
चाहे हिन्दू, चाहे मुस्लिम, सिक्ख ईसाई हो,
रूसी, चीनी, अफ्रीकी हो चाहे थाई हो,
एक बाग के फूल हैं हम, ये चमन हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

नानक, ईसा, बुद्ध, मोहम्मद प्रेम का पाठ पढ़ायें,
ऊंच नीच का बन्धन तोड़ो, सभी सन्त बतलायें,
सत्य अहिंसा के फूलों से चमन संवारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

रामायण, बाइबिल, कुरान दे, श्रद्धा, प्रेम और भक्ति,
धर्म शास्त्र देते सबको, निष्काम कर्म की शक्ति,
अलग–अलग हैं धारायें, पर एक किनारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

एक चन्द्र है और एक सूरज, एक भूमि पर रहते,
एक ईश की छाया सब पर, भेदभाव क्यों करते,
हम एक ही थे, हम एक रहें, संकल्प हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ

खीरी में हुआ यूपी दिवस का भव्य आगाज

# एमएलसी अनूप गुप्ता ने विधायक संग किया कार्यक्रम का शुभारंभ

- देश की प्रगति में यूपी का अहम योगदान, प्रदेश ने लिखी प्रगति की एक नई गाथा: अनूप गुप्ता
- डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा यूपी: एमएलसी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि सदस्य, विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ फीता काटकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आवाहन किया कि यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लें, सरकारी योजनाओं से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त करें, जो नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी।

**एमएलसी ने विधायक संग देखी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, स्टालों का अवलोकन, सराहा:** एमएलसी अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ के साथ यूपी दिवस पर लगी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अफसरों, कर्मचारियों से योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी ली। यूपी दिवस के पर ओडीओपी प्रदर्शनी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग की मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, कृषि, गन्ना, कृषि रक्षा, उद्यान, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, खाद एवं रसद, श्रम, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, ग्राम उद्योग, उद्योग, स्वयं सहायता समूह, मनरेगा सहित करीब 25 स्टाल लगाए गए।

**यूपी दिवस पर एमएलसी ने लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगातें, खिले चेहरे:** सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 11 लाभार्थियों को लोन का चेक वितरित किया। आयुष्मान भारत वय वंदन योजना के पांच लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रदान किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तीन लाभार्थियों को माइक्रो डिवाइस का वितरण किया।

**रंगोली में उकेरे उप्र के विविध स्वरूप, रही आकर्षण का केंद्र:** लखीमपुर खीरी में उप्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं के दल ने रंगोली में उप्र के विविध विशेषताओं को रेखांकित किया। इसमें महाकुंभ, अयोध्या राम मंदिर, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, निपुण भारत, राष्ट्रीय पुष्प और प्रदेश का लोगो दर्शाया गया है। इस रंगोली को टीचर ज्योति श्रीवास्तव, शैलप्रिया श्रीवास्तव, रुखसार, स्वेता अवस्थी, शिखा सिंह, फराह ने संयुक्त रूप से तैयार किया। जो आकर्षण का केंद्र बनी रही।

**इनकी रही मौजूदगी:** ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एस एन चौरसिया, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी।

## एमएलसी ने विधायक के साथ दिव्यांगों को दी ट्राई साइकिल की सौगात, खिले चेहरे

**शिशुओं का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई:** यूपी दिवस के मौके पर सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों का कुशलक्षेम भी जाना। एमएलसी अनूप गुप्ता ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग की अगुवाई में 05 में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई संस्कार एवं पांच शिशुओ को गोद में लेकर खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। इस दौरान उन्होंने नन्हे शिशुओं को दुलार भी किया।

## निजी अस्पताल का डाक्टर नहीं कर सका जुकाम-खांसी का इलाज




- युवक को लगाया इंजेक्शन, हालत बिगड़ी, युवक की अकाल मौत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मामूली जुकाम खांसी का इलाज कराने गए एक 23 वर्षीय युवक की इंजेक्शन लगाने के बाद हालत बिगड गई। जिस पर निजी अस्पताल के डाक्टर ने युवक व उसके पिता को क्लीनिक से जबरन भगा दिया। परेशान पिता अपने बेटे को लेकर लखीमपुर उपचार के लिए जा रहा था। कि रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मामले में पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

नोखेलाल पुत्र रामपाल निवासी बिराहीपुर मजरा ग्रंट लंदनपुर हालपता पटेलनगर निकट मित्तल पेट्रोल पंप गोला ने बताया। कि 21 अक्टूबर 2024 को उसके 23 वर्षीय पुत्र रवि दीक्षित की अचानक तबियत खराब हो गई। जिस पर वह अपने बेटे को लेकर नई बाईपास गोला आरंभ क्लीनिक पर डॉ. संदीप वर्मा के पास ले गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण कर बताया कि मौसम में बदलाव के कारण हल्की खांसी जुकान है। दो तीन दिनों में सही हो जाएगा। इसके बाद वह डाक्टर के बताए अनुसार अपने पुत्र को लेकर क्लीनिक पर उपचार के लिए लाया और दवाइ ले जाता रहा। 23 अक्टूबर को उसका पुत्र दवा लेने गया तो डाक्टर ने बेटे से कहा कि वह एक इंजेक्शन लगा रहा है। इसके बाद दवाई की जरुरत नहीं पडेगी और डाक्टर संदीप वर्मा ने उसके बेटे के इंजेक्शन लगा दिया तथा कुछ दवाएं खिलाई।

इंजेक्शन देने के कुछ समय बाद ही उसके पुत्र की हालत गंभीर रूप से खराब हो गई। इधर काफी देर तक जब उसका बेटा घर नहीं आया तो वह अपने बेटे को लेने के लिए क्लीनिक पर पहुंचा और देखा कि उसके पुत्र की हालत काफी गंभीर हो चुकी है। इसके बाद डाक्टर ने उसे व उसके बेटे को जबरन अस्पताल से भगा दिया। कहा कि कहीं और ले जाओ उन लोगों से कोई मतलब नहीं है। जिस पर वह तत्काल वाहन से अपने पुत्र को लेकर लखीमपुर जा रहा था।

इसी दौरान रास्ते में उसके पुत्र की मौत हो गई। पीडित पिता ने चिकित्सक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## एक स्कूल एक मैदान के तहत सुजानपुर में हुए विभिन्न प्रकार के खेल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर एक स्कूल एक मैदान के आयोजन के तहत ग्राम पंचायत सुजानपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर कॉलोनी में खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो खो, क्रिकेट, 100 मीटर दौड़, आदि खेलों का आयोजन किया गया स्कूल एवं खेल के मैदान में खेल संबंधी उपकरण एवं व्यायाम संबंधी उपकरण स्थापित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल में मौजूद बच्चों ने खेलों का खूब लुफ्त उठाया। खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह ने बताया कि खेलेगा खीरी तो जीतेगा खीरी जैसे आयोजन से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है, वहीं विद्यालय में स्थापित उपकरणों से व्यायाम और योग करने से लोग निरोगी और फिट रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान राजू, ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका सिंह, इंचार्ज अध्यापक रमेश वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव, सहित सहायक अध्यापक एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी व ग्राम पंचायत सदस्यों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



## एक दिनी प्रधानाध्यापक बनीं छात्रा सौम्या यादव



**निघासन खीरी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सविलियन विद्यालय ढखेरवा घाट में कक्षा-8 की छात्रा सौम्या यादव को विद्यालय का एक दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया। प्रधानाध्यापक का पद संभालने के बाद सौम्या ने सभी बलिकाओं से पढ़ाई और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने का आवाहन किया और कहा माता-पिता को बेटा- बेटी में भेद न करते हुए दोनों को समान रूप से आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना चाहिए।उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर डीएम दुर्गाशक्ति के निर्देशानुसार विद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं दौड़, कबड्डी, खो-खो, कैरम, लम्बी कूद, जलेबी दौड़, खेल विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेलों का शुभारम्भ एक दिन की प्रधानाध्यापक सौम्या द्वारा माँ सरस्वती की अर्चना कर एवं हरी झण्डी दिखाकर किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिओम गुप्त, सहायक अध्यापक, रफीक इदरीशी, वैभव पाण्डेय, शिवशंकर, जहीरुल हसन, सर्वेश, अक्षय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, प्रशांत पाण्डेय, श्रीराम सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे। खेलों का संचालन खेल अनुदेशक संदीप चतुर्वेदी एवं कार्यक्रम का संचालन वैभव पाण्डेय द्वारा किया गया।

## तहसील बार एसो. की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




तहसील बार एसोसिएशन मितौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025 का शपथ ग्रहण समारोह अध्यक्ष वरिष्ठ समिति एल्डर कमेटी चेयरमैन अधिवक्ता दया शंकर मिश्र की अध्यक्षता, बतौर मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन मितौली सत्य प्रकाश मिश्र की मौजूदगी में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा माल्यार्पण स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बतौर मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष असफाक अली, महामंत्री विनीत कुमार पाण्डेय एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश शुक्ल एडवोकेट, संयुक्त मंत्री राजकुमार सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ अवधेश कुमार एडवोकेट, गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ केवल कुमार एडवोकेट को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं को शपथ दिलाने के बाद अपने उद्बोधन में कहा समस्त निर्वाचित कार्यकारिणी व अधिवक्ताओं को आपस में सामंजस्य बना कर कार्य करना चाहिए जिससे अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, किसान, मजदूर, व्यक्तियों को न्याय मिल सके। तहसील मितौली मेरा ग्रह क्षेत्र होने के कारण हमारा कोई प्रतिनिधित्व नहीं है समस्त सम्मानित अधिवक्ता हमारे आदरणीय है। नव निर्वाचित तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बधाई देने के साथ साथ धन्यवाद देता हूं, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी मितौली ने कहा बार और बेन्च का आपस में सामन्जस बना रहना चाहिए। कानून के दायरे में रहते हुए वादकारियों को विधि संगत न्याय मिल सके, वरिष्ठ अधिवक्ता दया शंकर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देने के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभा का समापन किया। मंच का संचालन प्रदीप कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी सोहनलाल वर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी वीरेंद्र वर्मा, आनंदपाल सिंह, पूर्व महामंत्री दिवाकर नाथ श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव बहादुर सिंह, हेमनाथ, आनंदपाल सिंह, ओम प्रकाश मिश्र, राम अवतार मिश्र, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्र, अमित बाजपेई, धीरेंद्र कुमार वर्मा, दुर्गेश बाजपेई, रामकृष्ण अवस्थी, वीरसेन, विकास अवस्थी, पवन कुमार नीरज, जितेंद्र कुमार शुक्ल, सरोज अवस्थी, सुधीर दिक्षित, नागेश्वर दीक्षित, रघुवसं त्रिवेदी, अवनीश तिवारी सहित समस्त तहसील के सम्मानित अधिवक्ता मौजूद है।


## खबरें एक नजर में

### 'खेलों से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन का विकास होता है'



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** खेल दिवस के अवसर पर संविलियन विद्यालय रसूलपुर जंगल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सौ मीटर, दो सौ मीटर दौड, कबडडी, खोखो, लंबीकूद, रस्साकसी, कैरम, शतरंज, जलेबी दौड़, चित्रकला, सुलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें कैरम में प्राथमिक बालक वर्ग से आदित्यराज प्रथम, बालिका वर्ग से सना द्वितीय, उच्च प्राथमिक बालक वर्ग से अर्जुन प्रथम, बालिका वर्ग से स्नेहलता द्वितीय, जलेबी दौड़ में बालक वर्ग से करन, बालिका वर्ग से एंजिल प्रथम, चित्रकला में प्राथमिक बालक वर्ग से अनस, बालिका वर्ग से मीनाक्षी, उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग से आसना अंजुम, सुलेख में बालक वर्ग से करन, बालिका वर्ग से रुमी, उच्च प्राथमिक बालक से रियाज, बालिका वर्ग से वंशिका, लंबी कूद बालक वर्ग से रियाज, बालिका वर्ग से ईशा क्रमश प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। खेल दिवस की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी कुंभी ने बच्चां का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यालयो में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों में शारीरिक गतिविधियों, टीम भावना और अनुशासन को विकसित करने व खेलों में बच्चों की रुचि उत्पन्न करने के साथ खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की मंशा से किए जाते है। खेल दिवस के समापन पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र, रसोइया सहित बच्चों के अभिभावक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने किया नव निर्माणाधीन जोनल कार्यालय भवन का निरीक्षण



**अयोध्या।** शुक्रवार को नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा अयोध्या धाम में अशिफबाग स्थित नव निर्माणाधीन जोनल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नागरिक सुविधा हेतु आसिफ बाग में जोनल नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त नागरिक सुविधा केंद्र पर व्हीकल शेड, गैंग हट एंड स्टोर, डीजे सेट,सोलर पैनल, फर्नीचर बाउंड्रीवल एवं अवस्थापन से संबंधित कार्य कराया जाना है। उक्त कार्यालय भवन में वाटर हार्वेस्टिंग की प्रकिया संचालित किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि जोनल कार्यालय जोन स्तर पर सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्मित कराया जा रहा है, जिसमें जोनल स्तर पर सफाई व्यवस्था सड़कों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध जलापूर्ति, सड़क एवं निगम द्वारा प्रदत्त की जाने वाली अन्य समस्त सार्वजनिक सेवाएं/ सुविधाओं को स्थानीय समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा जोनल कार्यालय भवन निर्माण में गतिशीलता लाए हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता परियोजना प्रबंधक सीएनडीएस सहायक अभियंता निर्माण राजपति यादव आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमोद तिवारी का हुआ स्वागत



**अयोध्या।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में कांग्रेस दल के उप नेता प्रमोद तिवारी शुक्रवार को एक व्यक्तिगत कार्यक्रम से अयोध्या पहुंचे।इस दौरान शहर की सीमा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका माला फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का श्री तिवारी ने आवाह्न किया कि समय बहुत कम है,मिल्कीपुर क्षेत्र के गठबंधन के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को विजय बनाने में हर तरह से जुट जाएं।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी जन विरोधी कार्यो का जवाब देने का वक्त है, अयोध्या की जनता ने जैसे लोकसभा में इन्हें हराया वैसे ही मिल्कीपुर उपचुनाव में भी इन्हें हराकर आईना दिखाने का काम करें। श्री तिवारी का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य महेश वर्मा, जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, अशोक कनौजिया, गौरव तिवारी वीरू, शत्रुघ्न सिंह, भागेलु सिंह, धीरेंद्र सिंह बबलू, शैलेंद्र विक्रम सिंह,पंकज सिंह, अब्दुल कलाम,दीप कृष्ण वर्मा, चंचल चंचल, प्रेम कुमार पांडेय, प्रखर सिंह व बसंत मिश्रा आदि प्रमुख थे।

## आर्य कन्या महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस/राष्ट्रीय बालिका दिवस का भव्य आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस का भव्य आयोजन प्राचार्या प्रो गीता शुक्ला की अध्यक्षता में शिवांगी सक्सेना द्वारा किया गया। ईश वंदना छात्रा प्रज्ञा और पूर्णिमा ने प्रस्तुत किया। अनामिका शर्मा ने उत्तर प्रदेश पर भाषण दिया। प्रज्ञा पूर्णिमा ने मैं उत्तर प्रदेश हूँ ..हाल बताने आया हूँ ..की पंक्तियों वाला गीत प्रस्तुत किया। रिया बाजपेयी ने बेटियों पर कविता प्रस्तुत किया। राधिका वर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भाषण दिया। दीपमाला और आयुषी ने बालिकाओं पर गीत प्रस्तुत किया। रिया बाजपेयी ने आरंभ है प्रचंड पर नृत्य प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम अधिकारी रा से यो विमलेश ने कराया जिसमे निर्णायक की भूमिका प्रो सुशीला देवी और डॉ. प्रीति सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्पिता, द्वितीय स्थान मीनू यादव और तृतीय स्थान संजना कश्यप ने प्राप्त किया। प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थित शिक्षण संस्थानों के अस्तित्व के बारे में छात्राओं को संपूर्ण जानकारी दी। संयोजक शिवांगी सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विरासत को संरक्षित करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शिवांगी सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं एवं भारी संख्या में एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं।


## सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत



**मितौली खीरी।** मैगलगंज कस्बे के व्यापारी समाजसेवी हंसमुख सभी को सम्मान देने वाले मुकेश अवस्थी की गुरुवार को मैगलगंज लखीमपुर मार्ग पर रतहरी गांव थाना मितौली के पास किसी अज्ञात वाहन की से टकरा जाने से मौत गई थी। शुक्रवार की पोस्टमार्टम उपरांत जब पार्थिव शरीर मैगलगंज पहुँचा तब अंतिम दर्शन करने वालो का तांता लगा था अंतिम यात्रा में लगभग एक किलोमीटर का लम्बा काफिला देखकर बस इतना ही कह सकता हूं किसके जीवन मे कब क्या घटित हो जाये किसी को कुछ भी पता नही होता। इसलिए अपने ह्रदय में सबके लिए सदैव कुशलता की कामना रखिये जैसे स्वर्गीय मुकेश अवस्थी ने समाज में अपना स्थान बनाया था।

## आठवीं बार उद्घोषक की भूमिका में नजर आएंगे खाकी वाले गुरुजी


**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



रिजर्व पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस पर आयोजित रैतिक परेड में आठवीं बार उप निरीक्षक रणजीत यादव द्वारा उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन किया जाएगा।गणतंत्र दिवस परेड में वर्ष 2015 से वर्ष 2024 तक लगातार सकुशल उद्घोषक की भूमिका निभा चुके समाजसेवी उपनिरीक्षक श्री यादव को इस वर्ष भी यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस वर्ष इनके सहायक के रूप में आर्मी स्कूल की शिक्षिका रचना श्रीवास्तव इनका साथ देंगी। पुलिस लाइन परेड प्रांगण में आयोजित इस वर्ष के रैतिक ड्रिल परेड में प्रथम कमांडर की भूमिका में पियूष क्षेत्राधिकारी बीकापुर व द्वितीय कमांडर निरीक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ला तथा तृतीय कमांडर के दायित्वों का निर्वहन उपनिरीक्षक सशत्र पुलिस सुभाष यादव करेंगे।इस वर्ष दस टोलियां जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस, सीआरपीएफ, होमगार्ड के जवानों सहित, अटल आवासीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं, घुड़सवार पुलिस, एटीएस दस्ता, चीता मोबाइल, फील्ड यूनिट, सर्विलांस, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड,डायल 112 की टीम,यातायात पुलिस,दंगा निरोधी दस्ता के साथ डोगरा मिलिट्री पाइप बैंड के जवान सम्मिलित होंगे। उद्घोषक रणजीत रक्तदान, पौधरोपण, गरीब असहायों और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना, शिक्षा, सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना जैसे सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं।रणजीत यादव जिले के जयसिंहपुर वार्ड के मिलन बस्ती के गरीब असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के कारण खाकी वाले गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध हैं।सुरक्षा के साथ सेवा भावना के चलते इन्हें कई बड़े पुरस्कार मिल चुके हैं। सुपरकॉप दारोगा रणजीत यादव द्वारा लिखित सामाजिक संदेश पर आधारित कई कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी के दूरदर्शन केंद्र लखनऊ और अयोध्या के रेडियो स्टेशन से इनकी खुद की आवाज में कई बार हो चुका है। इनके कार्यों की सराहना डीजीपी की अधिकारिक बेबसाइट द्वारा कई बार हो चुकी है। आजमगढ़ के एक छोटे से गांव भदसार के मूल निवासी रणजीत देश के जाने माने शीर्ष विश्विद्यालय बीएचयू से दर्शनशात्र विषय में स्नातकोत्तर हैं। वर्तमान समय में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या में कार्यरत हैं।

## नेपाल में बंधक भारतीय मजदूरों को कराया मुक्त

- 6 भारतीय मजदूर अभी भी लापता बताए जा रहे हैं



**पलिया कलां खीरी।** नेपाल में बंधक बनाए गए भारतीय गरीब मजदूरों को भाजपा नेता रवि गुप्ता ने बंधक मुक्त कराया है। नेपाल के मुख्यमंत्री एवं प्रशाशन डीएम/ एसपी के सहयोग से रवि गुप्ता ने मजदूरों को वापस अपने वतन बुलवा लिया है,आपको बता दें कि नेपाल में भारतीय कामगार मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था उनको बुरी तरीके से मारा पीटा गया औरतें और बच्चों को भी प्रताड़ित किया जा रहा था,सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार 6 भारतीय मजदूर अभी भी हैं लापता बताए जा रहे हैं , पीड़ित मजदूरों ने अपने वतन वापसी पर अपनी दर्द भरी आप बीती सुनाते हुए बताया कि हम सबको रवि गुप्ता की वजह से नई जिंदगी मिली है,आपको बता दें कि सभी पीड़ित मजदूर भारत के उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के जिलों के रहने वाले हैं,नेपाल में बंधक बनाए गए भारतीय मजदूरों में अमन वाल्मीकि, लालता प्रसाद, अब्दुल नसीम, लक्ष्मी देवी, दीक्षा, पूजा, देव, सुनीता, रोहित, शिवा, हिमांशु, आयुष, ब्रजेश, सचिन कुल चौदह लोग शामिल है जोकि उत्तर प्रदेश के जिला पीलीभीत व उत्तराखंड के किच्छा के मूल निवासी हैं।

# हर वर्ग के लिए कर्पूरी ठाकुर ने किया संघर्ष

**समाजवादी चिंतक व भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महान समाजवादी चिंतक व क्रांतिकारी विचारक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जयंती मनाई गई उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पाजलि अर्पित की। इस मौके पर मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी भी मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म 24 जनवरी 1924 को ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में नाई समाज में हुआ था, जो अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। उन्होंने गरीबों, शोषितों, पिछड़ों, किसानों, युवाओं के हित के लिए बहुत संघर्ष किया। दो बार कपूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री रहे एवं भारत छोड़ो आंदोलन के समय 26 महीने जेल में भी रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, सांसद आरके चौधरी, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, फैसल मकबूल, जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, जीशान वली, विनोद यादव, अर्चना रावत, वरिष्ठ नेता भरत यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, सोनीश कुमार मौर्या, जिला सचिव रज्जन लाल यादव, सत्येन्द्र रावत, राम समुझ रावत, राजेश सविता, मोईन खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सालिम काकोरी, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष दिवाकर यादव, सदस्य जिला पंचायत कैप्टन यादव, विजयश्री, एडवोकेट संजय यादव, रामनाथ रावत, एडवोकेट मोहम्मद रईश,जोन प्रभारी अजीत यादव 'पवन', मनीष यादव, गोविन्द यादव, एडवोकेट रमेशचन्द्र रावत, अरसद खान, त्रिभुवन यादव, शिवम 'गोलू' के साथ दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने भी मनाई स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



**लखनऊ।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने स्व. कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में हुआ था, जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। उन्होंने 1940 में मैट्रिक की परीक्षा पटना विश्?वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में पास की। इसके पश्चात 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन छिड़ गया तो उसमें कूद पड़े। परिणामस्वरूप 26 महीने तक भागलपुर के कैंप जेल में जेल–यातना भुगतने के उपरांत उन्हें 1945 में रिहा किया गया। इसके बाद वह 1948 में आचार्य नरेन्द्र देव एवं जयप्रकाश नारायण के समाजवादी दल में प्रादेशिक मंत्री बने। श्री सिंह ने कहा कि श्री ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति–पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता डॉ.सुधा मिश्रा, प्रो.आरबी बौद्ध, चेतराम भारती, हर्ष, तुषार, सुबोध सहाय, ओपी शर्मा, देवेन्द्र सिंह चौहान आदि ने भी स्व कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# रेल मंत्री ने काशी स्टेशन का किया निरीक्षण निर्माण कार्यों का लिया जायजा, रोपा पौधा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रेल व जलशक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना का लखनऊ मण्डल के वाराणसी परिक्षेत्र में स्थित काशी स्टेशन पहुंचे और वहां पर बनाए जा रहे इंटरमॉडल स्टेशन के संबंध में किए जाने वाले प्रयासों, निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति तथा परियोजनाओं की विधिवत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने इस दौरान परिसर में वृक्षारोपण किया तथा स्टेशन पर कर्मचारियों के साथ संवाद भी किया। उसके उपरांत वह गंगा ब्रिज पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने इसके निर्माण की रूपरेखा से परिचित होते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की पूर्ण जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने महाकुंभ-25 के सफल और सुचारु संचालन के अंतर्गत मौनी अमावस्या एवं आगामी पर्वों पर मण्डल के वाराणसी जं. (कैंट.) स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन की दिशा में किए जाने वाली सभी गतिविधियों और विशेष तैयारियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी, लाल जी चौधरी, स्टेशन निदेशक, अर्पिता गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान'' के तहत हुआ संविधान महासम्मेलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम रेहरया, पोस्ट सोनौली, ब्लाक–बनीकोडर, विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद, जनपद बाराबंकी में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम ''जय बापू–जय भीम–जय संविधान'' के तहत संविधान महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय बाराबंकी के सांसद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अब्दुल्ला शेर खां ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि जय बापू–जय भीम–जय संविधान कार्यक्रम जरूरत आज इसलिए पड़ी कि जबसे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से लगातार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर हमला किया जा रहा है। इनकी मंशा रही है कि किसी तरह से संविधान को बदल कर आरएसएस की विचारधारा को लागू किया जाए। इन लोगों को बाबा साहब अंबेडकर और संविधान से नफरत है, बाबा साहब के आदर्शो से नफरत है। इसीलिए संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी कुंठा ज़ाहिर करते हुए बाबा साहब का अपमान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, बाराबंकी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष मोहसिन खान, राजेन्द्र प्रताप सिंह, भानू वर्मा, पिंटू शुक्ला, भस्म प्रसाद मिश्रा, मिथलेश गौतम आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### उप्र शराब विक्रेताओं में नवीनीकरण न होने से भयंकर रोष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को राजधानी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश की आबकारी नीति को लेकर भयंकर रोष व्यक्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि योगी सरकार हर साल दिसम्बर–जनवरी में शराब अनुज्ञापियों का नवीनीकरण कर देती है लेकिन साल 2025–26 के लिए अभी तक नवीनीकरण का आदेश जारी नहीं किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार के इस रवैए से तीन लाख से ज्यादा परिवार भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे और लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का डम्प माल फंस जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में आबकारी विभाग से कई दौर की वार्ता होने के बाद भी नतीजा नहीं निकला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे प्रदेश के शराब विक्रेता मौजूद रहें।

### ट्रेन के आगे कूदा युवक, पास में बछरावां-तेलीबाग का टिकट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर सुसाइड कर लिया। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के उतरेठिया रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां ईसीआर ट्रेन के आगे कूदने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी पुलिस को घटनास्थल पर मृतक के पास से एक रोडवेज बस टिकट मिला, जो रायबरेली जनपद के बछरावां से तेलीबाग का है। घटना रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पोल नंबर 1060द20 ए डाउन लाइन के पास हुई। लोको पायलट ने पुष्टि की है कि युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए आस–पास के थानों में सूचना भेजी गई है और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### छात्रों की कलाकृतियों ने दर्शकों का मन मोहा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में आयोजित एक विशेष कला प्रदर्शनी ने शहर के कला प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रदर्शनी में 27 युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रसिद्ध कलाकार श्याम वर्मा ने किया। प्रदर्शनी में पेंटिंग से लेकर मूर्तिकला तक की विभिन्न विधाओं में छात्रों ने अपनी कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। मुख्य अतिथि श्याम वर्मा ने युवा कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा– ये छात्र भारतीय कला की विरासत के भविष्य हैं। कार्यक्रम में कला प्रेमियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। श्याम वर्मा ने विशेष रूप से छात्रों को दृढ़ता और धैर्य के साथ कला साधना करने का संदेश दिया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य युवा कलाकारों को एक मंच प्रदान करना था, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें और कला जगत में अपनी पहचान बना सकें। यह आयोजन लखनऊ की समृद्ध कला परंपरा का प्रमाण बन गया, जहां नई प्रतिभाएं अपनी कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम कर रही हैं।

### मिशन स्टाफ व रेशम सखियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन के बहुत ही सार्थक व सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में गठित स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न क्रियाकलाप किये जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अभिसरण से किये जा रहे। कार्यों से भी स्वयं सहायता समूहों की केवल आमदनी ही नहीं बढ़ी है, बल्कि उनके मान–सम्मान में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुयी है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग के मध्य किये गये अभिसरण के माध्यम से प्रदेश के 6 जनपदों के 25 विकास खण्डों में रेशम उत्पादन कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व रेशम विभाग के अभिसरण से रेशम उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिशन स्टाफएवं रेशम सखियों हेतु क्षेत्र भ्रमण एवं प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार किया गया है। यह क्षेत्र भ्रमण व ट्रेनिंग प्रोग्राम 3 फ़रवरी से 20 फ़रवरी के मध्य विभिन्न चरणों में प्रस्तावित किया गया है।

### एक दिन में पांच मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में एक दिन में 5 मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह लोग अपने शौक पूरे करने के लिए लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह लोग फेरीवाला बनकर किराए के मकान में रहते हैं। लूटपाट के लिए इन लोगों ने कुछ दिन पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। पुलिस ने इनके बास से लूट के मोबाइल और स्कूटी जब्त कर विधिक कार्रवाई कर रही है। हजरतगंज पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर मो. एहतशाम और सलमान कुरैशी को मोबाइल लूट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह लोग चौक में किराए के मकान में रह हे थे। कुछ ही दिन पहले नई स्कूटी खरीदी थी। जिससे शहर में घूम–घूमकर मोबाइल लूटते थे। इन लोगों ने हजरतगंज में 2 जनवरी को प्रियंका अपार्टमेंट के पास से युवक से लूटा था। उसके कुछ ही देर बाद बैकुंठ धाम रोड पर ओवरब्रिज के पास युवती का मोबाइल लूटकर भाग गए थे। पूछताछ में इन लोगों ने शहर में पांच मोबाइल लूट की घटनाओं को कबूल किया है।

### व्यापार मंडल ने 51 किलो लड्डू वितरण व तहरी भोज किया आयोजित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग,किसान,व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में डंडहीया बाजार व्यापार मंडल की बैठक हुई जिसमें तय किया गया की 26जनवरी को प्रात: 9, 30बजे भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत के प्रदेश कार्यालय में झंडा रोहण होने के उपरान्त 11बजे डांडिया बाज़ार में झंडा रोहण उसके उपरान्त 51किलों लड्डूओं का वितरण भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता, प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मेयर प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष ताज खान कार्यवाहक महामंत्री अनुज साहू कोषाध्यक्ष रमेश जायसवाल उपाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता आशु गुप्ता जहीर राईनी नुरुल हुदा मोहम्मद नईम, आलोक गुप्ता मंत्री सनी गुप्ता द्वारा एक तहरी भोज का आयोजन रखा गया है। झंडारोहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव शामिल होंगे।

### पांच जिलों के खनन अधिकारियों का स्थानान्तरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन ( भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग) द्वारा प्रदेश के 5 जिलों के खनन अधिकारियों का शासकीय कार्यहित मे स्थानांतरण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया कि खनन अधिकारी विकास सिंह परमार को कानपुर देहात से हमीरपुर, राज रंजन कुमार को मथुरा से बांदा, अर्जुन कुमार को बांदा से कानपुर देहात, राहुल कुमार सिंह को लखनऊ मुख्यालय व वशिष्ठ यादव को हमीरपुर से लखनऊ मुख्यालय स्थानान्तरित किया गया है।

# जनसमुदाय को समक्ष निपुण लक्ष्यों व मूलभूत साक्षरता की आवशकता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** चिनहट ब्लॉक में÷ हमारा आंगन,हमारे बच्चे÷ विषयक आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए संज्ञानित किया गया कि आज जनसमुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवशकता है। ÷हमारा आंगन हमारे बच्चे÷ उत्सव उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरधौना के प्रांगण में आयोजित हुआ।



दीप प्रज्वलन एवम सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। उपस्थित शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी राज नारायण कुशवाहा ने गोष्ठी के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसके उपरांत एआरपी डॉ.आशीष कुमार सिंह ने निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों प्रस्तुतिकरण किया। एआरपी निष्ठा मिश्रा ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नोडल शिक्षक संकुल मधु सचान,आरती सिंह,माया तिवारी ने स्टेशनरी एवं चार लर्निंग कॉर्नर, आदर्श बल वाटिका कक्षा कक्षा का प्रस्तुतीकरण किया। नोडल शिक्षक सुनीता सिंह, पुष्पा यादव, प्रीति तिवारी, निसात फातिमा, नसरीना हाशमी ने आदर्श कक्षा कक्ष के संदर्भ में अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा भी रचनात्मक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीडीपीओ विजय तिवारी ने प्राथमिक शिक्षा को आगे बढ़ाने में अपने विभाग से सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

उत्सव के समापन सत्र में प्राथमिक विद्यालय तारा का पुरवा नंदपुर,मलेसेमऊ, सेमरा के बच्चों एवम अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी सर एवं सीडीपीओ सर ने पुरस्कृत किया।

## बिना लाइसेंस संचालित सॉस और नूडल फैक्ट्रियों पर टीम का छापा

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ की टीम ने काकोरी थाना क्षेत्र और अलीगंज स्थित दो खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर मिलावटी सॉस और नूडल्स का बड़ा स्टॉक सीज किया। ये प्रतिष्ठान बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रहे थे। काकोरी के ग्राम बरावन कलां में मेसर्स साहू फूड्स पर छापेमारी की गई। प्रतिष्ठान के मालिक संजय साहू विभिन्न प्रकार के सॉस और नूडल्स का निर्माण और भंडारण करते पाए गए। टीम ने यहां से ग्रीन चिली सॉस, कान्टिनेंटल सॉस, सोया सॉस और नूडल्स के छह नमूने संग्रहित किए। एक्सपायर्ड टोमैटो प्यूरी और विनेगर (11,000 रुपये)। संचालक को तुरंत फैक्ट्री बंद करने का निर्देश दिया गया। दूसरी छापेमारी सीतापुर रोड, अलीगंज स्थित गौरव ट्रेडर्स पर की गई। यहां कांटिनेंटल सॉस, चिली सॉस और सोया सॉस का संग्रहण और विक्रय बिना लाइसेंस के पाया गया।

# बाल विकास विभाग में 18 माह से संविदा कर्मियों को नहीं मिला वेतन

समृद्धि न्यूज

**विभाग की संवेदनहीनता ने कर्मियों को आर्थिक व मानसिक रूप से तोड़ा**

**लखनऊ ।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को 18 माह से वेतन न मिलने से उनका जीवनयापन कठिन हो गया है। विभाग में 80 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं जो अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हो चुकी हैं। आर्थिक तंगी के कारण इन कर्मचारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचार मंत्री मीनाक्षी (महाराजगंज) जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं वेतन न मिलने के कारण अपना इलाज कराने में असमर्थ हैं। गीता केसरी (भदोही) की बेटी का विवाह दिसंबर माह में तय था लेकिन आर्थिक समस्याओं के चलते विवाह में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। विभाग के बाबू मनोज अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन पैसों की कमी के कारण न तो उनके बच्चों की स्कूल फीस जमा हो पा रही है और न ही उनका समुचित इलाज हो रहा है। संगठन मंत्री मीनाक्षी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता प्रसाद, उपाध्यक्ष निवेदिता सिंह और अल्पना श्रीवास्तव, महामंत्री रीता यादव ने विभाग की उदासीनता की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि 18 महीने से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। विभाग की संवेदनहीनता ने इन कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया है। संगठन की अध्यक्ष रजनी सिंह ओर से सरकार से अपील की गई है कि वे इस गंभीर स्थिति को तुरंत संज्ञान में लें और 18 महीने का बकाया वेतन शीघ्र जारी करें। कर्मचारियों ने कहा कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# मुलायम की वजह से पैदा हुई पिछड़े वर्ग में जागृति : ओमप्रकाश राजभर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सपा नेताओं ने हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस विवाद में अब योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की भी एंट्री हो गई है।

राजभर ने महंत राजू दास के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि मुलायम सिंह की वजह से ही पिछड़े वर्ग में जागृति पैदा हुई है। उन्होंने महंत राजू दास के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि हम ऐसी टिप्पणी के खिलाफहैं। मुलायम सिंह यादव बड़े नेता थे। वो चार बार मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री रहे हैं। मुलायम सिंह यादव पिछड़ों के नेता रहे और उनकी वजह से पिछड़े वर्ग में जागृति पैदा हुई। मुलायम सिंह यादव के विषय में अगर कोई कुछ कह रहा है तो हम उसकी निंदा करते हैं। अगर इससे भी बढ़कर कोई काम करता



है तो हम यही सलाह देंगे कि ऐसा न करें कि आप भी चर्चा का पात्र बने। राजभर ने इस दौरान महाकुंभ में हुई कैबिनेट की बैठक को लेकर भी विपक्ष पर तंज कसा और कहा कि हम लोग वहां धार्मिक कार्य के लिए ही गए थे। यह नई व्यवस्था नहीं है, कांग्रेस के समय में भी प्रयागराज में कैबिनेट की बैठक हुई और हम उसी परंपरा को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। अगर महाकुंभ में स्नान करने गया है और वहां बैठक कर लिया तो इसमें क्या बुरा हो गया। राजभर ने कहा कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज के साथ-साथ पूर्वांचल को बड़ी सौगात दी गई। अब दिल्ली की तरह यूपी में भी सड़कें बन रही हैं। विपक्ष मुसलमानों और पिछड़ो कों धोखा दे रहा हैं, इन लोगों की भलाई के लिए विपक्ष ने आज तक क्या किया है।

## राजकीय पॉलीटेक्निक के दीक्षांत समारोह में 45 मेधावियों को प्रमाणपत्र

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजन हुआ। इस दौरान अलग-अलग विभाग के 45 मेधावी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्राविधिक शिक्षा परिषद के महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राविधिक शिक्षा परिषद के महानिदेशक अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि यहां से उपाधि लेने वाले विद्यार्थियों के कंधों पर अब भविष्य को उज्जवल बनाने की जिम्मेदारी है। इसीलिए जितनी लगन के साथ पढ़ाई किया है, उसी लगन के साथ अपनी कौशल को समाज बदलने में लगा दें। सौभाग्यशाली हैं, वो विद्यार्थी जिसकी शिक्षा और कौशल देश के काम आए। आदर्श नागरिक वही है, जो समाज की तस्वीर बदले। आज के दौर में तकनीकी शिक्षा की मांग बढ़ गई है। एआई ने टेक्नालॉजी के क्षेत्र में आयाम स्थापित कर रहा है। टेक्नोलॉजी समय के साथ बदलती रहती है।

# यूपी के ब्रोकेड व जरदोजी का दिल्ली में दिखेगा जलवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश की राजधानी नई दिल्ली में लोक संवर्धन पर्व का दूसरा संस्करण 27 जनवरी से शुरू होगा। दो फरवरी तक चलने वाले इस पर्व में उत्तर प्रदेश की विशेष कला और शिल्प का जादू देखने को मिलेगा। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के बनारस ब्रोकेड, लकड़ी के सामान और ज़री युक्त कपड़ों (जरदोज़ी) को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। यह पर्व न केवल राज्य की विशिष्ट कलाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि देशभर से आए लोगों को इन शिल्प कलाओं से रूबरू होने का अवसर भी देगा।




भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित स्टेट एम्पोरिया कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले लोक संवर्धन पर्व के दूसरे संस्करण में देश के विभिन्न भागों से 90 शिल्पी भाग लेंगे और अपनी कला शिल्प वस्तुएं प्रदर्शित करेंगे। इस मंच ने कारीगरों को अपनी स्वदेशी कला, शिल्प और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है। यह आयोजन न केवल अल्पसंख्यक समुदायों की परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए बल्कि कारीगरों के लिए एक अभिनव और उद्यमशील वातावरण को बढ़ावा देने के लिए भी डिजाइन किया गया है। उत्पादों के विपणन, निर्यात तथा ऑनलाइन व्यापार, डिजाइन, जीएसटी और बिक्री आदि जैसे क्षेत्रों में उनके कौशल को बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की मदद से दैनिक कार्यशालाएं आयोजित करेगा। इससे उनकी प्रतिभा को सशक्त बनाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लोक संवर्धन पर्व में बनारसी ब्रोकेड की साड़ियां और अन्य परिधान प्रदर्शित किए जाएंगे, जो भारतीय परंपरा और आधुनिकता का मेल दिखाएंगे।

बनारस ब्रोकेड, जिसे बनारसी साड़ी और वस्त्रों के लिए जाना जाता है, उत्तर प्रदेश की पहचान है। बनारसी ब्रोकेड अपनी जटिल कढ़ाई, रेशमी धागों की बुनाई और पारंपरिक डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। इन कपड़ों पर सोने और चांदी की ज़री से की गई बारीक कारीगरी इन्हें विश्वभर में खास बनाती है। लोक संवर्धन पर्व में जरदोज़ी के नमूनों की प्रदर्शनी उन लोगों के लिए खास होगी, जो पारंपरिक भारतीय परिधान में रुचि रखते हैं। जरदोज़ी कला उत्तर प्रदेश की शान और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है।

### निजीकरण के विरोध में संघर्ष जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के खिलाफविद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का विरोध अभियान जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का स्वागत करते हुए समिति ने निजीकरण का निर्णय तुरंत वापस लेने की मांग की है।

**राज्य दिवस** | **24 जनवरी 1950 को हुआ था गठन, 2017 से हर साल यूपी मना रहा स्थापना दिवस**


# भारत को नौ प्रधानमंत्री देने का गौरव उत्तर प्रदेश के नाम

**1902 में यूपी की राजधानी इलाहाबाद से लखनऊ हुई स्थानांतरित**

विकास तिवारी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश ने 24 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मनाया। यह दिन पूरे राज्य के लिए उत्साह और गर्व का दिवस है, जो इसके समृद्ध इतिहास और भारत के विकास में जबरदस्त योगदान को दर्शाता है।

यूपी स्थापना दिवस का स्मरणोत्सव राज्य की ऐतिहासिक यात्रा, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को जानने का अवसर प्रदान करता है। लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक समारोह आयोजित होंगे, क्योंकि राज्य अपनी स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मना रहा है। राज्य का आधिकारिक गठन 24 जनवरी, 1950 को हुआ था, मगर योगी सरकार की घोषणा के बाद 2017 से हर साल यूपी दिवस मनाया जाता है। आधुनिक यूपी की नींव 1902 में पड़ी थी, जब इसे ब्रिटिश शासन के दौरान आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के रूप में स्थापित किया गया था। एक ऐसा नाम जो बाद में संक्षिप्त रूप यूपी में बदल गया। आज, यूपी आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से भारत के सबसे प्रमुख राज्यों में से एक है। 1902 में अंग्रेजों ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत का नाम बदलकर आगरा और अवध का संयुक्त प्रांत कर दिया। 1902 में राजधानी इलाहाबाद से लखनऊ स्थानांतरित हो गई। 24 जनवरी 1950 को राज्य का नाम बदलकर यूपी कर दिया गया। यूपी दिवस पहली बार 1989 में मनाया गया था। बाद में परंपरा बंद कर दी गई थी। 2017 में पुनर्जीवित किया गया और अब इसे सालाना मनाया जाता है।



### जनसंख्या के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य यूपी

यूपी को भारत को नौ प्रधानमंत्री देने का गौरव प्राप्त है, जिनमें पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, चौधरी चरण सिंह, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र से और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से शामिल हैं। यूपी भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और राज्य की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती जैसे अग्रणी नेताओं का जन्मस्थान है, जिन्होंने 1995 में पदभार संभाला था। यूपी जनसंख्या के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य बना है लेकिन इसमें कभी पहाड़ी क्षेत्र शामिल थे जो अब उत्तराखंड का हिस्सा हैं। 2000 में इन क्षेत्रों को अलग करके एक नया राज्य बनाया गया, जिसका मूल नाम उत्तरांचल था, जिसे बाद में उत्तराखंड नाम दिया गया।

**यूपी भारत के लोकतंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य में सबसे ज्यादा लोकसभा की 80 सीटें, 403 विधानसभा सीटें और 31 राज्यसभा सीटें हैं, जो इसे देश का सबसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य बनाती हैं। यूपी आर्थिक महाशक्ति है क्योंकि यह विशाल कार्यबल का प्रतिनिधित्व करता है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से निकटता के कारण उद्योगों और निवेशों का केंद्र है।**

योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
अल्फा स्क्वायर
कैरियर इंस्टीट्यूट
कोचिंग सेन्टर
Class:- L.k.g to 12th
Sub: Physics, Chemistry, Maths, Biology, English & Commerce
अमित कुमार मौर्य
(डायरेक्टर)
के.बी. सर, मणि सर, विनय सर
पाण्डेय सर, वर्षा मैम
9521871812, 9125927648
सिद्धार्थनगर

# दुकान की छत पर पड़ा मिला युवक का रक्तरंजित शव

- कुल्हाड़ी से वारकर हत्या की आशंका

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बछरवां के एक गांव में बदमाशों ने युवक की धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर परिवारजन समेत लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। वारदात को लेकर लोगों में रोष है। लोगों का बढ़ता आक्रोश देख गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

सेहगों पूरब गांव निवासी लवकुश कुमार चौरसिया नवपुरवा मजरे सेहगो गांव में पालेसर चलाते थे। परिजनों का कहना है कि गुरुवार की देर रात तक जब लवकुश घर नहीं लौटे तो ने उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन काफी देर तक फोन का भी जवाब नहीं मिला। परिवार के सदस्य लवकुश को बुलाने के लिए पालेसर पहुंचे, लेकिन वह नहीं मिले। कुछ देर तक इधर-उधर खोजबीन के बाद जब वह पालेसर के कमरे की छत पर पहुंचे तो देखा कि लवकुश का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला और छत पर चारों ओर खून ही खून फैला है।इस पर चीखपुकार सुन आस पास के लोग में मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते युवक की बेरहमी से हत्या की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। इसी बीच मामले की सूचना पुलिस को दी गई।




मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। देर रात अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा फॉरेंसिक टीम व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

**लूटपाट के बाद की युवक की हत्या:** मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है लवकुश बहुत सरल स्वाभाव का व्यक्ति था, उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। लोगों के बीच चर्चा रही कि शायद बदमाश लूटपाट के इरादे से आए रहे होंगे, लेकिन पहचान उजागर होने के डर से उन्होंने लवकुश की बेरहमी से हत्या कर दी होगी। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों की जांच पड़ताल कर रही है।

**कुछ दिन पूर्व हुई थी दुकान में चोरी:** ग्रामीणों के मुताबिक करीब एक सप्ताह पूर्व इसी भवन में स्थित लवकुश की किराना की दुकान में पचास हजार रुपये की चोरी हुई थी, लेकिन लवकुश ने इसको लेकर पुलिस से शिकायत नहीं की थी। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि युवक का शव उसकी दुकान की छत पर शव मिला है। मृतक के सिर पर चोट के निशान है। घटनास्थल पर निरीक्षण किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

### घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने परिजनों से की मुलाकात



**थाना** क्षेत्र के अंतर्गत नवपुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव में बीते बृहस्पतिवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि निर्मम तरीके से हुई हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी महाराजगंज यादुवेंद्र पाल एवं बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक लव कुश चौरसिया के परिवारीजनो से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और शीघ्र ही घटना का खुलासा एवं घटना में सम्मिलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

## सदर विधायक ने बांटें कंबल, अमृत सरोवर का किया उद्घाटन



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के लालूपुर गांव में जन्मे पूर्व स्वर्गवासी सदर विधायक अखिलेश सिंह को लोग गरीबों का मसीहा मानते थे वह गरीबों के मसीहा थे भी अपने क्षणिक समय में रहते रहते अपनी बड़ी लड़की अदिति सिंह को अपनी राजनीतिक विरासत को सौंपते हुए उन्होंने यह साबित कर दिया की विरासत का असली हकदार वही होता है जो उसे आगे बढ़ता है। सदर विधायक अदिति सिंह ने ग्राम पंचायतों में बांटे कंबल और किया उद्घाटन। सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा क्षेत्र के पिंडारी खुर्द में ग्राम प्रधान केतन सिंह द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची विधायिका द्वारा कंबल बांटे गए दुसौती ग्राम पंचायत में कमल सिंह बजाज समाजसेवी द्वारा लोरिक बाबा के स्थान पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर विधायिका द्वारा कंबल वितरण किया गया रसहेता ग्राम पंचायत मे भी कंबल वितरित किए गए सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा लगभग 1000 से अधिक कंबलों का वितरण तीन ग्राम पंचायतों में किया गया। इसी क्रम में बांदीपुर ग्राम पंचायत में सदर विधायक अदिति सिंह व खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह द्वारा अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। इस मौके पर एडीओ सी राजन सिंह, लालूपुर प्रधान अखिलेश सिंह, घूराडीह प्रधान दिनेश सिंह, दुसौती प्रधान राजेंद्र सिंह, अमावा प्रधान गया यादव, बैखरा प्रधान अमरनाथ द्विवेदी, लोधवामऊ प्रधान प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान समरहदा प्रतिनिधित राजकुमार मौर्य, बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह कछवाह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर जनसाधारण किया गया जागरूक




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू महराजगंज रायबरेली में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला बनाकर जनसाधारण को जागरूक किया गया। इस दिवस की शुरुआत 2008 में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत में लड़कियों को प्रभावित करने वाले विभिन्न सामाजिक मुद्दों से निपटना था। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में विद्यालय स्थापित करने का उद्देश्य ही ये था कि हम बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दे सकें साथ ही जानकारी दी कि आगामी सत्र के लिए हमारे विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।

### टोल प्लाजा पर श्रदालुओं ने जमकर काटा हंगामा




**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरुवा टोल प्लाजा पर कुंभ मेले के लिए जा रही करीब एक दर्जन बस के यात्रियों ने टोल न देने को लेकर टोल कर्मियों व बस यात्रियों के बीच मचा हंगामा, मौके पर पहुंची पुलिस मामले को शांत कराया। घटना बृहस्पतिवार शुक्रवार रात्रि करीब 3 :00 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जब औरैया व कई अन्य जनपदों से कुंभ मेले के लिये दर्शनार्थियों को लेकर जा रही लगभग एक दर्जन की संख्या में बसे एक साथ टोल प्लाजा पर पहुंच गई। तभी टोल प्लाजा पर टोल कटवाने को लेकर टोल कर्मियों एवं यात्रियों के बीच बवाल हो गया। यात्रियों का कहना था की उत्तर प्रदेश की सरकार के द्वारा दर्शनार्थियों के वाहनों का टोल माफ किया गया है। करीब एक दर्जन बस टोल प्लाजा की लेनो पर रुक गई, जिन्हें आगे निकलने नहीं दिया गया। बसों में योगी और मोदी के बैनर लगी हुई कुंभ मेला जा रही थी। बढ़ता हुए हंगाम को देख मौके पर बछरावां पुलिस पहुंच गई। किसी तरह घंटों कड़ी मशक्कत करने के बाद हंगामा शांत हो पाया और टोल प्लाजा पर दोनों तरफ जाम की स्थिति बन गई।

### बालिका दिवस पर कार्यक्रमः ...नहीं किसी क्षेत्र में कम




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल ने विद्यालय की बालिकाओं को इस दिन के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें उपहार दिये। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक रमाशंकर पाठक ने बच्चों को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की जरूरत कब और क्यों महसूस की गई। इसके संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन की शुरुआत भारत सरकार ने 2008 में की। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया। बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के इसी क्रम में प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में कहा कि 24 जनवरी 1966 को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। एक बेटी के देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने पर इस खास दिन को बेटियों के नाम समर्पित करते हुए हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इसके मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं की प्रगति हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे अभियानों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ लड़कियों के प्रति समाज में समानता लाने के उद्देश्य की भी पूर्ति करता है।

### यूपी स्थापन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में सुना गया उपराष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में यूपी स्थापना दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र एवं विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, डीएम पवन अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद एवं डीएम द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया गया तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सभागार में उपराष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद एवं डीएम द्वारा सीएम युवा उद्यमी योजना सहित विभिन्न योजनाओं, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं चाभी एवं टैबलेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद सकेत मिश्रा जी ने कहा कि भारत के विकास में उत्तर प्रदेश का अहम योगदान है, यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश, सभी सही दिशा में अनुशासन के साथ प्रदेश की प्रगति एवं ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने में अपना अहम योगदान दें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, बृजेंद्र तिवारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उपनिदेशक कृषि, बेसिक शिक्षा अधिकारी,उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, लाभार्थिगण व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चलाया गया जागरुकता अभियान



**बलरामपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला कल्याण (जिला प्रोबेशन कार्यालय बलरामपुर) द्वारा प्राइमरी स्कूल मड़ईलालपुरवा, वि.ख. व जनपद-बलरामपुर में बालिकाओं / जन सामान्य के बीच महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा स्पॉन्सरशिप योजना, जिसके अन्तर्गत पात्रों को रु.-4000/- प्रतिमाह, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अन्तर्गत पात्रों को रु.-2500/- प्रतिमाह एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में बताया गया साथ ही बाल विवाह, 1098 चाइल्ड लाइन, डायल 112 इत्यादि के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया तथा वर्ल्ड विजन संस्था द्वारा भी स्कूलों में कार्यक्रम कराया गया। इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई, बलरामपुर के कार्मिक तथा वर्ल्ड विजन के कार्यकर्ता एवं विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रही।

# एडीजी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

- तीसरे अमृत स्नान को लेकर रेलवे पुलिस की तैयारियों का लिया जायजा
- जीआरपी एवं आरपीएफ के शस्त्रागार एवं महिला हेल्थ लिस्ट कार्य का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी 29 जनवरी को महाकुम्भ में होने वाले तीसरे अमृत स्नान को लेकर रेलवे पुलिस की तैयारियां कैसी हैं इसका जायज़ा लेने आज एडीजी रेलवे प्रकाश डी यहां रायबरेली जंक्शन पहुंचे। यहां पहुँच कर उन्होंने यात्री सुरक्षा से जुड़े पहलुओं का बारीकी से जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने रायबरेली जीआरपी से जुड़े रेल अपराधों के नियंत्रण को लेकर संतोष जताते हुए कहा कि यहां बेहतर कार्य हो रहा है। एडीजी रेलवे के मुताबिक महाकुम्भ में तीसरे अमृत स्नान के दौरान यहां से 45 गाड़ियां गुज़रेंगी जिनमें लाखों की तादाद स्नानर्थियों की होगी। इन्ही स्नानर्थियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर आज यहां का निरीक्षण किया गया और अतिरिक्त निर्देश भी दिये गये। उन्होंने कहा कि इस दौरान महिला स्नानर्थियों को कोई परेशानी न हो इस लिये महिला डेस्क भी स्थापित की गई है। अमृत स्नान के दौरान इस रुट पर स्नानर्थियों की बड़ी तादाद को देखते हुए अतिरिक्त फ़ोर्स भी उपलब्ध कराई गई है।

**रायबरेली में अपराध नियंत्रण से संतुष्ट दिखे एडीजी:** इस रेलवे स्टेशन पर पांच प्लेटफार्म है जीआरपी का मुख्य काम है कि आरपीएफ के साथ मिलक यात्रियों की सुविधा, आने जाने वालों की सुविधा और ट्रेन में जो अपराध घटित होती है उसके ऊपर नियंत्रण करना है तो मुझे कहने में अपार खुशी है कि पूरे उत्तर प्रदेश में और विशेष तौर पर इस इलाका में अपराध में हम अंकुश लगाए हुए हैं और यात्रियों को हमारी जो जीआरपी के कर्मचारी आगे बढ़कर उनको जो भी समस्या है उसका समाधान भी करते हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में 65 जीआरपी के थाना है उन सभी थाना में हम लोगों ने रायबरेली में भी अतिरिक्त बल दिए हैं महिला हेल्पलाइन है ताकि सफर करने वाले यात्रियों में जो महिलाएं हैं उनको किसी प्रकार की कोई समस्या हो उसके तत्काल समाधान हो ।

### दबंगों ने शिक्षक पर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**सरेनी रायबरेली।** दबंग साढू ने ससुरालजनो के साथ मिलकर शिक्षक पर लोहे की राड से किया जानलेवा हमले के हमले में शिक्षक गंभीर रूप से हुआ घायल मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूसापुर गांव के पास का है। जहां प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शक्ति दत्त शुक्ला विद्यालय से घर जा रहे थे, तभी पारिवारिक विवाद के चलते शिक्षक पर लोहे की राड से हमला बोल दिया हमले में शिक्षक लहूलुहान हो गया, स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए भेज दिया गया, वही पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

- हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में दें अपना योगदानः सुरेश राही

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उप्र दिवस-2025 का आयोजन प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित किया गया।

इसी क्रम में जनपद में जीआईसी ग्राउंड में उप्र दिवस-2025 के जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 'विकास एवं विरासत पथ पर उत्तर प्रदेश' थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री (कारागार) उप्र सरकार सुरेश राही, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा जनपद रायबरेली पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें रायबरेली के ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया।

**जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्रः** इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, धनराशि के डमी चेक एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा यूपी बोर्ड कक्षा 10 व 12 की जनपद की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

**उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर बढ़ रहा आगेः मंत्री-** इस अवसर पर मंत्रीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हैं, उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का उद्देश्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत करना कि उत्तर प्रदेश ने विगत एक वर्षो में क्या उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश विकास व विरासत के पथ पर आगे बढ़ रहा है। 'उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश' बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज के आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो भी प्रस्तुति दी गयी वह संदेश देने वाली थी कि कैसे उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनेगा। बच्चों के अन्दर की प्रतिभा को निखारने के लिये मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसमें उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। आज स्कूलों में अच्छा माहौल है, मूलभूत सुविधाएं बेहतर है जिसमें बच्चों को गुत्ता पूर्ण शिक्षा मिल रही है। आइये हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपना योगदान दें।

### विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर 29 को

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के अशर्फाबाद ग्राम सभा के निवासी एवं महराजगंज ख़बर प्रेस क्लब महराजगंज के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि आगामी 29/01/2025 को अशर्फाबाद गाँव के हनुमान मंदिर पर सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा एक विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में कुशल चिकित्सकों द्वारा जहां आंखों की जांच की जायेगी वहीं जो मोतियाबिंद से पीड़ित मरीज मिलेगें उनका चित्रकूट में निशुल्क आपरेशन कर चश्मा भी निशुल्क दिया जायेगा इस बाबत जानकारी मिली कि डाक्टरों की टीम साथ में बस लेकर आयेगी जिससे मरीजों को चित्रकूट तक ले जाया जायेगा और आपरेशन होने के बाद उसी मरीजो को उसी स्थान तक पहुंचाया भी जायेगा इस पूरी चिकित्सा के दौरान किसी परिचारक की जरुरत नहीं होगी वहां अस्पताल में रहने खाने पीने समुचित व्यवस्था होगी। इस सुविधा का लाभ लेनें के लिए मरीजों को अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर साथ लाना होगा साथ ही जो मोतियाबिंद से पीड़ित रोगी हैं वह अपने जरूरत के कपड़े साथ लायें।इस बाबत यह भी जान कारी मिली यह नेक कार्य महान संत तुलसी पीठाधीश्वर जगदुरु रामभद्राचार्य जी महराज का न्यास करा रहा है। इस मौके पर महराजगंज खबर प्रेस क्लब के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला ने लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**डलमऊ रायबरेली।** खेतों में बकरी चले जाने से हुए फसल नुकसान की शिकायत पुलिस से करना महिला को भारी पड़ गया महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के ही तीन लोगों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने डलमऊ कोतवाली में घटना की तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे राना मजरे नरसवा गांव निवासी उर्मिला पत्नी होरीलाल ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को खेतों में बोई हरे चारे की फसल में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अपनी बकरी छोड़कर खेतों में बोई बरसीम को चरा लिया जिसकी शिकायत लेकर पुत्र वधू सरला उसके घर गई तो उसे गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे और चीख पुकार सुनकर दूसरी बहू वहां पर पहुंची तो परिवार के अन्य लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया।

# विशाल कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम दारीचौरा में आयोजित विशाल कुश्ती दंगल ने स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों के नामी पहलवानों ने अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खासतौर पर महिला पहलवानों के बीच हुए मुकाबलों ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया।

दंगल में गाजीपुर के मनोज कुमार पहलवान और बरेली जिले के सुरेंद्र कुमार पहलवान के बीच हुआ मुकाबला सबसे अधिक चर्चित रहा। दोनों पहलवानों ने अपनी ताकत और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह



कुश्ती काफी देर तक चली, जिसमें दोनों पहलवान एक-दूसरे को पराजित करने का भरपूर प्रयास करते रहे। अंततः बरेली के सुरेंद्र कुमार ने अपने दमखम से यह मुकाबला जीत लिया और विजेता घोषित हुए। महिला कुश्ती में प्रयागराज की पहलवान कल्याणी और नंदनी नगर गोण्डा की पहलवान शिवांगी के बीच हुए मुकाबले ने दर्शकों को उत्साहित किया। दोनों महिला पहलवानों ने बेहतरीन तकनीक और शक्ति का प्रदर्शन किया। लंबे और रोचक मुकाबले के बाद शिवांगी ने कल्याणी को हराकर विजय हासिल की। इस मुकाबले को देखने के लिए भारी संख्या में महिलाएं और युवतियां भी उपस्थित रहीं। दंगल का आयोजन ग्राम स्तर पर कुश्ती को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दंगल समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रियगुनायत ने किया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। दंगल में उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों के प्रति गहरी रुचि है। दंगल स्थल पर हर आयु वर्ग के लोग मौजूद रहे, जिनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल थे। स्थानीय निवासी राकेश तिवारी ने कहा, ÷इस तरह के आयोजन हमारे गांवों में खेल संस्कृति को जीवित रखने का बेहतरीन माध्यम हैं। दंगल के आयोजक ओम प्रकाश त्रियगुनायत ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में और बड़े स्तर पर ऐसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि क्षेत्रीय स्तर के पहलवानों को राष्ट्रीय मंच पर जाने का अवसर मिल सके। दारीचौरा में आयोजित यह दंगल न केवल कुश्ती प्रेमियों के लिए मनोरंजन का स्रोत बना, बल्कि खेल के महत्व को भी ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ावा दिया। इस आयोजन से क्षेत्रीय खेल संस्कृति को सशक्त करने का संदेश भी गया।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 141 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाज से सकुशल संपन्न

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद वलरामपुर में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मार्ग-दर्शन में विकास खण्ड परिसर गैसड़ी में दिनांक 23 जनवरी, 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड गैसड़ी के 59 जोड़ों, विकास खण्ड पचपेड़वा के 79 जोड़ों एवं नगर पंचायत पचपेड़वा के 02 जोड़ों व गैसड़ी के 01 जोड़ों कुल 141 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें बौद्ध धर्म के 12 जोड़ों, अल्पसंख्यक वर्ग के 20 जोड़े एवं अन्य वर्ग के 109 जोड़े सम्मिलित



हुए। विकास खण्ड परिसर गैसड़ी में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह शैलू पूर्व विधायक गैसड़ी, समस्त ब्लांक प्रमुख, अध्यक्ष, नगर पंचायत गैसड़ी, जनप्रतिनिधियों एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी गैसड़ी व पचपेड़वा एवं अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत गैसड़ी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 'नो हेलमेट, नो प्यूल की रणनीति लागू'

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल ने जनपद बलरामपुर में नो हेलमेट, नो प्यूल की रणनीति लागू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। हाल ही में हुई राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में सुधार हेतु जिलो में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गम्भीर चोटों को रोकने के लिए ठोस, दीर्घकालिक और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे प्राप्त करने लिए नवाचार और व्यवहार परिवर्तन पर केन्द्रित उपायों को अपनाना



अनिवार्य है। इस दिशा में, शहरी क्षेत्रों में 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' रणनीति एक निर्णायक कदम होगा। यह रणनीति न केवल हेलमेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उ.प्र. मोटरयान नियमावली, 1988 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य हैं। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि जनपद बलरामपुर में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामी आगामी दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे कि दिनांक 26 जनवरी, 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक/स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी.सी.टी.वी. कैमरा सदैव सक्रिया रहेंगे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी.सी.टी.वी. फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सकें।

## मुफ्त का चंदन

यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। नि:संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। लेकिन फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। दरअसल पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है। नि:संदेह, मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार-समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है। इसी तर्ज पर भाजपा महिला समृद्धि योजना लेकर आई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये सत्ता में आने पर दिये जाने का वायदा है। इस मुफ्त के खेल में अब कांग्रेस भी उतर गई है, जिसने सभी पात्र महिलाओं को 2,500 मासिक देने की घोषणा की है। भाजपा व कांग्रेस को लगता है कि आप की मुफ्त की राजनीति को मुफ्त के दांव से ही शिकस्त दी जा सकती है। निस्संदेह, हमारी आधी दुनिया की अर्थव्यवस्था में वह भूमिका तय नहीं हो पायी, जो 21वीं सदी में होनी चाहिए थी। हमारे वंचित समाज की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिया जाना तार्किक पहल है। लेकिन उन्हें स्वावलंबी बनाने की जरूरत है न कि याचक के रूप में मुफ्त की आर्थिक सहायता देने की। इससे न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है बल्कि मुफ्त की लत भी बढ़ती है। अर्थशास्त्रियों की राय से सहमत हुआ जा सकता है कि प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद राजकोषीय स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। जो कालांतर दीर्घकालीन विकास के लिये घातक साबित हो सकता है। निश्चित रूप से भारत के चुनाव आयोग को इस गंभीर मुद्दे पर पहल कर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाने और राजकोषीय स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में पहल करनी चाहिए। सही मायनो में मुफ्तखोरी की संस्कृति भारतीय लोकतंत्र का मजाक ही है।

# आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की मजबूती

**भारत वर्तमान में 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में रक्षा निर्यात के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया पहले से तीसरे स्थान पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है। प्रमुख सरकारी पहल हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने देश की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी परियोजनाएँ शुरू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण में सुधार करना और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमाओं को उदार बनाने से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने तक, ये कदम भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। निम्नलिखित बिंदु उन महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों का सारांश देते हैं जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

*पंकज जगन्नाथ जयस्वाल*

हमारा राष्ट्र पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन जैसे दुश्मनों से घिरा हुआ है, जो सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संचालन के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके हमारे महान राष्ट्र को कमजोर करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों में उग्रवादी नक्सलियों को विकसित कर रहे हैं, विभिन्न राज्यों में अशांति पैदा करने के लिए बौद्धिक शहरी नक्सलियों को भी विकसित कर रहे हैं। हम पहले से जानते हैं कि यदि कोई देश सैन्य रूप से कमजोर है और उसके पास मजबूत हथियार, आयुध और गोला-बारूद की कमी है तो अन्य देश स्थिति का लाभ उठाएँगे, जैसा कि हमने 2014 से पहले देखा है। मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। आईए देखें कि हमारी रक्षा स्थिति सैन्य और वित्तीय दोनों रूप से कैसे बदल गई।

रक्षा में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत का समर्पण एक प्रमुख हथियार आयातक से स्वदेशी निर्माण के उभरते केंद्र में इसके परिवर्तन से प्रदर्शित होता है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक सरकारी नीतियों द्वारा संचालित घरेलू रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की। पहले अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला भारत अब अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर विनिर्माण को प्राथमिकता देता है, जो राष्ट्रीय लचीलापन सुधारने और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने की उसकी महत्वाकांक्षा की पुष्टि करता है।

**भारत के रक्षा उत्पादन में वृद्धि:-** वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन को जाता है। डीपीएसयू, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी कंपनियों के




आंकड़ों के अनुसार, रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपये से 174% बढ़कर 1,27,265 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐतिहासिक रूप से, भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, जिसमें लगभग 65-70% रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। हालाँकि, माहौल काफी बदल गया है, अब 65% से अधिक रक्षा उपकरण भारत में बनाए जाते हैं। यह परिवर्तन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इसके रक्षा औद्योगिक आधार की ताकत को उजागर करता है, जिसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (DPSU), 430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियाँ और लगभग 16,000 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से इस उत्पादन का 21त्न निजी क्षेत्र से आता है, जो भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को बढ़ावा देता है। धनुष आर्टिलरी गन सिस्टम, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस), मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, पनडुब्बियां, फ्रिगेट, कोरवेट और हाल ही में कमीशन किए गए आईएनएस विक्रांत जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफॉर्म मेक इन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में विकसित किए गए हैं, जो भारत की बढ़ती रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। वार्षिक रक्षा उत्पादन रु. 1.27 लाख करोड़ से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में रु. 1.75 लाख करोड़ को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर रु. 3 लाख करोड़ करना है, जिससे वह खुद को दुनिया भर में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सके। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में रु. 686 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में रु. 21,083 करोड़ हो गया है, यह उपलब्धि सरकार द्वारा किए गए प्रभावी नीतिगत सुधारों, पहलों और व्यापार करने में आसानी में सुधार का परिणाम है, जिसका लक्ष्य रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में 32.5% की वृद्धि हुई, जो रु. 15,920 करोड़ थी। भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में उन्नत रक्षात्मक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट, डोर्नियर (Do-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, त्वरित इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो। एक उल्लेखनीय विशेषता रूसी सेना के उपकरणों में मेड इन बिहार बूटों को शामिल करना है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही देश के मजबूत विनिर्माण मानकों को भी प्रदर्शित करता है।

भारत वर्तमान में 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में रक्षा निर्यात के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया पहले से तीसरे स्थान पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है। प्रमुख सरकारी पहल हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने देश की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी परियोजनाएँ शुरू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण में सुधार करना और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमाओं को उदार बनाने से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने तक, ये कदम भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

निम्नलिखित बिंदु उन महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों का सारांश देते हैं जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**उदारीकृत FDI नीति :-** 2020 में, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा को नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74% तक बढ़ा दिया गया था और आधुनिक तकनीकों तक पहुँच की उम्मीद करने वालों के लिए सरकारी मार्ग के माध्यम से 100% तक बढ़ा दिया गया था। 9 फरवरी, 2024 तक, रक्षा फर्मों ने रु. 5,077 करोड़ का एफडीआई घोषित किया है। रक्षा मंत्रालय का 2024-25 के लिए बजट आवंटन रु. 6,21,940.85 करोड़ है, जो कि मौजूदा बजट सत्र के दौरान संसद में पेश की गई अनुदान मांग का हिस्सा है।

**घरेलू खरीद को प्राथमिकता :-** रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी)-2020 घरेलू स्रोतों से पूंजीगत उत्पादों की खरीद पर जोर देती है।

**सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियाँ :-** सेवाओं की कुल 509 वस्तुओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) से 5,012 वस्तुओं की पाँच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना, निर्दिष्ट समय सीमा के बाद आयात पर प्रतिबंध के साथ तैयार की गई है।

**सरलीकृत लाइसेंस प्रक्रिया :-** औद्योगिक लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लंबी वैधता अवधि प्रदान करना। निष्कर्ष रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत का मार्ग आयात पर निर्भरता से आत्मनिर्भर विनिर्माण केंद्र बनने की ओर एक क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाता है। घरेलू उत्पादन और निर्यात में रिकॉर्ड परिणाम राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और मजबूत रक्षा उपायों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

रणनीतिक नीतियों के साथ, स्वदेशीकरण पर बढ़ते जोर और एक संपन्न रक्षा औद्योगिक आधार के साथ, भारत न केवल अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है बल्कि वैश्विक हथियार बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए भी तैयार है। भविष्य के उत्पादन और निर्यात के लिए स्थापित किए गए ऊंचे लक्ष्य दुनिया भर में एक भरोसेमंद रक्षा भागीदार के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। भारत जैसे-जैसे उद्योगों में नवाचार और सहयोग करना जारी रखता है, वह वैश्विक रक्षा विनिर्माण में मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की राह पर है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# विकसित भारत 2047 के लिए कृषि सुधारों में व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक

*प्रियंका सौरभ*

1965 की एमएसपी व्यवस्था, जिसने मूल्य स्थिरता की गारंटी दी थी, तब से लेकर आज बाज़ार एकीकरण, स्थिरता और कल्याण की जटिल समस्याओं से निपटने तक भारत के कृषि सुधारों में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। एमएसपी में बदलाव और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के बारे में हाल की चर्चाएँ कल्याण और अर्थशास्त्र के बीच संतुलन बनाने के प्रयासों को दर्शाती हैं। फिर भी, विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए टिकाऊ कृषि को आगे बढ़ाना आवश्यक है। चावल और गेहूँ के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके, खाद्यान्न की कमी को कम करने के लिए एमएसपी प्रणाली लागू की गई थी। उदाहरण के लिए, 1966 में मैक्सिकन गेहूँ की किस्मों का आयात करके, भारत ने हरित क्रांति की शुरुआत की, जो चावल और गेहूँ के लिए गारंटीकृत एमएसपी पर निर्भर थी। राजनीतिक दबावों के कारण अंततः अधिक फसलों को कवर करने के लिए एमएसपी का विस्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असंतुलन हुआ।

एमएसपी और मुफ्त बिजली ने पंजाब और हरियाणा को चावल पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा है और भूजल कम हो गया है। विशेष रूप से चावल और गेहूँ के लिए, प्रणाली खुली खरीद में बदल गई, जिसके कारण अक्षमताएँ और अधिशेष सूची बन गई। भारतीय खाद्य निगम के पास चावल का भंडार बफर आवश्यकताओं से लगभग तीन गुना अधिक है, जिससे बर्बादी और भंडारण की समस्याएँ पैदा होती हैं। बिजली, उर्वरक और सिंचाई सब्सिडी की शुरूआत ने किसानों की लागत कम की, लेकिन पर्यावरण को नुक़सान पहुँचाया और मिट्टी को खराब किया। पंजाब में ट्यूबवेल के लिए मुफ़्त बिजली देने से भूजल स्तर में ख़तरनाक गिरावट आई है। प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण और डिजिटल लाभार्थी रिकॉर्ड हाल के सुधारों के दो उदाहरण हैं जो दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण पर ज़ोर देते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि बिचौलियों को ख़त्म करती है और किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता देकर लक्षित लाभ वितरण सुनिश्चित करती है।

मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और भूजल की कमी को कम करने के लिए, किसानों को गेहूँ और चावल जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों से दलहन, तिलहन और बाजरा उगाने के लिए प्रोत्साहित करें। ओडिशा बाजरा मिशन बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करता है, जो पानी की अधिक खपत वाली धान की खेती के उपयोग को कम करते हुए मिट्टी की गुणवत्ता और आय में सुधार करता है। किसानों को उचित मूल्य मिले और विशेष फसलों के अधिक उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए एमएसपी के स्थान पर मूल्य कमी भुगतान योजनाओं का उपयोग किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश में, किसानों को भावांतर भुगतान योजना के माध्यम से बाज़ार मूल्य घाटे के लिए मुआवजा मिलता है, जो बाज़ार की गतिशीलता को बदले बिना आय स्थिरता बनाए रखता है। ड्रिप सिंचाई और जैविक खेती जैसी पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, उर्वरक और बिजली सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना। पीएम-कुसुम कार्यक्रम सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंपों को प्रोत्साहित करता है, जो सरकारी सब्सिडी वाली बिजली और भूजल निष्कर्षण पर निर्भरता को कम करता है।



किसानों को फ़सल चयन, मृदा स्वास्थ्य और जल उपयोग के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करें ताकि संसाधनों को संधारणीय तरीके से अधिकतम किया जा सके। तमिलनाडु में कीटनाशकों को छिड़कने के लिए ड्रोन का उपयोग करने से प्रभावशीलता और पर्यावरण सुरक्षा की गारंटी के साथ-साथ बर्बादी कम होती है। कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और जल्दी खराब होने वाले सामानों के लिए समान मूल्य निर्धारण की गारंटी के लिए प्रभावी कोल्ड स्टोरेज सुविधाएँ और मूल्य श्रृंखलाएँ बनाएँ। मजबूत आपूर्ति और भंडारण नेटवर्क स्थापित करके, ऑपरेशन ग्रीन्स आलू, टमाटर और प्याज की कीमतों को स्थिर करना चाहता है। समान वितरण सुनिश्चित करने और संसाधनों की बर्बादी को कम करने के लिए, किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को इनपुट सब्सिडी की जगह लेनी चाहिए। उर्वरक वितरण में डीबीटी डायवर्जन को रोककर यह गारंटी देता है कि सब्सिडी योग्य किसानों को प्रभावी ढंग से वितरित की जाती है। उत्पादकता बढ़ाने वाले तरीकों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए छोटे किसानों और बटाईदारों को खुली, विनियमित भूमि पट्टे पर देने की अनुमति देना है। आंध्र प्रदेश की भूमि पट्टा नीति किरायेदार किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे उन्हें लाभ और संस्थागत ऋण तक पहुँच आसान हो जाती है।

बाज़ार की पहुँच बढ़ाने और बर्बादी को कम करने के लिए भंडारण सुविधाओं, सिंचाई प्रणालियों और ग्रामीण सड़कों पर सार्वजनिक ख़र्च को बढ़ावा दें। शुष्क क्षेत्रों में, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने सिंचाई कवरेज और जल उपयोग दक्षता में सुधार किया है। जलवायु परिवर्तन से निपटने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए, कृषि वानिकी और सूखा प्रतिरोधी किस्मों के विकास का समर्थन करें। किसानों को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करके, पंजाब की कृषि वानिकी नीति जैव विविधता को बढ़ाती है और कार्बन फुटप्रिंट को कम करती है। टिकाऊ खेती के तरीके बनाने और विस्तार सेवाओं के माध्यम से सूचना साझा करने की गारंटी देने के लिए कृषि-आरएंडडी खर्च को बढ़ावा दें। क्योंकि यह खर्च कम करता है और मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाता है, इसलिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा शून्य-जुताई खेती को प्रोत्साहित किया जाता है।

विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए कृषि सुधारों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है जो कल्याणकारी उपायों को बाजार-संचालित तंत्रों के साथ जोड़ता है। भारत एक ऐसे कृषि क्षेत्र की गारंटी दे सकता है जो समावेशी, लचीला और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ हो, किसानों को सशक्त बनाए और देश के भविष्य की रक्षा करे, इसके लिए प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान अपनाए जाएँ, टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाए और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## गणतंत्र दिवस है न्यारा...!

**संजय एम तराणेकर**

आओ फिर लहरायें तिरंगा प्यारा,
अपना ये गणतंत्र दिवस है न्यारा।
छहत्तरवॉ 'गणतंत्र' खुशी मनाये,
उन शहीदों पर श्रद्धा सुमन चढ़ायें।
1950 को अपना गणतंत्र लागू हुआ,
पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद!
झंडा फहराया और दे दी सौगात।

आओ फिर लहरायें तिरंगा प्यारा,
अपना ये गणतंत्र दिवस है न्यारा।
ये वहीं ऐतिहासिक था पल हमारा,
जिससे गौरवान्वित था भारत सारा।
ये विश्व का हैं सबसे बड़ा संविधान,
आज भारत में हैं लोकतंत्र ही महान!
देश में होते रहते है कई अनुसंधान।

आओ फिर लहरायें तिरंगा प्यारा,
अपना ये गणतंत्र दिवस है न्यारा।
समरसता, विश्वशांति की ये धरा,
प्रगतिपथ व मानवता पर है खरा।
तन, मन, धन हुआ है सब पावन,
आओं करें सभी शहीदों को नमन।



## राशिफल

**मेष:-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**वृषभ:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अत: इसे व्यर्थ न गवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** परम्पराओं व संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्क:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धों का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्या:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुला:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृश्चिक:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**धनु:-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करे।

**मकर:-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। किसी नई दिशा में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कार्य में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा। कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**मीन:-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति की अमेरिका फर्स्ट नीति भारत को कई तरह से प्रभावित करेगी

*के रवींद्रन*

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी टैरिफमैन छवि को स्थापित करने में कोई समय नहीं गंवाया, जिसका वे भरपूर आनंद लेते दिख रहे हैं। उनकी पहली घोषणाओं में से एक मेक्सिको और केनेडा पर 25 प्रतिशत टैरिफलगाना था। उनके बहुचर्चित अमेरिका फर्स्ट दृष्टिकोण का मतलब है कि यह एक विस्तृत सूची होगी, जिसमें चीन और यूरोपीय संघ के देश अगले निशाने पर होंगे। भारत भी इस सूची में प्रमुखता से शामिल था। कुल मिलाकर, उत्साहित ट्रम्प वैश्विक व्यापार को अस्थिर करने के लिए तैयार हैं, और यह भारत जैसे देशों के लिए अच्छी खबर नहीं है। हालांकि केनेडा और मेक्सिको के खिलाफआक्रामक टैरिफका केवल एकतरफा प्रभाव होने की संभावना नहीं है। इसका अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा। मेक्सिको और केनेडा मिलकर अमेरिका के सभी आयातों का 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। अमेरिका ने पिछले साल कारों से लेकर किराने के सामान तक मेक्सिको से 475 अरब डॉलर और केनेडा से 418 अरब डॉलर का सामान आयात किया। अमेरिका ने पिछले साल केनेडा को 354अरब डॉलर और मेक्सिको को 322 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया। इसलिए, टैरिफयुद्ध के दोनों पक्षों के लिए गंभीर परिणाम होंगे और इसका मतलब दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए उच्च कीमतें होंगी। नये अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि उनकी श्पहले अमेरिकाश् नीति डॉलर के लिए किसी भी कथित चुनौती को बर्दाश्त नहीं करेगी। यह भारत के लिए बहुत अधिक चिंताजनक नहीं हो सकता है, क्योंकि हम डॉलर को डिफॉल्ट वैश्विक मुद्रा के रूप में वापस देखने की किसी भी पहल का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन ऐसे अन्य तरीके भी हैं जिनसे भारत और भारतीयों को नुकसान होगा। राष्ट्रपति ट्रम्प सभी गैर-नियमित आप्रवासियों को विदेशी दुश्मन मानते हैं और उनमें भारतीय भी बहुत महत्वपूर्ण तरीके से शामिल हैं। भारत, हालांकि टैरिफके शुरुआती दौर से सीधे तौर पर लक्षित नहीं है, लेकिन इस संरक्षणवादी लहर के नतीजों से अछूता नहीं है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की परस्पर जुड़ी प्रकृति का मतलब है कि एक क्षेत्र में व्यवधान का अन्यत्र भी व्यापक प्रभाव हो सकता है। भारत के लिए, संभावित नतीजे बहुआयामी हैं। ट्रंप की व्यापक आर्थिक नीतियां भारत को कई तरह से प्रभावित कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, संरक्षणवादी रुख वैश्विक व्यापार की मात्रा को कम कर सकता है, जिससे भारत के निर्यात-संचालित क्षेत्रों पर असर पड़ सकता है। भारत के लिए सबसे तात्कालिक चिंताओं में से एक आव्रजन नीति के क्षेत्र में है। ट्रंप के प्रशासन ने लगातार आव्रजन पर सख्त रुख अपनाया है, गैर-नियमित आप्रवासियों को विरोधी करार दिया है। इस बयानबाजी और साथ ही नीतिगत बदलावों से संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने और काम करने वाले अनुमानित 7, 25,000 भारतीयों पर असर पड़ने की उम्मीद है। इनमें से कई व्यक्ति प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कुशल आप्रवासी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। आव्रजन नीतियों में कोई भी प्रतिबंधात्मक परिवर्तन, जैसे कि सख्त एच-1बी वीजा नियम, प्रतिभा और नवाचार के प्रवाह को बाधित कर सकते हैं, जिससे भारत और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों को नुकसान हो सकता है। आव्रजन



से परे, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार में अतिरिक्त चुनौतियां हैं, खासकर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में। अमेरिका लंबे समय से भारतीय आईटी सेवाओं और प्रौद्योगिकी निर्यात के लिए एक प्रमुख गंतव्य रहा है। हालांकि, डेटा सुरक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकारों और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के बारे में बढ़ती चिंताओं ने इस रिश्ते को तनावपूर्ण बना दिया है। अमेरिकी नीति निर्माताओं ने अक्सर भारतीय फर्मों पर अमेरिकी बाजार तक पहुंच से अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया है, जबकि भारत में अमेरिकी कंपनियों के लिए बाधाएं लगाई हैं। इन शिकायतों ने व्यापार संबंधों में अधिक पारस्परिकता की मांग की है, जिससे द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी संभावित रूप से जटिल हो सकती है। चिंता का एक और क्षेत्र अमेरिका को भारतीय दवा निर्यात की बढ़ती जांच की संभावना है। भारत अमेरिकी बाजार में जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है, जो लाखों लोगों को किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन का निष्पक्ष व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने से भारतीय फार्मास्यूटिकल्स पर सख्त विनियामक आवश्यकताएं और उच्च टैरिफहो सकते हैं, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ सकती है और भारतीय फर्मों की प्रतिस्पर्धात्मकता को खतरा हो सकता है। कृषि भी एक विवादास्पद मुद्दा है। अमेरिका ने अक्सर भारत की कृषि सब्सिडी और व्यापार नीतियों की आलोचना की है, यह तर्क देते हुए कि वे वैश्विक बाजारों को विकृत करते हैं। इसके विपरीत, भारत ने अपने घरेलू किसानों की सुरक्षा की आवश्यकता का हवाला देते हुए अपने कृषि बाजारों तक अधिक पहुंच की अमेरिकी मांगों का विरोध किया है। यह गतिरोध दो अलग-अलग अर्थव्यवस्थाओं के आर्थिक हितों को समेटने की व्यापक चुनौतियों को दर्शाता है। ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भी चुनौतियां पेश करती है। अमेरिका भारत के स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों में बदलाव के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार रहा है, जो सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में प्रौद्योगिकी और निवेश प्रदान करता है। हालांकि, आयातित सौर पैनलों पर टैरिफजैसे संरक्षणवादी उपाय भारतीय अक्षय ऊर्जा पहलों की लागत बढ़ा सकते हैं, जिससे देश की जलवायु लक्ष्यों की ओर प्रगति धीमी हो सकती है। ट्रंप की टैरिफ-केंद्रित नीति की अस्थिर करने वाली क्षमता के कारण वैश्विक आर्थिक स्थिरता की रक्षा के लिए अधिक बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। संरक्षणवाद कुछ घरेलू उद्योगों के लिए अल्पकालिक लाभ प्रदान कर सकता है, लेकिन यह मुक्त व्यापार के व्यापक सिद्धांतों को कमजोर करने का जोखिम उठाता है जिसने दशकों से वैश्विक आर्थिक विकास को गति दी है। भारत जैसे देशों का हित तो इन नीतियों के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के साथ-साथ अपने स्वयं के आर्थिक आधार को मजबूत करने के अवसरों का लाभ उठाने में निहित है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के कसे पेंच

▶ कहा- लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला योजना एवं कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग रामकेश निषाद जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कई अफसरों के पेंच कसे कहा कि किसी भी हालत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

कहा कि जनता की समस्याओं का जनपद स्तर जमीनी स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो इस पर मुख्यमंत्री जी का विशेष ध्यान है अतः जन समस्याओं का प्रभावी ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा विकास कार्य गांव-गांव तक पहुंचे इसके लिए प्रभावी ढंग से कार्य किए जाएं। तहसील ब्लाक थाने स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उनका पूरी ऊर्जा के साथ एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। विकास कार्यों के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मंत्रीजी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंशों का गौशालाओं में अच्छे ढंग से संरक्षण किया जाए। वहीं यूपी स्थापना दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री ने चौरादेवी प्रांगण में लगे स्टालों को देखा। इस दौरान राज्यसभा सांसद श्री बाबूराम निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति, डीएम घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर कुलदीप निषाद सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रणजीत सिंह बॉलीबाल प्रतियोगिता में इचौली ने गोयरा को हरा फाइनल जीता

इचौली (हमीरपुर)। क्षेत्र चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज में चल रहे इचौली महोत्सव में आयोजित चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल गोयरा और बरौर के बीच खेला गया गोयरा ने बरौर को 5-3 से हरा फाइनल में जगह बनाई वही दूसरे सेमीफाइनल में इचौली व बाँदा के बीच खेला गया जिसमे इचौली ने बाँदा को 3-1से हराकर फाइनल में जगह बनाई इसके बाद इचौली और गोयरा के बीच खेला गया जिसमे इचौली ने गोयरा 3-1 से हरा कर ट्राफी में कब्जा किया। पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कहा कि बुन्देलखण्ड में प्रतिभाओ की कमी नहीं है जरूरत है तो उनको निखारने की फाइनल विजेता टीम को पूर्व एमएलसी जयवंत सिंह ने पुरस्कार भेंट किए। निर्णायक मण्डल वॉलीबाल के रेफरी बीडी यादव, श्रीकृष्ण सिंह तथा स्कोर शिवकुमार साहू मानस शुक्ला कमेंट्रेटर सुभाष शुक्ला ब्रजेशकुमार कि सराहनीय कार्य रहा। इस मौके पर राजकुमार शर्मा नोयडा, शबल सिंह, रणवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह नन्ना, प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, शिवकुमार गुप्ता, ऋषिराज सिंह, रविकरण सिंह सहित सैकड़ों दर्शकों मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिला सहित दो की मौत

▶ मृतक महिला के पिता ने ससुरालियों पर षड्यंत्र के तहत ट्रैक्टर पलटवा कर पुत्री की हत्या करने का लगाया आरोप



**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के अचानक अनियंत्रित होकर पलटने से ट्रॉली में सवार दो लोगों ट्रॉली में दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। जरिया थाना क्षेत्र के दाँदौ गांव निवासी 54 वर्षीय बालचंद गांव के शैलेंद्र कुमार के ट्रैक्टर-ट्रॉली में अपनी गेहूं और मूंगफली की फसल बेचने के लिए राठ की नवीन गल्ला मंडी में आया हुआ था। कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड के पास दाँदौ गांव निवासी 27 वर्षीय रामकुमारी पत्नी ज्ञानसिंह अपने मायके ग्राम अटकौंहा से वापस अपनी ससुराल ग्राम दाँदौ जाने के लिए उसी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जाकर बैठ गई। वापस अपने गांव लौटने के दौरान रास्ते में खेड़ा शिलाजीत गांव के पास अचानक तेज रफ्तार टैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर की ट्रॉली में सवार किसान बालचन्द और महिला रामकुमारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं मृतक महिला रामकुमारी के पिता राजेंद्र ने ससुरालीजनों पर पुत्री को ठीक से न रखने एवं आए दिन उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए साजिश के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉली को पलटाकर पुत्री रामकुमारी की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## सीएचसी में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में कार्यक्रम आयोजित किए गये । सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिंह राजपूत ने कहां इस दिन को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों को बढ़ावा देना और लैंगिक भेदभाव को खत्म करना है इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है इसका उद्देश्य बालिकाओं को महत्व देने वाला एक सकारात्मक वातावरण के निर्माण में पूरे राष्ट्र को शामिल करना है इसके साथ ही यह दिवस देश भर में बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए समाज में सुरक्षित माहौल बनाने की जरूरत की याद दिलाता है। जयश्री अरजरिया (बीपीएम) बताया दुनिया भर में हर दिन बालिकाएं एक ऐसे विजन की दिशा में काम कर रही है जिस में वे सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त हो, जब लड़कियां नेतृत्व करती है तो इसका प्रभाव तत्काल और व्यापक होता है परिवार समुदाय और अर्थव्यवस्थाएं सभी मजबूत होती है। एएनएम छात्राओ द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के साथ गोष्ठी की। इस मौके पर डॉ. पीके सिंह राजपूत, डॉ. रोहित, जयश्री अरजरिया बीपीएम, वीरेन्द्र युनिसेफ व एएनएम कालेज की छात्राएं उपस्थिति रही।

## चार घरों से लाखों की नकदी व जेवर चोरी

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली के स्यावरी गांव में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया है। चोर घर घरों से सोने चांदी के जेवरात व लाखों की नकदी चोरी करके ले गए हैं। स्यावरी गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि रात्रि में चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। अलमारी में रखे सोने के वाला सोने की हाय सहित ढाई सौ ग्राम चांदी के आभूषण व एक लाख रुपए की नकदी चोर चोरी करके ले गए। गोविंदास ने बताया कि उसके घर से बक्से में रखी दो हाफपेटी, सोने के टाक्स, तीन जोड़ी पायल, बिंदिया, छह जोड़ी मीना और बीस हजार रुपए चोरी करके ले गए। वहीं चोरों ने अमरजू पासवान और फूलवती पत्नी रामनाथ के घर को निशाना बनाया है। दोनों घरों के स्वजन बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। जिससे घरों के समान की जानकारी नहीं हो सकी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मौके पर दरोगा को जांच के लिए भेजा है। जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

## मंत्री व डीएम ने विभिन्न विभागों की योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



24 जनवरी 2025 उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उनमूलन विभाग उत्तर प्रदेश राकेश कुमार राठौर गुरु एवम जिलाधिकारी मृदुल चौधरी नें कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। विभिन्न विभागों द्वारा यूपी दिवस में लगाए गए सभी स्टालों का माननीय राज्य मंत्री, जिलाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने सभी स्टालों का बारी-बारी से अवलोकन किया तथा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विभागों के कर्मचारियों के द्वारा अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्राम काली पहाड़ी के कृषक गुलाब वर्मा को मैंकेजनेशन योजना के अंतर्गत माननीय राज्य मंत्रीजी के द्वारा कृषक को ट्रैक्टर की चाबी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा प्रशस्ति पत्र लाभार्थियों को दिए गए ।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अपने उद्बोधन में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ नारा के तहत सभी बच्चियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने माता-पिता से यह बोले हमें पढ़ने का अधिकार है और हमें अपने बारे में सोचने का भी अधिकार है। युवा ही हमारे देश की शक्ति है और उन्होंने कहा कि कल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज करायें और अपने मत का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और अपने आस-पास पड़ोस के लोगों को अपनी मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें, जिससे हमारे महोबा जनपद का वोटर प्रतिशत बढ़ सके जो हमारा संकल्प है 2047 तक महोबा व उत्तर प्रदेश को कैसे विकसित प्रदेश बनाया जाए, इसके बारे में जरूर सोचें और महोबा जनपद को एक विकसित जनपद बनाने में अपना सहयोग जरुर प्रदान करें। माननीय मंत्रीजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी दिवस को बेहतर से बेहतर कैसे बनाएं इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा हम सभी लोग प्रयास करेंगे और आने वाले समय में यूपी दिवस को और भव्य रूप में मनाने का प्रयास करेंगे और कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है अपने माता-पिता व गुरु की बात मानकर आगे बढ़े आपका भविष्य उज्जवल होगा। श्री अन्न के बारे में हमारे कृषक बंधु जागरूक हो रहे हैं और श्री अन्न मैं बहुत अच्छा अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी पूरी स्वच्छता के साथ पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ गरीब कल्याण के लिए योजना चला रहे हैं। दोनों सरकार की मंशा है कि जब तक देश का एक-एक नागरिक विकसित नहीं होगा एक-एक नगर, एक-एक जिला विकसित नहीं होगा तब तक हमारा देश विकसित नहीं होगा।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन |
| 04664 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा जं., बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 08251 | रायगढ़ | 14:00 | वाराणसी जं., | 10:00 | चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | एमजीआर चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गूडूर जं. स्टेशन |
| 05286 | झूँसी | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फरपुर जं., ढोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढोली, मुज़फ़्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |

**दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला एवं रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04663 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोजपुर कैंट जं. | 16:45 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धूरी जं., बठिण्डा जं., कोट कपूरा जं. एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. के स्टेशन |
| 07702 | आज़मगढ़ | 19:45 | गुंटूर जं. | 09:00 | शाहगंज जं., बनारस, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर, चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 05296 | झूँसी | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर | 18:00 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें ।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सभी धर्मों का सार है इंसानियत : पूर्व डीजीपी

▸ रेडक्रॉस के तत्वावधान में बालिका दिवस पर हुआ महिला सम्मान, जरूरतमन्दों को वितरित किए गए कम्बल व हाइजेनिक किट



### इंसानियत की शिक्षा देता है सभी धर्मों का सार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी रिजवान अहमद ने कहा कि हमारे देश की गौरवमयी परम्परा रही है, सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्त निरामय की विरासत के साथ सभी धर्मों का सार इंसानियत की शिक्षा है, जिसे आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी हमारे युवाओं के कन्धों पर है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के राज्य प्रतिनिधि चाचा अमीर हैदर ने अपने गांव मित्तई में विरासत देखने को मिल रही है। उन्होंने ने आगे कहा कि आज कल अच्छे इंसान नही मिलते नही हैं, रेडक्रॉस जैसे संगठन के सेवा सहायता कार्यक्रम से जुड़कर अच्छे इंसान बन सकते हैं। पूर्व डीजीपी ने अमीर हैदर के योगदानों और उनकी दिवंगत बहू व बेगम की याद में किये जा रहे शिक्षा, सहायता के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमीर हैदर के प्रयास से गांव में पोस्ट ऑफिस, बैंक, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत सचिवालय, डॉ. अम्बेडकर पार्क उपलब्ध है, गांव में किसी प्रकार की मुकदमेबाजी नहीं है। मेरा प्रयास होगा कि मित्ताई गांव में पुलिस चौकी की भी स्थापना करवाऊं।

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में देवा के मित्तई गांव में बालिका दिवस एवं महिला सम्मान समारोह व जरूरतमन्दों को कम्बल एवं हाइजेनिक किट वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सिटीजन फोरम के चेयरमैन अरशद आज़मी ने कहा कि चाचा अमीर हैदर की बेगम और बहू को ऊपर वाले ने अपने पास बुला लिया, उनकी याद में आज महिला दिवस के रूप में यह सहायता का कार्य किया जा रहा है। अमीर हैदर के मकान का हिस्सा गिरने और उसके नीचे अमीर हैदर जी की बेगम व बहू के दबने से इंतकाल होने के मंजर को बताते हुए कहा कि चाचा अमीर हैदर बहुत कष्ट झेला फिर भी हौसला नही छोड़ा। उन्होंने हौसले को सलाम करते हुए कहा कि हजारो साल नरगिस अपनी बेनूरी पर रोती है,बड़ी मुश्किल से होता दीदारे चमन में। इंकलाब के सम्पादक कलाम खान ने कहा कि मुझे खुशी है चाचा अमीर हैदर के प्रयास से मित्तई गांव सबसे पहले आदर्श गांव घोषित हुआ, उनका प्रयास यहां सार्थक रूप से देखने को मिल रहा है। इससे पूर्व अमीर हैदर ने अतिथियों का स्वागत किया और गांव विकास के लिए कई समस्याओं को उठाया और मांग किया कि हमारे गांव का आदर्श विकास हो। उन्होंने बताया कि गांव में लड़कियों की शिक्षा के लिए सवसे पहले पहल की थी, गांव में पढ़ाने के लिए टीचर नियुक्त कराया गया और पढ़ने के लिए गांव में लड़कियों का नाम लिखाया गया। इस मुहिम में हमारी बेगम साथ दे रही थी, उनकी याद में हम गांव के लिए जो कुछ कर सकते हैं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में कोई मुकदमा नही है। हमारी बेगम और बहू का एक दुर्घटना में निधन हो जाने के बाद हमारा हौसला टूट गया था। रेडक्रॉस के हौसले से मेरा हौसला बढ़ा है और आज हम अपनी बहू व बेगम की याद में शिक्षा के साथ ही लोगों की सहायता के कार्य कर रहे हैं। अमीर हैदर ने गांव की महत्वपूर्ण समस्याओं को इंगित किया और मुख्य अतिथि से मांग किया कि समस्याओं का निस्तारण कराने में मेरा सहयोग करें। जीजीआईसी देवा की प्रधानाचार्या डॉ सुविद्या वत्स ने कहा अमीर हैदर के प्रयासों की सराहना की और उनके द्वारा मनाए जा रहे महिला दिवस पर कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने कहा था कि देश की तरक्की का पैमाना महिलाओं और बच्चों के रहन सहन उनकी शिक्षा व आत्मनिर्भरता से आंकी जाती है, चाचा अमीर हैदर इसे चरितार्थ कर रहे हैं जिसका उदाहरण है उनकी पढ़ाई पूजा जैसे बालिकाएं आज फौजदारी की अधिवक्ता हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस का ध्येय पीड़ित मानवता की सहायता करना है, इस ध्येय के लिए हम और हमारे रेडक्रॉस के साथी सदैव तत्पर हैं। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान ने की और सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इससे पूर्व अतिथियों ने चाचा अमीर हैदर की बाग में खाली हिस्से में पौधरोपण किया। इस मौके पर पर शाहिस्ता अख्तर, अधिवक्ता पूजा मौर्य, डॉ सुविद्या वत्स सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। तथा 250 जरूरतमन्दों को कम्बल, हाइजेनिक किट व स्कूल के लिए पल्स ऑक्सिमिटर सहित जरूरत के सामान वितरित किये गए। इस मौके पर रेडक्रॉस की स्मारिका अतिथियों को भेंट की गई। समाजसेवी रत्नेश कुमार, अफजाल, शैलेश मौर्य, रेडक्रॉस कार्यालय सहायक बृजेश कुमार, राजकीय हाई स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न, 2025- 26 के लिए प्राप्त किये गए प्रस्ताव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख कांति देवी के अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह ने कहा कि देश के विकास का रास्ता गांव से ही निकलता है।



सुनील सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मौजूद अन्य सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 25 में कराए गए कार्यों की पुष्टि बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा किया गया एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना हेतु क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्ताव प्राप्त भी किए गए। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह अवर अभियंता आशुतोष पाल पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख गोमती यादव प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद शरण जायसवाल हुआ समस्त ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ऐचना वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | ऐचना | बराय रोड से विजयपाल के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.95 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी इंटरलाक सरिया आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्ते**- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमलखेड़ा वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | कमलखेड़ा | गोकुलपाल के घर से नरसिंह के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.98 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी इंटरलाक सरिया आदि | ? | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | कमलखेड़ा | गौशाला के पास से किशनपल के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.95 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी इंटरलाक सरिया आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्ते**- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पडोरा वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | पडोरा | कालू के घर से महेशवारी के घर तक नाली व इंटरलॉक निर्माण | 3.97 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी इंटरलॉक सरिया आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्ते**- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लिलवाँ वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | लिलवाँ | सददी, पुत्र परसराम के खेत के पास पुलिया निर्माण | 6.98 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी सरिया आदि | ? | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | लिलवाँ | चंद्रशेखर अहिरवार के बाड़े के पास पुलिया निर्माण | 6.96 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी सरिया आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्ते**- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुपवारा वि.ख. चरखारी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25.01.2025 से 31.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | पुपवारा | जमुना प्रसाद के घर से भुमानीदीन के घर तक इंटरलॉक व नाली निर्माण | 3.73 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी इंटरलॉक सरिया आदि | ? | 6 माह |

**नियम व शर्ते**- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**


# विरासत एवं विकास : प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आधारित रहा यूपी दिवस

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आज नगर पालिका के टाउन हॉल में विरासत एवं विकास : प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा.जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों/प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर नगर पालिका के प्रांगण में कृषि, उद्यान, एनआरएलएम, बाल विकास, पुलिस विभाग, महिला कल्याण, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग सहित अन्य कई विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अधिकारियों एवं भारी संख्या में जन सामान्य ने अवलोकन किया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, व जन सामान्य ने आत्मसात किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में विभिन्न विभागों यथा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया, इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात विद्युत सखियों को प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को रुपए 5-5 लाख का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालय की।



▸ सीएम के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

## विदेश से पढ़ाई कर वतन लौटे युवक को मिल रही बधाइयां



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विदेश से पढ़ाई कर वापस लौटे एहसान अहमद ने अपने परिवार सहित बाराबंकी जिले का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि जिले के जैदपुर के मोहल्ला चिकना महल में रहने वाले एहसान अहमद ने विदेश मे एमबीबीएस की पढ़ाई करके लौटे। एहसान ने यूपी में भी एग्जाम पास किया जिसमें 208 नंबर लाकर बाराबंकी जिले का नाम रोशन किया। जिनकी वजह से पूरे कस्बे के में खुशी का माहौल कायम हो गया। बताते चलें कि एहसान अहमद जैदपुर के चिकना महल रईस अहमद के पुत्र दादा हाजी अब्दुल वहीद के पोते है। अपने पिता और दादा का नाम रोशन करने वाले जैदपुर के चिकना महल जैदपुर निवासी एहसान अहमद को बधाई देने का ताता लग गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद मदनी खान, सपा से यूजनसभा जिला सचिव नदीम खान, हशम, आबान और सैकड़ों लोगो ने फूल माला पहनाकर बधाई देते नजर आये।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा में यूपी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने उत्तर प्रदेश के राज्य बनने से लेकर अब तक की यात्रा को चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर, प्रमुख पर्यटन स्थलों, साहित्य, और विकास के विभिन्न पहलुओं पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव सीबीएसई डीटीसी ने सभी बच्चों को आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की ज्ञानवर्धन और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलने की बात की। उन्होंने शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने बच्चों की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों के साथ हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सुबेहा पट्टी वार्ड में हरिशंकर तिवारी के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ कर दिया गया। कथा के पहले दिन धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ कथा स्थल से शुरू हुई यह यात्रा गोमती नदी सरायराज घाट पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर समापन कर दिया गया। इस मौके पर कथा वाचक पंडित राजकिशोर मिश्रा सभासद रवि कुमार विश्वकर्मा, सोनू, जटाशंकर, जयशंकर, उमाशंकर, लल्लू सहित सैकड़ों महिलाओं ने भी इस कलश यात्रा में सहभागिता निभाई।

## महिला ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर किया लहूलुहान



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** खेत में पानी लगाने की बात को लेकर हुए आपसी विवाद में महिला ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मगौवा गांव का है जहां पर सोहन लाल शुक्रवार की सुबह खेत में पानी लगाने गया हुआ था उक्त गांव निवासिनी तारावती से पानी लगाने को लेकर विवाद होने लगा तभी महिला ने युवक सोहन लाल के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना के दौरान युवक के सिर पर चोट लगने से लहूलुहान हो गया। पीड़ित युवक परिजन के साथ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि घायल युवक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मेडिकल परीक्षण करवाते हुए कार्यवाही की जा रही है।

# बालिकाओं की शिक्षा वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. संतोष

**सिरालागासपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम सैदनपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मनरेगा पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वात्सल्य संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बालिकाओं की शिक्षा को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने शारीरिक शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने की वकालत की। मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सायरा बानो के प्रतिनिधि मसूद रियाज, बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सुपरवाइजर अर्चना सिंह और क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव वात्सल्य संस्था की ओर से नीलिमा गुप्ता, प्रेम शंकर और मोहम्मद आरिफ के साथ-साथ ब्लॉक समन्वयक विनोद कुमार रावत और संतोष कुमार रावत मौजूद।




# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, निघासन खीरी

पत्रांक- 5407/आंकिक/निर्माण कार्य/निविदा-आमन्त्रण/2024-25/ दिनांक- 23.01.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

15वें केन्द्रीय वित्त आयोग /पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर कार्य कराने हेतु क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर व वाणिज्य कर विभाग में जी.एस.टी. पंजीकरण हो, तथा आर.ई.एस. पी.डब्लू.डी., जिला पंचायत व अन्य कार्यदायी विभागो में रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्मो से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि (10 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मूड़ाबुजुर्ग | ग्राम पंचायत मूड़ाबुजुर्ग के मजरा बबुरी से संकरा कोठी के बीच पुलिया निर्माण कार्य। | 829400.00 | 82940.00 | तीन माह |
| 2. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में हरजिन्दर के खेत से नमन के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 141300.00 | 14130.00 | तीन माह |
| 3. | बरौठा | गुलरीपुरवा में शौचालय निर्माण कार्य | 992000.00 | 99200.00 | तीन माह |
| 4. | बम्हनपुर | ग्राम पंचायत बम्हनपुर में पलिया हाईवे रोड से कमलेश तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 986200.00 | 98620.00 | तीन माह |
| 5. | विकास खण्ड | विकास खण्ड परिसर में आवास सं.09 में आवास मरम्मत कार्य। | 855000.00 | 85500.00 | तीन माह |
| 6. | विकास खण्ड | विकास खण्ड परिसर में आवास सं.08 में आवास मरम्मत कार्य। | 852700.00 | 85270.00 | तीन माह |
| 7. | गंगानगर | डामर रोड से राम सिंह के घर की ओर खडण्जा निर्माण कार्य | 998500.00 | 99850.00 | तीन माह |
| 8. | नौबना | खल्ला मटहिया में मेन रोड से प्रा.वि. तरफ खडण्जा मरम्मत कार्य। | 995700.00 | 99570.00 | तीन माह |
| 9. | बग्लहा तकिया | ग्राम पंचायत बग्लहा तकिया में अमरीश के घर से रामभजन की घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 999500.00 | 99950.00 | तीन माह |
| 10. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में हरजिन्दर के खेत से नमन की खेत की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य। | 344700.00 | 34470.00 | तीन माह |
| 11. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में अवतार सिंह फौजी के घर सुखदेव के घर की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य। | 988800.00 | 98880.00 | तीन माह |
| 12. | लुधौरी | ग्राम पंचायत लुधौरी में संजय सिंह के घर के पास रोड का शेष भाग इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 245500.00 | 24550.00 | तीन माह |
| 13. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद कोलाफार्म नटबाबा की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 161900.00 | 16190.00 | तीन माह |
| 14. | सुथना बरसोला | ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में ब्लामीकि मोहल्ले से कोतवाली तक नाला निर्माण कार्य। | 994500.00 | 99450.00 | तीन माह |
| 15. | लुधौरी | खडरहिया चौराहे से बल्ली के मोटर की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य | 988800.00 | 98880.00 | तीन माह |
| 16. | रकेहटी देहात | ग्राम पंचायत रकेहटी देहात में कोलापुरवा चिड़ियारनपुरवा को जोड़ते हुए खडंजा निर्माण कार्य। | 977300.00 | 97730.00 | तीन माह |
| 17. | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद मजरा ऐलीमेन रोड से साबी की घर की तरफ खडण्जा मरम्मत कार्य। | 995700.00 | 99570.00 | तीन माह |
| 18. | सिंगाही देहात | मेन रोड से मनमदपुर गांव की तरफ खडण्जा मरम्मत कार्य। | 995700.00 | 99570.00 | तीन माह |
| 19. | सहनखेड़ा | सहनखेड़ा मे मरघट रोड पर खडण्जा कार्य। | 988800.00 | 98880.00 | तीन माह |
| 20. | बल्लीपुर | बल्लीपुर में अरविंद के घर से दिनेश के खेत तक खडण्जा कार्य। | 994800.00 | 99480.00 | तीन माह |
| 21. | रमुआपुर | रमुआपुर मेन डामर रोड से रिंकू की ओर खडण्जा मरम्मत कार्य। | 995000.00 | 99500.00 | तीन माह |
| 22. | बम्हनपुर | इण्टरलाक से शेष भाग अनूप जायसवाल के घर की और इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 998000.00 | 99800.00 | तीन माह |

**नोट- शेष नियम-** शर्तो एवं बिल ऑफक्वान्टिटी के बारे में किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते-**

1. निविदा फार्म क्रय किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 04.02.2025 से 07.02.2025 तक रू0 500 नगद जमा करके श्री प्रहलाद राना, कैशियर/भण्डार सहायक से प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि कार्य के स्वीकृत लागत का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी निघासन खीरी के पक्ष में बन्धक करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 10.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जायेगा/डाक से भी भेजा जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 10.02.2025 को 03.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य गठित समिति एवं निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. टेन्डर/निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म/ठेकेदार को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
5. निविदा में प्रकाशित कार्य कराने की अवधि के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना अनिवार्य होगा यदि समय-सीमा के अन्दर कार्य नही पूर्ण कराया जाता है तो एक सप्ताह की नोटिस के पश्चात स्वीकृत निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप जिम्मेदार होगें तथा जमानत की धनराशि शासकीय हित में जब्त करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
6. निविदा के साथ मानक के अनुसार कार्य कराना होगा तथा प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का मेक/ब्राण्ड उल्लिखित करना होगा। मानक के अनुसार कार्य की गुणवत्ता न पाये जाने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हुये उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा कार्य कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
7. कन्ट्रेक्टर/ठेकेदार के समस्त अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगें।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी निघासन-खीरी में निहित होगा।
9. निविदा स्वीकृत फर्म/ठेकेदार की बंधक जमानत राशि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त 06 महीने बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तकनीकी अधिकारी की संस्तुति के बाद जमानत राशि मुक्त की जायेगी।
10. निविदा डालने के लिए निविदादाता का क्षेत्र पंचायत में पंजीकरण होना अनिवार्य है, पंजीकरण न होने की दशा में निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
11. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
12. किये गये कार्य का भुगतान योजना में उपलब्ध धनराशि के बाद ही किया जायेगा।

**जयेश कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**निघासन-खीरी।**

# सपा-कांग्रेस समाज को कर रही गुमराह: डिप्टी सीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।


डिप्टी सीएम का माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यक्रम में शामिल लोग

समाजवादी पार्टी कांग्रेस से अलग नहीं है। कांग्रेस आजादी के समय से ही बाबा साहब का अपमान करती आ रही है।

सपा ने भी कन्नौज में ही बाबा साहब का अपमान किया। बाबा साहब से जुड़े पांच स्थानों को तीर्थ के रूप में बीजेपी ने विकसित करने का काम किया। यह बात डिप्टी सीएम ने अपने संबोधन में कही। शुक्रवार को शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का जिले में आगमन हुआ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। वही मुख्य अतिथि ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडर के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि बाबा साहब चाहते थे। कि देश में महिलाओं को सामान अधिकार मिले। बाबा साहब के अधूरे सपने को मोदी जी एक एक कर पूरा कर रहे हैं। मोदी जी के आने के बाद 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से निकले। सपा और कांग्रेस समाज को गुमराह करने का काम करती हैं। समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करते हैं और गुंडे, माफिया को संरक्षण देते हैं। बीजेपी बाबा साहब के संविधान और बाबा साहब की पुजारी है। इसीलिए आज हरियाणा और महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार बन रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने की। मंच का संचालन बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को सुरक्षा के सिखाए गुर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



बालिकाओं को जागरूक करती प्रतीक्षा कटियार

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को उनको उनके सुरक्षा के पार्टी जागरूक किया गया। शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर भारतीय इंटर कॉलेज नितानंदपुर में काव्या फाउण्डेशन द्वारा बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य हर गोविंद ने किया।

जिसमें काव्या फाउण्डेशन की टीम से प्रतीक्षा कटियार ने बालिकाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह, मौलिक अधिकार और उनके स्वास्थ्य संबंधी जागरूक किया। कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह हमें याद दिलाता है। कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और लड़कियों को समान अवसर देने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। यह दिन समाज में बालिकाओं के अधिकार, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

# कर्पूरी ठाकुर ने किया जनता के जीवन स्तर में सुधार


पिछड़ा आयोग सदस्य के साथ मौजूद सविता समाज के लोग।

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सविता समाज के नव युवा संगठन के तत्वाधान में कर्पूरी ठाकुर की 101 वी जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य अशोक कुमार सविता ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शुक्रवार को नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में कर्पूरी ठाकुर की 101 में जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार सविता ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया और भ्रष्ट अधिकारियों को हमेशा दंड दिया। महिलाओं को आरक्षण देने का श्रेय भी कर्पूरी ठाकुर को जाता है। उन्होंने पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को आरक्षण का लाभ देने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने जमीनों का लगान माफ करने का भी निर्णय लिया। उनकी सादगी और ईमानदारी के कारण ही राजनीति में एक नये युग का उदय हुआ। उन्होने डा. राम मनोहर लोहिया की विचारधारा को अपना कर जनता की सेवा। दो बार मुख्यमंत्री रहते हुए जनता के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया। इस मौके पर दुर्गेश सविता, कल्लू सविता, निर्मल सभासद, शैलेश सविता, वीरेंद्र सविता, राधेश्याम, संतोष सविता, सुधाकर सविता, राजेश सविता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने प्रदेश को दिलाई अलग पहचान : रजनी तिवारी

- कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।




मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री ने किया हैं। उन्होनें युवाओ को स्वरोजगार बनाने का अवसर प्रदान किया। उत्तर प्रदेश को अलग पहचान दिलाने का कार्य मुख्यमंत्री ने किया। देश में विकास का ग्रोथ का इंजन उत्तर प्रदेश है। यह बात प्रभारी मंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी ने कही। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस- 2025 के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत के उप राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी रही। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाएं गए। जिसका अवलोकन किया गया। वही अन्न प्राशन कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि 5 ट्रिलियन इकॉनामी बनाने की सबसे बड़ी भूमिका हमारे मुख्यमंत्री की है। प्रधानमंत्री का विजन है। उस विजन को कैसे आगे बढाया जाये। कैसे देश को विकसित किया जाये, उसको लेकर सबसे ज्यादा कार्य जो हो रहा है, हमारे उत्तर प्रदेश में हो रहा है। बेटियों को भयमुक्त वातावरण दिलाने का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत युवाओं को लाभान्वित कर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा।

75 युवाओं का ऋण स्वीकृत कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। 21 से 40 वर्ष के युवा अधिक से अधिक आवेदन करें, हम उन्हें 05 लाख तक का ऋण मुक्त ब्याज दिलाने का कार्य करेंगे। लाभार्थियों को 10 प्रतिशत मार्जिन मनी का अनुदान भी मिलेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश राजपूत, विधायिका अर्चना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, एसपी विनोद कुमार, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित अधिकारी एवं छात्र- छात्राएं रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को 05- 05 लाख रू का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 53 लाभार्थियो को ट्राई साइकिल वितरण की। एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की। लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 25 लाभार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास की ताला चाभी वितरित की। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा अच्छा कार्य करने वाली अर्चना वर्मा प्रभारी सीडीपीओ ने 25 आंगनवाडी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### जमीयत का इजलासे आम में पहुंचने के लिए तय की गई रणनीति

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** जमीयत उलमा वस्ती जोन उत्तर प्रदेश का एक अजीमुश्शान इजलासे आम में ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचने के लिए तय की गई रणनीति शुक्रवार समधन नगर मदरसा मदीनतुल उलूम में जमीयत उलमा वस्ती जोन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मौलाना कलीमुद्दीन के नेतृत्व में तय की गई रणनीति जिसमें कहा गया कि जिला लखीमपुर के मोहम्मदी नगर में आने वाली 2 फरवरी को जमीयत उलमा वस्ती जोन उत्तर प्रदेश का एक अजीमुश्शान इजलासे आम होने जा रहा है जिसमें नगर से ज्यादा से ज्यादा तादात में लोगों को पहुंचने के लिए रणनीति तय की गई है। मौलाना कलीमुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि समधन नगर से प्रोग्राम में जाने वाले लोगों के लिए एक बस का इंतजाम किया गया है दो फरवरी को सुबह फजर की नमाज पढ़कर बस रवाना होगी एक सवारी का दो सौ रूपए वापसी भाड़ा तय हुआ है जिन लोगों को कार्यक्रम में पहुंचना हो वह लोग मदरसा मदीनतुल उलूम में आकर अपना नाम लिखा दें इस अवसर पर मौलाना अब्दुल्ला, कारी अब्दुल हसीब जामई, मौलाना मसूद अहमद, मो0 आदिल (चन्दा), अनस सिद्दीकी, हाफिज अम्मार, मास्टर हारून, मोहम्मद आफताब, हाफिज अताऊर्रहमान आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी के कार्यालय का हुआ स्थानांतरण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डिप्टी रजिस्टार फार्म सोसाइटी एवं चिट्स कानपुर मंडल कानपुर कार्यालय का स्थानांतरण कर दिया गया है। यह जानकारी डिप्टी रजिस्टार फर्म सोसाइटी एंड चीट्स कानपुर पारस गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान कार्यालय127 /90 एस ब्लॉक जूही कानपुर नगर में संचालित हो रहा था। शनिवार से कानपुर नगर का स्थानांतरण नवीन भवन 80 फीट रोड कानपुर नगर हो गया है। इसी पते पर पत्राचार संपर्क किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मंडल आयुक्त के निर्देश पर वर्तमान कार्यालय का नवीन भवन में स्थानांतरण किया गया है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता रैली को किया रवाना



**उरई ,जालौन।** शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें ऑक्सफोर्ड एकेडमी नटराज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज उरई, राजकीय मेडिकल कालेज उरई व अन्य विद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली का मुख्य का उददेश्य बालक, बालिकाओं में भेदभाव समाप्त कर समानता स्थापित करना, बालिकाओं को प्रगति के समान अवसर प्रदान करना, लड़कियों की देखभाल में परिवार के स्तर पर लड़कों के समान तथा लड़के, लड़कियों के साथ समानता के व्यवहार तथा लड़कियों के जन्म को भी उल्लासपूर्वक मनाना, कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम-1994 के अनुपालन एवं बालिकाओं के साथ होने वाले भेद-भाव के प्रति लोगों को जागरूक करना बालिकाओं के साथ कानूनी अधिकारों, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, कन्या भ्रूण हत्या गिरता हुआ लिंगानुपात एवं विवाह आदि मुद्दों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित किये जाने हेतु रैली को जिला पुरूष चिकित्सालय उरई से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकार रवाना किया गया। रैली जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से भगत सिह चौराहा तक आयोजित की गयीं।

# बार एसो. के महासचिव का नगर में हुआ स्वागत


महासचिव एडवोकेट मुशीर अहमद का स्वागत करते स्थानीय लोग।

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कुछ दिनों पूर्व कन्नौज में हुए बार एसोसिएशन कन्नौज के वार्षिक चुनाव मे गुरसहायगंज निवासी एडवोकेट मुशीर अहमद को महासचिव पद पर के लिए चुना गया था। उनकी जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्थानीय लोगों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। शुक्रवार को समाजसेवी व एडवोकेट शाहनवाज खान के नेतृत्व मे नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित उनके प्रतिष्ठान पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एजाज खान व संचालन पूर्व सभासद नफीस अहमद ने किया। जिसमें नवनिर्वाचित महासचिव एडवोकेट मुशीर अहमद का सपा नेता मो. नफीस, वसीम उर्फ लल्ला, विमल त्रिवेदी, नसीम खान, सलीम आबदीन मोनू, अंसार अहमद, मुकीम अहमद, शान मोहम्मद उर्फ शानू, राहिद खान, गिरीश चंद्र तिवारी, मास्टर कमरुल, एजाज अहमद आदि ने शाल उड़ाकर व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। बार एसोसिएशन के महासचिव ने कहा कि अधिवक्ताओं के हक सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना और दोषियों को सजा दिलवाना प्राथमिकता है। अधिवक्ता हितों के लिए सभी एकजुट हो।

## मार्ग दुर्घटना में कार सवार दो लोग घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ईको वैन को सामने से तेजी एवं लापरवाही से आ रहे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वैन में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत में एक को कानपुर रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। गुरुवार की रात लगभग 09 बजे सराय प्रयाग निवासी नीरज गुप्ता और शिवम गुप्ता ईको वैन से रामनगरिया मेला से लौट रहे थे। तभी सराय प्रयाग ब्रिज पर चढ़ते समय सामने से तेजी एवं लापरवाही से चले जा रहे कंटेनर के अज्ञात चालक ने वैन में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वैन में सवार नीरज गुप्ता और शिवम गुप्ता घायल हो गए। घटना के बाद कंटेनर चालक कंटेनर को लेकर फरार हो गया। वहीं दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत के चलते शिवम को कानपुर रेफर कर दिया गया और नीरज गुप्ता का इलाज चल रहा है।

# महामाया पॉलिटेक्निक में दीक्षांत समारोह आयोजित

- प्रभारी प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए डिप्लोमा सर्टिफिकेट

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



दीक्षांत समारोह का आयोजन कर छात्र- छात्राओं को मेडल पहनाकर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। शुक्रवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित महामाया पॉलिटेक्निक में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और अनौगी ग्राम प्रधान सूरजभान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने छात्र- छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्रधानाचार्य उमेश चंद्र ने छात्र- छात्राओं को मेडल पहनाकर व डिप्लोमा सर्टिफिकेट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। वही ब्रांड एंबेसडर छात्रों ने अपने- अपने अनुभवों को छात्र- छात्राओं के बीच साझा किए। इस दौरान डॉ आर एस कमल, उदय सिंह, नीरज कुमार, गौरव चंद्रशेखर सत्यम वर्मा, अभिषेक वर्मा सहित आदि लोग रहे।

# स्वच्छता मिशन को हवा में उड़ा रहे कालपी पालिका के जिम्मेदार

- नगर में कचड़ा प्रबंधन व्यवस्था ठीक नहीं

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन को नगर पालिका परिषद कालपी किस तरह से हवा में उड़ा रही है इसका नजारा नगर के विभिन्न मोहल्लों में जहां नालियां गंदगी से बजबजाती देखी जा सकती है तो वहीं सड़क किनारे एकत्रित गंदगी के ढेर राहगीरों के लिये मुसीबत बने हुये हैं। यह स्थिति तब है जब शासन से नगर को स्वच्छ बनाने के लिये लाखों का बजट आवंटित हो रहा है। फिर सफाई कर्मियों को वेतन के नाम पर लाखों रुपये प्रतिमाह वेतन ही नहीं बल्कि दर्जनों वाहनों में डीजल के नाम पर भी खर्च किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि नगर में गंदगी व्याप्त हो तो यह बात बेमानी हो जाती है। लेकिन पालिका के जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं बल्कि पालिकाध्यक्ष जमीनी सच्चाई को आत्मसात करने को तैयार नजर नहीं आते। नगर में कचड़ा प्रबंधन व्यवस्था ठीक नहीं है। पालिका परिषद कालपी के पास एक सैकड़ा से अधिक सफाई कर्मी और दर्जनों वाहन होने के बाबजूद कूड़े के ढेर गलियों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं को दिलाया निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



छात्रों को जानकारी देती बीएलबी सीमा बानो।

ग्राम मझपुर्वा स्थित एक विद्यालय में पराधिविक स्वयं सेवक सीमा बानों ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें पीएलबी ने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का संकल्प लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश की सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रेरित किया। शुक्रवार को शिविर में पीएलबी सीमा बानो ने बताया कि प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग की जांच कराना अपराध है। कन्याभूण हत्या एवं गिरते लिंग अनुपात को रोकते हुए यह अधिनियम बनाया गया है। यह भी बताया कि यदि गर्भ 20 सप्ताह से अधिक न हो तो ऐसे में गर्भ में बने रहने से गर्भवती स्त्री का जीवन जोखिम में होगा। पैदा होने वाला बच्चा शारीरिक या मानसिक असमानताओं से पीडित होगा। तो ऐसा गर्भ पंजीकृत विकिलाक द्वारा समाप्त किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय पर जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि बाल सेवा योजना के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होने कोविड से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता-पिता में से किसी एक अथवा अपने अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 वर्ष से 23 वर्ष के बीच ऐसे किशोर-किशोरी ने किसी अन्य कारणों से अपने माता पिता में से किसी एक अधवा अपने माता पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में है अथवा बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को उक्त योजना के अंतर्गत 2500 रूपये धनराशि प्रतिमाह की दर से बतौर आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्राविधान है।

शिक्षा का अधिकार विषयक पर संबोधन करते हुए बताया गया कि भारतीय संविधान के उपबन्धों के अनुसार 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। इसके अतिरिक्त जिला विधिक प्राधिकरण कन्नौज द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं के बारे में एवं किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098, बाल श्रम अधिनियम, ट्रैफिक्र नियम सहित अन्य कई कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म शताब्दी वर्ष पर लगाई प्रदर्शनी

- डीएम ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, की सराहना

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।




कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में सरकारी विभागों के साथ- साथ अन्य विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस 2025 की थीम %विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश% है। उत्तर प्रदेश दिवस के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष भी मनाया गया। इस अवसर पर झाँकी तथा प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें नेहरू कॉलेज छिबरामऊ, अविका डिग्री कॉलेज चाँदापुर, राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर सहित आदि महाविद्यालयों के प्राचार्य और छात्र- छात्राओं ने श्रद्धेय अटल की जीवन से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी लगायी। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह ने पोस्टर प्रदर्शनी व झाँकी का अवलोकन किया। अधिकारियों ने सभी छात्र- छात्राओं की सराहना की। इस दौरान प्राचार्या रीतू सिंह, डॉ हरिओम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी यादव सहित आदि लोग रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नेहरू कॉलेज छिबरामऊ में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कॉलेज प्राचार्य प्रो.जयवीर सिंह व सहायक आचार्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने विचार व्यक्त किए।

# विधायक की पहल से लगेगा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

- 18 करोड़ रुपए के बजट को शासन ने दी मंजूरी
- विनोद चतुर्वेदी ने सदन में उठाया था यमुना प्रदूषित होने का मुद्दा

नगर में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की स्थापना का रास्ता अब साफ हो गया है। शासन ने जल निगम की इस योजना को मंजूरी दे दी है इस पर 18 करोड़ रुपए खर्च किए जाने है।

विदित हो कि नगर का गंदा पानी व कागज उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी पांच नालों के जरिये यमुना में प्रवाहित होता है जिससे यमुना का जल प्रदूषित हो रहा था जिसके चलते प्रदूषण नियंत्रण वोर्ड ने आपत्ति जाहिर कर कागज उद्यमियों को जलशोधन संयंत्र लगाने के निर्देश दिए थे अन्यथा की स्थित में तालाबंदी करने की भी चेतावनी दी गई थी हालांकि विरोध के बाद कार्यवाही पर रोक लग गयी थी और पालिका परिषद ने वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट स्थापना का वायदा किया था लेकिन बजट के अभाव में प्रक्रिया अधर में लटक गई थी। हालांकि जल निगम नगरीय ने नगर में जलापूर्ति के लिए नई लाईन और सीवरेज के लिए मसौदा तैयार कर शासन को भेजा था जिसकी फाईल शासन में लटकी थी। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के मुताबिक मामला उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने यमुना प्रदूषित होने का मुद्दा उठाया था और नगर के प्रमुख नाले पर जलशोधन संयंत्र लगाने की मांग की थी जिसे मान लिया गया है और रायढ़ नाला पर वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाने के लिए 18 करोड़ रुपए मंजूर कर लिये है। जल निगम के जेई अनमोल अवस्थी के अनुसार शासन ने जलशोधन संयंत्र के लिए 18 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं जिसके तहत पम्पिंग स्टेशन तथा अन्य कार्य कराए जाएगे। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के अनुसार जलशोधन संयंत्र की स्थापना से यमुना मे गन्दा पानी सीधे नही गिरेगा जिसकी कवायद काफी दिनों से चल रही थी लेकिन शासन ने अब इसको मंजूरी दे दी है शीघ्र ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला कहते हैं कि इससे नगर के कागज उद्योग को बड़ी राहत मिली है तो नगर का गंदा पानी भी अब सीधे यमुना में नही गिरेगा।

## डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब का रजिस्ट्रेशन के उल्लंघन की डीएम से शिकायत

**उरई,जालौन।** शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान शत्रुघ्न यादव ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने मनोज राजा पर गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब का कूटरचित तरीके से रजिस्ट्रेशन करवाया और रजिस्ट्रेशन बायलॉज में निर्धारित नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया। शिकायत के अनुसार उरई जिला जालौन में 1995 से सक्रिय डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संख्या-174/1995-1996 दिनांक 17 जुलाई 1995 को जारी किया गया था, और संस्था 2020 में पांच वर्षों के लिए नवीनीकरण के बाद अब तक सुचारू रूप से कार्यरत है। इसके बावजूद मनोज राजा द्वारा 21 अक्टूबर 2021 को उसी नाम से एक नई संस्था का रजिस्ट्रेशन कराया गया, जो नियमों के खिलाफहै। मनोज राजा द्वारा प्रस्तुत नोटरी शपथपत्र में दावा किया गया था।

# पुलिस ने शिक्षक समेत पांच आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में अब गुंडा माफियाओं को कानून का खौफ नहीं रहा है जिसके चलते आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि पुलिस अपराधियों पर शिकंजा लगातार कस रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव पिथनापुर निवासी सुन्दरम चौहान ने दर्ज कराएं गये मुकदमे में कहा कि उनके पिता सुनील कुमार चौहान व माँ किरन लता घर के बाहर थीं। पिता के पास बच्चे पढ़ने के लिए आये थे। उसी दौरान गाँव के राजीव पुत्र धनपाल की गाय उनके दरवाजे पर आ गयी। जब पीड़ित के पिता सुनील कुमार ने कहा कि गाय को हटा लो, बच्चे पढ़ रहे हैं। यह बच्चों को घायल कर देगी। इस पर गुस्साये युवक राजीव धमकी देते हुए चला गया। बुधवार शाम 4.20 बजे राजीव अपने भाई विवेक (शिक्षक) व विपिन पुत्र धनपाल व सूर्यांश उर्फशिव पुत्र विपिन व रोहित उर्फ कृष्णा पुत्र संजीव उर्फ बबलू लाठी-डंडों व धारदार हथियार से लैस होकर आया तथा दबंग आरोपी जबरन घर में घुस गये व सुनील कुमार के साथ मारपीट करने लगे। जब पीड़ित की माँ किरनलता बचाने दौड़ीं, तो आरोपी रोहित नें उन्हें गिराकर फोन छीन लिया। रोहित से धक्का मुक्की कर खुद को बचाया। राजीव ने सुनील कुमार पर चाकुओं से जानलेवा हमला किया तो किरनलता नें बीच में आकर उनका बचाव किया, तो उनके हाथों में चाकू लग गये। जिससे वह लहुलुहान हो गयी। हमलावरों की संख्या अधिक होने पर सुनील व किरन लता जब कमरे की तरफ भागे, तो सभी आरोपी कमरे में घुस गये और मारपीट की तथा कमरे में रखा कीमती सामान तोड़ डाला। सुन्दरम नें दर्ज कराए मुकदमे में कहा में कहा है कि घर में रखी डेसिंग टेबिल में उनकी पत्नी की सोने की चेन, 245 रूपये रखे थे अब वह गायब हैं। सुन्दरम ने शक जताया है कि आरोपियों नें ही यह सामान गायब किया है। आरोपी रोहित व सूर्यांश शातिर किस्म के अपराधी हैं। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देख अन्य आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने आरोपी राजीव व विपिन पुत्र धनपाल को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए दो आरोपी राजीव व विपिन पुत्र धनपाल का शांतिभंग में चालान किया गया।



असलाह के साथ आरोपी रोहित का वायरल हो रहा फोटो

## एक आरोपी एसडीएम न्यायालय से फरार

**अमृतपुर।** पत्रकार के माता-पिता के साथ लूटपाट व हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी रोहित उर्फ कृष्ण पुत्र संजीव उर्फ बबलू का घटना के बाद असलाह के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जबकि जानकारी के मुताबिक उसके नाम कोई भी लाइसेंस नहीं है। अब सवाल उठता है कि अब अपराधियों में कानून का भय दिखाई नहीं दे रहा है। पुलिस को देखकर आरोपी विवेक कार छोड़कर अपने गुर्गों के साथ फरार हो गया। पुलिस ने जब दोनों युवकों का शान्तिभंग में चालान कर दिया तथा पुलिस दोनों को लेकर उप जिलाधिकारी न्यायालय पहुंची, तो तहसील परिसर में मौजूद आरोपी विवेक मौके से अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने बताया कि हत्या के प्रयास समेत कई सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हत्या के मामले में अभियुक्त दोषी करार

- सजा पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तिथि नियत
- 23 वर्षो बाद पीड़ित पक्ष को मिलेगा न्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने इंद्रेश उर्फ पप्पू पुत्र रामफल निवासी नगला दमू थाना नबाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर 27 जनवरी की तिथि नियत है। बीते लगभग 23 पूर्व थाना नबाबगंज निवासी हरदेश पुत्र स्व0 नन्हें लाल गुप्ता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि चार मार्च 2001 को मेरी माँ विमला देवी ग्राम नगला दमू निवासी पप्पू उर्फ इंद्रेश पुत्र रामफल गंगवार के यहाँ दिए गए 40 हजार रुपये लेने के लिए शाम को चार बजे गयी हुई थी, लेकिन घर वापस न आने पर शाम छः बजे मैं व मेरे मामा सर्वेश मां देखने के लिए गये थे। नबाबगंज से नगला दमू के रास्ते बरतल के आगे तलैया के पास मेरी मां को पप्पू व उसका भाई लालू तमंचों से मार रहे थे। दोनों भाइयों ने मुझे रोकते हुए तमंचे से मेरी माँ के ऊपर फायर कर दिया और मां गिर गयी। मैंने जब विरोध किया, तो पप्पू ने कहा इन दोनों को मार डालो। हम लोग डर की बजह से खेतों की ओर भागे। इन लोगों ने मेरा पीछा किया। हम लोग दूर जाकर गेहूं के खेत में छिप गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने पप्पू उर्फ इंद्रेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 27 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। उक्त पत्रवाली में देवेंद्र उर्फ लालू को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।



मौके पर मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष, शिकायतकर्ता व लेखपाल आदि

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने चकरोड की समस्या का किया निस्तारण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर चकरोड की समस्या का निस्तारण किया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज अनिल राजपूत को कुछ ग्रामीणों ने चकरोड की समस्या के चलते शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। कस्बे के मंझना रोड निवासी समाजसेवी दुष्यंत कश्यप के खेत में जाने वाले चकरोड को लेकर उन्होंने तहसील दिवस तथा नगरप पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ोक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत दुष्यंत कश्यप के खेत पर पहुंचे और उन्होंने खेत के चकरोड का निरीक्षण किया। वहीं राजस्व विभाग के लेखपाल तथा कानूनगो से मौके पर बात की और तीन दिन के अंदर चकरोड की समस्या का निस्तारण कर चकरोड डालने की बात कही।

# चोरी के मामले में प्रकाश में आये दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चोरी के मामले में प्रकाश में आये दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 18 जनवरी की रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा आवास विकास लकूला सीवर प्लान्ट की दीवार तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में वादी नीरज कुमार वर्मा जोन प्रभारी जलकल न0पा0 परिषद पुत्र स्व0 हरीशंकर वर्मा निवासी 3/74 पक्कापुल घाट मण्डी कोतवाली फर्रुखाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कादरीगेट पर मु0अ0सं0-14/2025 धारा 331 (4)/ 305/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्तगण निगम उर्फ चिमटा पुत्र मलिया उर्फ सर्वेश निवासी लकूला थाना कादरीगेट, लाला उर्फ शिवम पुत्र वऊआ उर्फ दीपचन्द निवासी लकूला थाना कादरीगेट को चोरी की गयी एक अदद बिजली मोटर कवर मय कोइल व दो ढक्कन मय पुरानी जंजीर लगी हुई तथा एक पाईप कोनिया सहित गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# अपार आईडी एक्टिवेट करने के लिए शिक्षकों की बुलायी बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय पर अपार आईडी एक्टिवेट करने के लिए शिक्षकों की बैठक बुलायी। जिसमें शिक्षकों को दिशा निर्देश दिये गये।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शासनादेश के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा अपार आईडी बनाने के लिए शिक्षकों की बैठक बुलायी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित करते हुए बताया की अपार आईडी बनाने के लिए 5 फरवरी तक का समय है। इस बीच सभी शिक्षक अपार आईडी बनाने का कार्य अपने स्तर पर करें। जिसमें परिषदीय विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त सरकारी, अर्द्ध सरकारी सभी तरह के विद्यालयों के संचालकों तथा प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि वह 5 फरवरी तक अपार आईडी बनाकर छात्र-छात्राओं का डाटा सरकार को उपलब्ध करायें। वहीं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी निर्देशित करते हुए बताया कि वह शिक्षकों का सहयोग करें और सभी अभिभावक आधार कार्ड बनवाने के लिए छात्र-छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी दस्तावेज अपने विद्यालय के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध करायें।

प्रधानाध्यापकों के माध्यम से आए दस्तावेज खंड शिक्षा कार्यालय पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे आधार कार्ड से वंचित छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड की सुविधा मुहैया कराई जा सके। ऐसे ही कई दिशा निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को दिए। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, शिक्षक सैय्यद आसिफ अली, शालिग्राम गंगवार, ओंकार सिंह, रोहित द्विवेदी, आशीष यादव, प्रशांत कटियार, ओम प्रकाश सिंह सहित क्षेत्र के दर्जनों शिक्षक शिक्षिकायें बैठक में मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद शिक्षकगण

## खबरें एक नजर में

### अचानक आए गधे को बचाने में अनियंत्रित लोडर पेड़ से टकराकर पलटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद नगर के मोहल्ला तराई निवासी लोडर स्वामी सब्जी लेने के लिए रात्रि 3.00 बजे के करीब फर्रुखाबाद जा रहा था। साथ में परिचालक भी था। बताते हैं फैजबाग -शमशाबाद मार्ग पर ग्राम मुरैहठी के निकट गुजरते समय अचानक सड़क पर एक गधा आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में लोडर अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकराकर पलट गया। इस दुर्घटना में तौफीक, परिचालक सबाब निवासी ब्लाक रोड शमशाबाद दोनों घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे लोगों ने दोनों को बाहर निकाला तथा दोनों के परिवार के लोगों को सूचना दी। बताते हैं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को नगर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां घायलों का उपचार जारी था।

### मोबाइल हेल्थ टीम ने संतों का किया चेकअप



सत्यगिरि महाराज का चेकअप करती मोबाइल टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल हेल्थ टीम ने संतों के अखाड़ों में जाकर उनका चेकअप किया और आवश्यक दवाईयां दीं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मोबाइल हेल्थ टीम ने मेला रामनगरिया में जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज के आश्रम में जाकर उनका चेकअप किया। ब्लडप्रेशर भी चेक किया तथा स्वस्थ्य रहने के आवश्यक टिप्स दिये। इसके बाद मोबाइल टीम मोहनदास के अखाड़े में पहुंची। जहां उनका चेकअप कर दवायें दीं। इस दौरान टीम ने संतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चिकित्सकों ने कहा कि अभी सर्दी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। अब एतियात बरतने की जरुरत है। जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। मोबाइल टीम में डॉ0 शालिनी, डॉ0 पुष्पेंद्र, फार्मासिस्ट पंकजकुमार, सपोर्ट स्टाफ राम किशोर एवं वालंटियर प्रबल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बंदरों के हमले में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी बंदरों को पकड़ने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं/। जिसके परिणाम स्वरूप आये दिन बंदरों के हमले हो रहे हैं। ताजे मामले में किसान को बंदरों ने हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसान की उपचार के दौरान मौत हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिमसेपुर शिवाजीनगर निवासी 45 वर्षीय नन्हें लाल वर्मा की बीते 17 जनवरी को बन्दर पेंट लेकर छत पर चले गये थे। जब नन्हें लाल को जानकारी हुई, तो वह पेंट लेने के लिए छत पर गये, तो दर्जनों बंदरों ने नन्हें पर हमला बोल दिया। जिससें नन्हें बुरी तरह घायल हो गया। परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे, लेकिन बीती रात रिफर किये जाने पर परिजन पीजीआई लेकर जा रहे थे, लेकिन मार्ग में ही नन्हें की मौत हो गयी। परिजन बीती रात शव लेकर घर आ गये। मृतक की पत्नी नेमा देवी का का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उपनिरीक्षक अमित गुप्ता ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# महंत सत्यगिरि ने नाव में बैठकर किया गंगा पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सत्यगिरि महाराज के नेतृत्व में संतों ने नाव पर बैठकर गंगापूजन किया और सुख शांति की कामना की।

जानकारी के अनुसार जूना अखाड़ा के अध्यक्ष महंत सत्यगिरि महाराज ने शुक्रवार को महत्व श्यामपुरी महाराज, महन्त संतोषपुरी, महंत विपिनपुरी, महंत वासुदेवनंदपुरी, प्रेमगिरि, अमरगिरि, रामगिरि, हेमंत गिरि, महंत पूरनदास, पूरनगिरि, भोला गिरि, वन्वत गिरि के साथ नाव में बैठकर धूमधाम से गंगा पूजन किया। उन्होंने कहा कि गंगा में स्नान करने से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को गाय, गंगा, गीता की पूजा अवश्य करनी चाहिए। यह तीनों चीजों को करने से मनुष्य का तरण हो जाता है। सत्यगिरि महाराज ने बताया कि वह गंगा पूजन कर शनिवार को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां पर संगम में स्नान करेंगे, क्योंकि प्रयाग में पड़ने वाला महाकुंभ 144 बाद पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे साथ कई और संत महात्मा प्रयागराज जायेंगे।



नाव पर सवार सत्यगिरि महाराज व अन्य संतगण

# विधायक ने फीता काटकर स्थाई गौशाला का किया उद्घाटन

- किसानों को घुमंतू गोवंशों से निजात मिलने की उम्मीद
- 150 गौवंशों को बंद करने की है गौशाला में क्षमता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि घुमंतू गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में बंद किया जाए, लेकिन गौशालाओं में जगह न होने के कारण घुमंतू गोवंश घूम रहे थे। जिससे किसान, यात्री, राहगीर सभी परेशान थे। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। किसान की फसल घुमंतू गौवंश बर्बाद कर रहे थे। जिसको लेकर गंगापार क्षेत्र में गोवंशों से किसानों की समस्या अधिक नजर आ रही थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए विधायक निधि से अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य ने कई लाखों रुपए की मदद गौशाला में की तथा पल्लव सोमवंशी ब्लॉक प्रमुख ने भी अह्म भूमिका निभाई। जिसके कारण गौशाला बनकर तैयार हुई। अमृतपुर प्रधान ने भी अपनी निधि से सोलर मोटर जैसी कई मूलभूत सुविधायें गौवंशों को मुहैया कराईं। प्रधान द्वारा गायों के लिए दो गौपालकों को भी रखा गया है। गौशाला में 150 के लगभग गौवंशों की क्षमता है। जिसमें लगभग 80 के करीब गोवंश बंद किए गए। मौके पर पहुंचे विधायक के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी गोवंशों से ना हो उसको लेकर गौशाला का स्थाई निर्माण किया गया है तथा अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी को गौशाला सुपुर्द कर दी गयी। प्रधान सचिन देव तिवारी ने बताया कि शासन कि मंशा अनुरूप कार्य कर गौवशों की सेवा की जाएगी। वहीं मौके पर तहसीलदार कर्मवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल, फरकरपुर प्रधान शिवदत्त तिवारी, नगला हूषा के प्रधान रामवरन, आसमपुर प्रधान रमाकांत, सचिव आशुतोष दुबे, अशोक शाक्य, श्यामबिहारी अवस्थी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



गाय की पूजा अर्चना करते विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य

# सत्य भारती स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस




प्रतियोगिताओं के दौरान मौजूद बच्चे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सत्य भारती स्कूल सुल्तानगंज खरेंटा में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गईं। जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता तथा अन्य विविध प्रकार कि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा पुरस्कार भी वितरित किये गए। बालिकाओं ने अपने घर के बाहर मेरा घर मेरी पहचान के अंतर्गत अपने नाम की पट्टिकाएं लागाई। इस अवसर पर जिला समन्वयक मनोज तोमर तथा कलस्टर समन्वयक रज़ीउल्ला खान ने बालिकाओ को भविष्य में आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक नाजिर खाँ तथा स्कूल के अध्यापकगण भारती राजपूत, नसरीन बानो, हर्षकांत सिंह, ताज मोहम्मद, ऐसफ़ खाँ, चेयरमैन का पूर्ण सहयोग रहा।

### शिक्षण व मतदान कार्य में शिथिलता बरतने पर शिक्षक निलंबित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षण कार्य तथा मतदान कार्यों में शिथिलता बरतने तथा अनियमिततायें पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गठवाया के सहायक अध्यापक शिवकांत को शिक्षण कार्यों में शिथिलता तथा मतदान कार्यों में अनियमिततायें बरते जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। निलंबन के समय में खंड शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुसार अपनी उपस्थित शिक्षक खंड शिक्षा कार्यालय नवाबगंज में दर्ज कराएंगे।

# खिली धूप से मिनी कुम्भ में लौटी रौनक, उमड़ी भारी भीड़

- मनोरंजन के साधनों का लोगों ने लिया भरपूर आनन्द

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपरा काशी के मां भागीरथी की गोद में आबाद मिनी कुंभ के नाम से विख्यात मेला रामनगरिया में खुशनुमा मौसम के चलते ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मनोरंजन के साधनों का भरपूर आनन्द लिया और कुछ लोगों ने गंगा में डुबकी लगायी। जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया में मनोरंजन के साधन जैसे झूला, मौत का कुआं, सर्कस आदि शुरु हो गये हैं। साथ ही मौसम भी कुछ खुशनुमा हो गया है। जिसके चलते मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कई लोगों ने फर्रुखाबाद के मशहूर आलू का हरी चटनी व नमक के साथ लुत्फ उठाया। महिलाओं ने घरेलू वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। महिलाओं का कहना था कि मेले में सभी घरेलू वस्तुयें आसानी से मिल जाती हैं। मेला पूरे शबाब पर चल रहा है। साधु संत भजन कीर्तन में लिप्त दिखायी दे रहे हैं। वहीं कल्पवासी भी स्नान कर मां भागीरथी की आराधना में लीन दिखे। कल्पवासियों का कहना था कि अब मौसम सही हो गया था। जिससे अब उन्हें मेले में कोई परेशानी नहीं हो रही है। बताते चलें कि दूरदराज जनपद से लोग आकर मेले में कल्पवास करते हैं और एक महीना रुककर भजन कीर्तन आदि करते हैं।



मेले में मौजूद मनोरंजन के साधन

# धूमधाम से मना यू.पी. दिवस, कालेजों में हुई विभिन्न प्रतियोगितायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑफिसर्स क्लब में यूपी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक कायमगंज डॉक्टर सुरभि, भाजपा महामंत्री डीएस राठौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह राठौर व भाजपा नेत्री समाजसेविका मिथलेश अग्रवाल के साथ-साथ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपयुक्त स्वतः रोजगार एवं अन्य समस्त अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों जैसे समाज सेवा, स्वच्छता, रंग कर्म, संगीत, साहित्य, फोटोग्राफी, नृत्य, गंगा कल्याण, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, कविता एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 20 गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ 15 विभाग के प्रशंसनीय कार्य करने वाले 114 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त 31 छात्रों को लैपटॉप वितरण किया गया एवं 65 खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। यूपी के स्थापना दिवस पर विभिन्न कॉलेज में प्रतियोगिता एवं वाद विवाद एवं खेलकूद की आयोजन किए गए थे। ऑफिसर्स क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में 25 विभागों के 20 स्टॉल प्रदर्शनी के रूप में लगाए गए थे जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाया गया था। चिकित्सा विभाग के अंतर्गत एलोपैथी, होम्योपैथी एवं आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा के विषय में लगाए गए थे। कार्यक्रम में लखनऊ से प्रसारित होने वाले मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को लोगों ने सुना। कार्यक्रम के दौरान एनकेपी इंटर कॉलेज, कानोडिया इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज के विभिन्न छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया एवं सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत की। अतिथियों ने कार्यक्रकम के आरंभ में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों प्रतिभागियों एवं मीडिया कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि

# हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष एन्टी डकैती न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हत्या के मामले लालाराम पुत्र फूल सहाय निवासी खिदिरपुर बाग कन्नौज, तेजराम उर्फ तेजा पुत्र चुन्ना निवासी मोहल्ला रानीचाह कन्नौज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया है। बीते 26 वर्षो पूर्व कोतवाली कन्नौज पुलिस को दी गई तहरीर में रामजी पाल के ताऊ के पुत्र ओमकार का कत्ल अवधेश व उसके साथियों ने कर दिया था। जिसका मुकदमा वादी के पिता पंचम लाल ने साथियों के विरुद्ध लिखवाया था, तभी से अवधेश, उसके पिता रंजिश मानने लगे। दिनांक 14 अप्रैल 1999 को सुबह अपने गॉव खिदिरपुर बाग से वादी के पिता पंचम लाल अपनी लालेंसी बंदूक रघुवीर व इंद्रपाल के साथ ग्राम सफीपुर जा रहे थे। वह जब कन्नौज पहुंचे, तो वहाँ पहले से ही घात लगाए अवधेश, गिरन्द, लालाराम व एक अन्य व्यक्ति तेजपाल ने घेर लिया। सभी लोग नजायज तमंचे लिए हुए थे और कहा कि गवाही देते हो जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। वादी के पिता के गोली लगी और उनकी मृत्यु हो गयी। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने लालाराम व तेजराम उर्फ तेजा को धारा 397, 302, 504, 506, 307 भा0द0स0 थाना कन्नौज के अपराध में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया। अभियुक्तगण लालाराम व तेजराम उर्फ तेजा प्रत्येक को धारा 302 भा0द0स0 के अपराध के लिए आजीवन कारावास तथा 50,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास तथा दोनों अभियुक्तगण को धारा-397 भा0द0स0 के अपराध के लिए दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा 25,000/- रूपये के अर्थदण्ड से अर्थदण्ड किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, दोनों अभियुक्तगण को धारा 307 भा0द0स0 के अपराध के लिए दस वर्ष के साधारण कारावास तथा 25,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास तथा दोनों अभियुक्तगण को धारा 504 भा0द0स0 के अपराध के लिए एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास एवं धारा 506 भा0द0स0 के अपराध के लिए दो वर्ष के साधारण कारावास तथा 5000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है।



# नगर में धूमधाम से निकाली गई वंदे मातरम यात्रा

▸ जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वाधान में नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर वंदे मातरम यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। यात्रा के मुख्य अतिथि हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव राणा व दुर्वासा ऋषि के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी एवं अखाड़ा परिसर के महंत मधुराम आदि ने भाग लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा देश भक्ति गीतों की धुन पर निकाली गई। बड़ी संख्या में लोग हाथों में तिरंगा व केसरिया झण्डा लेकर चल रहे थे। लोगों ने यात्रा में तलबारवाजी के साथ करतब दिखाये। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के नेतृत्व में पाण्डेश्वरनाथ मंदिर से यात्रा शुरु होकर रेलवे रोड, चौक, नेहरु रोड, घुमना, लालगेट होते हुए स्वराज कुटीर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। चौक पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व लालू कनौजिया व महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने अभिषेक त्रिवेदी के साथ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही ईश्वरदास ब्रह्मचारी को संजय गर्ग व विनय अग्रवाल ने शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया। सुभाष चन्द्र बोस अमर रहे, वंदे मातरम नारों की गूंज के साथ नगर का मुख्य मार्ग गुंजायमान दिखा। वंदे मातरम का उद्देश्य समाज में हर किसी को जोड़ना व सनातन धर्म को मजबूत करना है। विमलेश मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए है। इसमें सभी समाज व संगठनों का सहयोग रहा।


यात्रा में शामिल महंत व विमलेश मिश्रा व अन्य

इस मौके पर हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सौरव मिश्रा, विनोद अग्निहोत्री, बॉबी दुबे, प्रमोद कुमार दीक्षित, अभिषेक बाजपेयी, अंकित तिवारी, अमित पाठक, ध्रुव दीक्षित, प्रीती तिवारी, बबिता पाठक, गायत्री मिश्रा, अर्चना वर्मा, हेमलता, रोहित दीक्षित, सोहन लाल दिवाकर, चित्रा अग्निहोत्री, सीता भदौरिया, गुड्डी बाथम, वैभव सोमवंशी, सौरव शुक्ला, अनुपम रस्तोगी, सचिन शर्मा, निमिष टंडन, अनुज मिश्रा, विपिन अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाना राजेपुर पर वादी मुकदमा ने दिनांक 15.07.2024 को मु0अ0सं0 87/2024 धारा 137 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात में पंजीकृत किया गया था। जिसमें तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने अपहर्ता/पीड़िता को दिनांक 20.07.2024 को बरामद किया था। अपहर्ता/पीड़िता के धारा-180/183 बीएनएसएस के बयान के आधार पर विवेचना उपरोक्त में अभियुक्त भूपेंद्र पुत्र नबल किशोर निवासी ग्राम उजरामऊ थाना राजेपुर का नाम प्रकाश में आया था। जो वांछित चल रहा था। विवेचना के क्रम में धारा-87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। दिनांक 24.01.2025 को थाना राजेपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त भूपेंद्र उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया।


सपा कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते कार्यकर्ता

## सपाइयों ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनायी गई। सपा नेताओं ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्पूरी ठाकुर के विचारों और समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान को याद किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र कुशवाहा, अरविंद शर्मा, शिवकुमार यादव, अजय कुमार, पंकज, नीरज बाथम, आयुष यादव, अखिल कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# हम सबको भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी की आवश्यकता है : विवेक आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल वेद मंत्रों के साथ वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। कल्पवासियों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां प्रदान की।

आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने उपदेश करते हुए कहा कि वेद ईश्वर की वाणी है और यही श्रष्टि का संविधान है। क्योंकि परमात्मा इसमें सभी मनुष्यों के कल्याण का उपदेश करते हैं। मनुष्य के बनाये संविधान में त्रुटियां हो सकती हैं जिसका समय-समय पर संसोधन करना पड़ता है, परंतु ईश्वर के बनाये संविधान में कोई त्रुटि नहीं है यह आदिकाल से सबके कल्याण का उपदेश करता है। आज वेदों की आज्ञा का उलंघन करने के कारण समाज में पाप और अनाचार बढ़ रहा है जिसका निवारण केवल वैदिक मान्यताओं को अपने जीवन मे धारण करने से होगा। भगवान राम के जीवन से आज हम सब को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, तभी देश में रामराज्य आ सकता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने भी इसी रामराज्य की बात अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में वर्णित की। दोपहर की सभा मे आचार्य प्रदीप शास्त्री व धनीराम बेधड़क ने मधुर भजनों के माध्यम से भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। सभा का संचालन आचार्य संदीप आर्य ने किया। कार्यक्रम में शिवनारायण आर्य, बैजू बावरा, मंगलम सिंह, अजीत आर्य, शिशुपाल आर्य, राजेश आर्य, सुरेश चंद्र वर्मा, राहुल वर्मा, उदयराज, अमृता आर्या, उपासना कटियार, रेनू आर्या आदि उपस्थित रहे।



प्रवचन करते आचार्य विवेक आर्य

# सविता समाज उत्थान समिति ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

▸ बुजुर्गों को शॉल ओड़ाकर किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सविता समाज उत्थान समिति के तत्वाधान में भारत रत्न जन नायक पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती प्रदेश अध्यक्ष गयालाल के निवास पर मनायी गई।

सभी पदाधिकारियों ने मां सरस्वती का पूजन कर कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगठन के पदाधिकारी रामचन्द्र श्रीवास्तव, महापदमनंद कमेटी के शिव कुमार व नंदवासी सविता महासभा के रामनिवास बाथम, अति पिछड़ा वर्ग विकास समिति के रामऔतार व रामसिंह राठौर, कश्यप निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उन्हें याद करते हुए जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। भाजपा नेता सुधांशु दत्त द्विवेदी ने विचार रखे।



कर्पूरी ठाकुर जयंती में मौजूद लोग

70 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों को शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुत्र कन्हैया लाल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मानित हुए। इस मौके पर चन्द्रपाल, रमेश ठाकुर, श्रीराम श्रीवास्तव, आशाराम, उपदेश कुमार श्रीवास्तव, हरिराम श्रीवास्तव, देवीदयाल, प्रेमचन्द्र, अनिल श्रीवास्तव, नत्थुलाल, शिवकुमार, चमन श्रीवास्तव, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. रामकृष्ण, डॉ. मुन्ना बाबू, डॉ. नरेश चन्द्र, वंशीलाल, रामसेवक, अरविन्द कुमार, राजेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार, रामबिहारी, गनेश प्रसाद, उपदेश कुमार, मांगेलाल, सतीश चन्द्र, वीर बहादुर पाल, ज्ञानेन्द्र कश्यप, राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

अध्यक्ष कैप्टन हरिराम ने की। संचालन मास्टर श्रीराम श्रीवास्तव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष गयालाल श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

# आज नगर में निकलेगी कला साधकों की एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्यिक अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा नगर में विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा में कला साधक निकालेंगे।

संस्कार भारती के यात्रा संयोजक अमन अवस्थी ने बताया कि संस्कार भारती के कला साधक नृत्य गायन करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। भारत माता को आजाद कराने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए यात्रा निकाली जायेगी। पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से यात्रा शुरु होकर रेलवे रोड, चौक, घुमना होते हुए लालगेट से स्वराज कुटीर पहुंचेगी। जहां यात्रा का समापन होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा में मिजोरम, राजस्थान, पंजाब, दक्षिण भारत के अलावा ब्रह्माकुमारी केंद्र की बहनें भाग लेंगी। रास्ते में जगह-जगह प्रदर्शन करते हुए कला साधक यात्रा में शामिल होंगे। बैण्ड बाजा व डीजे एवं देश भक्ति गीतों पर थिरकते हुए हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता व वंदेमातरम जयकारों के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक, बच्चे, समाजसेवी व विभिन्न संगठन के लोग भाग लेंगे।


जानकारी देते अमन अवस्थी

प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी लोग जी-जान से लगे है। संस्कार भारती के अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता, सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नरेन्द्रनाथ मिश्रा व यात्रा संयोजक अमन अवस्थी, समाजसेवी संजय गर्ग व्यवस्था देख रहे है।

## डीएम को भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर नंद किशोर ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवांगतुक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी का सपा नेता नंद किशोर दुबे वंदे मातरम ने स्वागत किया और उन्हें भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया। नोएडा से स्थानांतरित होकर आये नवांगतुक जिलाधिकारी का जनपद के लोगों ने स्वागत किया। इसी क्रम में सपा नेता नंद किशोर दुबे वंदे मातरम ने शिष्टाचार भेंटकर उन्हें भगवान परशुराम का छायाचित्र भेंट किया। जिलाधिकारी ने नंदकिशोर दुबे को एक पेन उपहार में दिया। इस दौरान उनके साथ अन्य लोग मौजूद रहे। साथ ही गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से भेंट कर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया।


डीएम को परशुराम का फोटो भेंट करते नंदकिशोर दुबे

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर अनिल प्रताप सहित 134 लोग हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में सहासिक व समाजसेवा का कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। ऑफीसर्स क्लब स्थित उत्तर प्रदेश दिवस पर विकास एवं विरासत प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समाजिक श्रेणी प्रमुख व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय विद्यालय के पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष और संस्कार भारती, भारत विकास परिषद जैसी 20 संस्थाओं में अग्रिम भूमिका निभाते हुए विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे है। जिसके चलते शुक्रवार को ऑफीसर्स क्लब में 134 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य, नागेन्द्र सिंह राठौर, डा0 सुरभि एवं जिलाधिकारी व सीडीओ ने सम्मानित किया। मुख्य रुप से अनिल प्रताप सिंह को शॉल ओड़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। अनिल प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह के सम्मान मिलने से समाजसेवा का जज्बा बढ़ता है। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर वीरेन्द्र सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक आदि लोगों ने भी उन्हें बधाई दी।


अनिल प्रताप सिंह को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज, जमकर मारपीट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई निवासी इंद्रेश कुमार उर्फ बिच्छू तथा जितेंद्र कुमार के मध्य जमीन को लेकर आपस में विवाद हो गया। बताया गया है एक पक्ष द्वारा जमीन को खरीदा गया था, जबकि दूसरे पक्ष द्वारा खरीदी गई जमीन पर बकरी बांध रहा था। बताते हैं जिस पक्ष द्वारा जमीन को खरीदा गया था उस पक्ष ने खूंटा उखाड़ कर फेंक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बताते हैं इस विवाद में पहले महिलाएं भिड़ी फिर पुरुषों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना की सूचना पुलिस को दी गई, तो कस्बा फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय पुलिस का कहना था दोनों पक्षों के बीच विवाद होने की सूचना दी गई थी। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन में काम करने वालों को भाजपा में मिलता है अवसरः अयोध्या प्रसाद


वार्ता के दौरान मौजूद अयोध्या प्रसाद सिंह व प्रकाश पाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद सिंह के एक निजी कार्यक्रम में जनपद पहुंचे कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरे क्षेत्र में नए जिलाध्यक्ष प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्वाचित किए जाएंगे। भाजपा का संगठन देश का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। जिसकी केंद्र व देश के 20 राज्यों में सरकार चल रही है। पूरे क्षेत्र में संगठन पर्व के माध्यम से नए जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को समाप्त किया गया है। प्रदेश के निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडे के द्वारा जल्द ही पूरे क्षेत्र के सभी जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। पंचायत चुनाव एवं 2027 के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए नई कमेटी का गठन भी किया जाएगा। भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित है यहां पर परिवारवाद और वंशवाद की परिपाटी नहीं चलती है, इसलिए जो कार्यकर्ता संगठन में निष्ठा एवं लगन के साथ कार्यकर्ता है उसको पार्टी द्वारा संगठन में कार्य करने का अवसर मिलता है। भारतीय जनता पार्टी का एक महत्वपूर्ण अभियान संविधान गौरव अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की सत्ता सौंपी है। इससे बौखलाई हुई यह राजनीतिक दल देश में जातिवाद की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं, लेकिन भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता ऐसे राजनीतिक दलों का डटकर मुकाबला करेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया जल्द ही जिलों को नए अध्यक्ष मिलेंगे संभवत 2 से 3 दिनों में सूची घोषित होगी। इस अवसर पर सतपाल सिंह, हिमांशु गुप्ता, फतेहचंद वर्मा, संजीव गुप्ता, प्रबल त्रिपाठी, मनोज अग्रवाल, प्रवीण पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# गदनापुर आमिल में मनायी गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को ब्लाक कमालगंज के गदनापुर आमिल में जन नायक कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती मनाई गई। ग्राम पचायत घर में सम्पन्न हुये कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य राकेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री अभिषेक बाथम व पूर्व नगर अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया।

जयंती कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संयोजक गुरुचरन आजाद ने अतिथियों का माल्यार्पण कर शॉल ओड़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान संदीप कुमार कठेरिया, प्रधान रघुनन्दन पाल, कुलदीप कुशवाह, दिलीप श्रीवास्तव, योगेन्द्र राठौर, उमेश कुमार श्रीवास्तव आदि ने विचार व्यक्त किये।


कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ग्रामीण

# डीएम ने प्रा.वि. पपियापुर, भाऊपुर खुर्द, बर्ना बुजुर्ग का किया निरीक्षण

▸ बच्चों से कविता व पहाड़े सुने, एमडीएम की ली जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय पपियापुर, प्रा.वि. भाऊपुर खुर्द विकास खण्ड बढ़पुर एवं प्राथमिक विद्यालय बर्ना बुजुर्ग विकास खण्ड कमालगंज का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने छात्र-छात्राओं से कविता, पहाड़े, सामान्य ज्ञान, जोड़-घटाना, एम.डी.एम. आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिसके संतोषजनक पाये जाने पर डीएम ने छात्र-छात्राओं का उत्साहर्वधन किया। डीएम ने विद्यालयों में कार्यरत रसोईया के मानदेय, ड्रेस एवं पाठ्य पुस्तक वितरण, शिक्षक छात्र सम्बन्धों की भी जानकारी ली। डीएम ने शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ दैनिक एवं सामान्य जानकारी प्रति दिवस प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शुद्ध, पौष्टिक, निर्धारित भात्रा एवं मेन्यू अनुसार एमडीएम उपलब्ध कराये जाने, विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के चारों ओर साफ-सफाई, निष्प्रयोज्य वस्तुओं के निस्तारण किये जाने, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराये जाने, शौचालय एवं मूत्रालय की क्रियाशील व्यवस्था किये जाने हेतु भी शिक्षकों को निर्देशित किया। डीएम ने प्रा0वि0 भाऊपुर खुर्द में चल रहे सुन्दरीकरण एवं कायाकल्प सम्बन्धित अन्य निर्माण कार्यो को 20 फरवरी तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।


विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम

# भाकियू मजदूर यूनियन ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी ने किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री सम्बोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत मजदूर निवास करते है।

भारत देश का किसान कड़ी मेहनत कर भारत को पाल रहा है, लेकिन प्रदेश व देश की सरकारों के द्वारा किसानों साथ सौतेलापन किया जा रहा है, जिससे किसान आत्महत्या करने की कगार पर है। जब देश का किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। शमशाबाद ढाई घाट से लेकर पांचालघाट तक गंगा के तटबन्द बनवाया जाये, जिससे गंगा के किनारे वसे ग्रामों में प्रति वर्ष बाढ़ आती है, जिससे तहसील अमृतपुर व तहसील कायमगंज के ग्रामों में बाढ़ का पानी भर जाता है, जिससे किसानों व ग्रामीणों को जन धन की हानि व परेशानी होती है और फसले भी बरबाद हो जाती है। बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों के निजी नलकूप व घरेलू कनेक्शन का बिल माफ किया जाये। तहसील कायमगंज में उपजिलाधिकारी कायमगंज व तहसीलदार कायमगंज के द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, उसे रोका जाये। किसानों के लिये ढाई घाट शमशाबाद व कायमगंज बालू व मिटटी का उठान किसानों के लिये मुफ्त किया जाये।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान

उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों को लगभग 5 हजार रूपया प्रति माह के अनुसार पेंशन के रूप में प्राप्त करायी जाये। ग्राम कुडरी सहारनपुर तहसील अमृतपुर में ग्राम पंचायत वर्ष 2015 में बनी थी, जिसमें प्रधान द्वारा अवैध पट्टे किये गये, जिसकी जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

ग्राम कुडरी सहारनपुर ने सरकार के द्वारा किसी भी पात्र व्यक्ति को कोई आवास नहीं दिया, बल्कि अपात्र व्यक्तियों को आवास आवंटित कराये गये, जांच कराकर कार्यवाही की मांग की, आदि मांगें शामिल है।

ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार, राजेश सिंह यादव, प्रमोद सिंह यादव, उदयवीर सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह, देशराज सिंह, संदीप कुमार, अक्षय यादव, मोरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर विशेष इंतजाम, भीड़ नियंत्रित करने को उठाए जाएंगे कदम

## 27-29 जनवरी को संगम नोज पर मूवमेंट को नियंत्रित करने के लिए मेला प्रशासन ने कसी कमर, एडीएम, एडिशनल एसपी, सीओ, एसडीएम व सेक्टर मजिस्ट्रेट संभालेंगे व्यवस्था

समृद्धि न्यूज



**महाकुम्भ।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात और सुरक्षित मूवमेंट के लिए मेला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना को देखते हुए मेला प्रशासन ने सेक्टर लेवल पर श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिस सेक्टर या जोन में श्रद्धालु आ रहे हैं उसी सेक्टर या जोन से उन्हें वापस भेजा जाए। किसी भी सूरत में उन्हें संगम नोज या किसी अन्य जोन में न जाने दिया जाए। सभी एडीएम, एडिशनल एसपी, सीओ, एसडीएम और सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके कार्यक्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौनी अमावस्या महाकुम्भ का सबसे प्रमुख पर्व है। महाकुम्भ में सारी व्यवस्थाएं इसी पर्व को ध्यान में रखकर की जाती है। इस बार योगी सरकार ने महाकुम्भ को पहले से कहीं भव्य और दिव्य बनाने का जो प्रयास किया है, उसको देखते हुए भारी संख्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की प्रयागराज में मौजूदगी की सम्भावना है। सभी को सुविधा के साथ सुगम स्नान कराना मेला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि हर सेक्टर और जोन में आने वाले श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर उसी जोन से प्रस्थान करें। संगम नोज या अन्य जोन पर 27-29 जनवरी को मूवमेंट कम से कम रखा जाए।

लोगों की सुविधा के लिए 12 किमी लंबे घाट का निर्माण किया गया है। उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है कि जिस घाट पर वो पहुंच रहे हैं, वहीं स्नान करें और फिर वहीं से वापस लौट जाएं। घाटों पर भीड़ न जमा हो, इसके लिए इवैक्युएशन गैंग तैयार की जाएगी। घाटों से भीड़ की सुरक्षित निकासी प्राथमिकता होगी।

> मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान, सुविधा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

### बैरिकेटिंग और संसाधन व्यवस्था

इसके अलावा, हार्ड बैरियर और बैरिकेट्स पर शत-प्रतिशत नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधन जैसे रस्से, लाउड हेलर, सीटी, उड़न दस्ते और वॉच टावर की टीमें तैनात की जाएंगी। इन स्थानों पर केन्द्रीय बलों की उपस्थिति और उचित समन्वय पर जोर दिया जाएगा। संस्थानों को होल्डिंग एरिया के रूप में उपयोग करने और जरूरत पड़ने पर अस्थाई पार्किंग क्षेत्रों के विकास के भी निर्देश दिए गए हैं और साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए संस्थानों में रात्रि ठहराव की व्यवस्था की जाएगी। घाटों की अवस्थापना व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

### कुंभ में पड़ी थी बीएचयू की नींव, महामना ने लिया था अनूठा संकल्प



**महाकुम्भ नगर।** धर्म-अध्यात्म के सतत संदेश के साथ कुम्भ से कई ऐसे संकल्प और निर्णय लिए गए। जिसने बाद में आधुनिक भारत को गढ़ने में मदद की। शिक्षा के सबसे बड़े केंद्र के रूप में जाना गया बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की नींव भी इसी कुम्भ में रखी गई। यही नहीं महामना मदन मोहन मालवीय ने अपने इस सपने को पूरा करने का अनूठा संकल्प भी यहीं से लिया था। आधुनिक इतिहास के प्रोफेसर डॉ. भूपेश सिंह के अनुसार सन् 1906 में प्रयाग में कुम्भ मेला लगा था। देश भर से साधु सन्यासी और महात्मा पधारे थे। इसी कुम्भ में एक विद्वत परिषद की सभा भी आहूत की गई थी। भूपेश सिंह के अनुसार इस सभा में भारत भर के कई बड़े संत-महात्मा और विद्वानों ने भाग लिया था। संगम तट पर हुई इसी सभा मे मालवीय जी ने विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। उस विशाल विद्वत सभा ने मालवीय जी के इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया और कार्यान्वयन के लिए एक समिति भी गठित कर दी गई, जिसका विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी मिलता है। इस प्रकार बनारस हिंदू विश्वविद्यालय नींव इसी कुम्भ में पड़ गई। प्रसिद्ध सर्वोदयी नेता व लेखक रवीन्द्र सिंह चौहान कहते हैं सभा में जब विश्वविद्यालय के लिए धन कैसे संग्रह किया जाय, इस बात की चर्चा हो रही थी। तभी सभा मे मौजूद एक वृद्ध महिला आगे आई और उसने महामना के हाथ मे एक पैसा रख दिया। यह देखकर मालवीय जी बहुत भावुक हो गए। इसी एक घटना से उन्होंने संकल्प ले लिया और भिक्षा पात्र लेकर गांव-गांव, नगर-नगर घूमने लगे। किसी ने एक रुपया दिया तो किसी ने लाख रुपये। बूंदों से सरोवर भरने लगा और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

### महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालु करेंगे मां कामख्या का दर्शन



**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं को गुवाहाटी की माँ कामख्या देवी का दर्शन मिलेगा। कुम्भ क्षेत्र में एक भव्य मंदिर में वह विराजित होंगी। उनकी भव्य प्रतिकृति कुम्भ क्षेत्र में बनायी जा रही है। यहां पर भक्तों को वही प्रसाद मिलेगा, जो माँ कामख्या के दरबार ?में जल के रूप में मिलता है। यह बातें महामण्डलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज ने हिन्दुस्थान समाचार को एक विशेष वार्ता के दौरान बतायी। उन्होंने बताया कि माँ कामख्या का जल व मिट्टी सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में दिया जायेगा। उनकी प्रतिकृति बजरंग दास मार्ग स्थित सेक्टर—7 में प्राग्ज्योतिष क्षेत्र शिविर में बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में आए हुए भक्त माँ कामख्या का दर्शन 25 जनवरी से 26 फरवरी तक कर सकेंगे।उल्लेखनीय है कि माँ कामाख्या देवी का मंदिर असम के गुवाहाटी शहर से करीब 7 किलोमीटर दूरी पर है। यह देवी माँ के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यह मंदिर तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल माना जाता है।महामण्डलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज ने बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से बहुत समृद्ध क्षेत्र है और उसकी जो विरासत व परम्परा है,उसका विश्व के सम्मुख आना संभव नहीं हो पाया है। यह प्रथम अवसर है कि सांस्कृतिक धरातल के साथ आध्यात्मिक व कर्मकांडी पद्धतियों का यहां प्रचार-प्रसार होगा। उन्होंने बताया कि माँ कामख्या का जिस कर्मकांडी विधि से पूजा होती? है, वैसी ही पूजा यहां पर हो,ऐसा प्रयास है। यहां पर माँ कामख्या की प्रतिकृति रहेगी। उसका अंतिम चरण का काम चल रहा है। उस प्रतिकृति में वही जल भक्तों को प्रसाद के रूप में मिलेगा जो माँ कामख्या का दर्शन करने पर मिलता है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में प्रज्ञा फाउंडेशन की ओर से पूरे पूर्वोत्तर भारत की विरासत,परम्परा व संस्कृति से जुड़ी प्रदर्शनी लगायी गई है। जिसे महाकुम्भ में आए श्रद्धालु अवलोकन कर पूर्वोत्तर भारत को विरासत को अपने हृदय में संजो सकेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर भारत के नामघर से जुड़े कुछ कर्मकांडी संत भी आए हैं। उनके नेतृत्व में इस शिविर में अखण्ड श्रीमद्भागवत कथा का सस्वर पाठ चल रहा है। अखण्ड श्री मद्भागवत असम में जिस प्रकार से होती है, वैसी ही यहां पर चल रही है। उन्होंने बताया कि जिस दिन श्रीमद्भागवत प्रारम्भ होती है,उस दिन से लेकर अगले सात दिनों तक अहर्निश चलता रहता है। उसके बाद उसका समापन होता है। वहां पर सुन्दर भाव को लेकर श्रीमद्भागवत होती है। उन्होंने बताया? कि इस शिविर में पूर्वोत्तर से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी होंगे। असमिया संस्कृति की जो बहुलता और विराटता है वह सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिलक्षित होगी। मणीपुड़ी रास,अप्सरा नृत्य, सत्रीय नृत्य, माटी अखाड़ा समेत अन्य कार्यक्रम होंगे।

# रेलवे को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिया जाएगा सम्मान

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।

चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया। इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था।

### सोशल मीडिया अभियान और जन भागीदारी

भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। Chunav Ka Parv Desh Ka Garv जैसे हैशटैग के साथ चलाए गए कैंपेन ने नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दर्शाती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

## ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत इंद्रवार व गलरिया में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी। ग्राम पंचायत इंद्रवार में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ एसटी ने मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गलरिया में आयोजित ग्राम चौपाल में सचिव राजेंद्र प्रसाद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है।

# महाकुंभ 2025 : सिग्निफाई ने विमान मंडपम व शास्त्री ब्रिज को किया रोशन

### कुंभ मेला ग्राउंड्स में लगाई सोलर लाइटें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भव्य स्तर के आध्यात्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इस साल इस विशाल धार्मिक समागम में 45 करोड़ लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है।

महाकुंभ 2025 के इस आध्यात्मिक सफर में लाइटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई अपने इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधानों द्वारा श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव बेहतर बना रही है। अपने इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने विमान मंडपम, शास्त्री ब्रिज को रोशन किया है, तथा कुंभ मेला ग्राउंड्स में सोलर लाइटें लगाई हैं। सिग्निफाई ने कुंभ मेला स्थल पर पवित्र संरचना, विमान मंडपम में फिलिप्स यूनि डायनामिक कलर-चेंजिंग लीनियर ग्रेज़र्स और फ्लड लाइट्स के साथ एक लीनियर लाइटिंग डिज़ाइन का निर्माण किया है, जिसने इसकी वास्तुकला को निखारकर चारों ओर जीवंत और रंगबिरंगी रोशनी फैला दी है। काफी ऊँचाई पर काम करने से लेकर जटिल संरचनाओं पर लाइट लगाने और मंडपम की संरचना को कोई नुकसान न हो, इसके लिए कम से कम ड्रिलिंग करने तक लाइटिंग के लिए एक मल्टी-लेयर दृष्टिकोण के साथ काम किया गया, जिससे श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य और दिलचस्प अनुभव का निर्माण हुआ।

## हलिया ब्लॉक में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हलिया ब्लॉक के पंचायतों महुगढ़ नौगवां, बैधा महोखर, हर्रा, मतवार, और कुशियराकृमें आर्थिक अनुसंधान केंद्र के सहयोग से विभिन्न जागरूकता और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, और कानून संबंधी जानकारी प्रदान करना था।प्रमुख गतिविधियाँ और जागरूकता सत्र बालिकाओं की सहभागिता साइकल रैली, सुई धागा दौड़, चम्मच दौड़, गीत और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिकाओं ने आत्मविश्वास और उत्साह का प्रदर्शन किया। उन्होंने घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रथा, और बाल विवाह जैसी समस्याओं के खिलाफबनाए गए कानूनों जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, पोक्सो एक्ट 2012 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 पर चर्चा की।शिक्षा और सशक्तिकरण पर जोर ग्राम प्रधानों और स्थानीय शिक्षकों ने बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

# सरकारी नौकरी और मानक से अधिक खेत वाले का कर दिया खेत समतलीकरण

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** लोकायुक्त को मिले शिकायत में खेत समतलीकरण किया जिसमें अनियमितता बताई गई थी जिसका उन्होंने निरीक्षण किया और साथ ही लाभार्थी को बुलाकर जब पूछा तो पता चला कि मानक से अधिक खेत एवं सरकारी नौकरी करने तथा पक्का मकान और ट्रैक्टर रखने वाले किसान को इस योजना का लाभ दे दिया गया है। जब लोकायुक्त ने पूछा तो उसने कहा कि हमें कुछ पता नहीं है की की इसका क्या नियम है और यह कैसे हुआ।

ग्रामीणों ने पहले ही गांव का ऑडिट करने आए ऑडिटर से इस बात की शिकायत की थी कि ग्राम प्रधान ने अपने चहेते सरकारी नौकरी करने वाले तथा मानक से अधिक खेत वाले काश्तकार को इस योजना का लाभ दिया है जिस पर शुक्रवार को जांच हुई तो मामला सही पाया गया अब देखना है कि कोई कार्रवाई होती है या नहीं। इस मौके पर ग्राम प्रधान आशीष जायसवाल, तकनीकी अधिकारी लाल बिहारी, राजेश दुबे, जयशंकर तिवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र दुबे के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित रहे। इस संबंध में जब लोकायुक्त से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर जांच किया गया है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी जाएगी। उनकी जो रिपोर्ट होगी उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चकरोड में बनाया गया शौचालय

ग्रामीणों ने शिकायत किया था कि राजगढ़ में चकरोड निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है जिसे देखने के लिए मनरेगा लोकायुक्त मौके पर गए तो झरकटवा संपर्क मार्ग से अनिल के घर तक जो कच्ची सड़क बनी थी वह बेहद खराब थी जिस पर आयुक्त ने उसे ठीक करने का निर्देश दिया साथ ही सड़क के बीचों बीच शौचालय का निर्माण कर दिया गया था जिसे लेकर गांव के लोगों ने विरोध किया था। सड़क निर्माण देखने के बाद लोकायुक्त अमृत सरोवर तालाब देखने गए जहां उसके भीटे पर हुई इंटरलॉकिंग में खामियां नजर आई।

### फोटो खींचने पर खफा हुए ग्राम प्रधान, आयुक्त ने रोका

सड़क निर्माण में अनियमित मिलने पर बीच सड़क में शौचालय का निर्माण होने पर जब पत्रकार ने फोटो खींचना शुरू की तो ग्राम प्रधान ने कहा कि यह हमारा ग्राम सभा है मैं जैसे चाहूं वैसे कार्य करूं किसी से कोई मतलब नहीं है साथ ही कहा कि मेरे इजाजत के बिना कोई फोटो नहीं खींचना नहीं तो बहुत बुरा होगा जिस पर लोकायुक्त मनरेगा ने प्रधान से कहा कि वह उन लोगों को फोटो खींचने से मत मना करें उनकी जहां इच्छा करें वहां की फोटो खींच सकते हैं तब जाकर प्रधान शांत हुए।

# सादगी व उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे कर्पूरी ठाकुर

## सपा कार्यालय में मनाई गई भारतरत्न व पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में समाजवादी जननायक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर कर्पूरी ठाकुर के राजनीतिक और सामाजिक जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगी एवं उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में समाजवादी विचारधारा को पकड़कर ब्रिटिश हुकूमत को छात्र जीवन से ही चुनौती देना शुरू कर दिया था। देश की आजादी के बाद आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे समाजवादी नेताओं के सानिध्य में रहकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ी जाति के आरक्षण को सरकारी नौकरियों में लागू कराया।

कहा कि कर्पूरी ठाकुर गरीब परिवार में पैदा होकर समाज के विघटनकारी एवं सामंतवादी ताकतों से आजीवन लड़ते हुए मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे। समाज और देश के निर्माण में कर्पूरी ठाकुर का योगदान ऐतिहासिक रहा है। उन्होने कर्पूरी ठाकुर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंचित शोषित पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को देश के मुख्य धारा में लाने के लिए कर्पूरी ठाकुर के योगदान को भूला नहीं जा सकता है।

गोष्ठी में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, कीर्ति कोल, मुन्नी यादव, राजेश भारती, रोहित शुक्ला लल्लू, संतोष गोयल, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा, मेवालाल प्रजापति, विजय प्रजापति, विजय पटेल, राणा प्रताप सिंह, गणेश केशरी, विजय सिंह पटेल, भरत लाल बिन्द, अरशद अली, जमाल अहमद, विकाश केशरी, सलीम बादशाह, दीनानाथ शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# कलाकारों ने अपने भजनों से लोगों को नृत्य करने पर किया मजबूर



समृद्धि न्यूज

**मैनपुरी।** श्री महावीर जिनालय बिसातखाना मैनपुरी में संजय कुमार प्रांशुल जैन, अजय जैन संसारपुर परिवार के सौजन्य से संगीतमय दीप अर्चना का आयोजन पंडित कमल कुमार जैन विधानाचार्य के सानिध्य में तथा सिरसागंज से पधारे सोनी एंड म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने संगीतमय भजनों से लोगों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया।

भक्तांबर विधान के एक-एक श्लोक का अर्थ बताते हुए पंडित कमल जैन ने सभी पुरुषों एवं महिलाओं और युवाओं से मंत्रोच्चारण करते हुए दीप अर्पण कराए। पंडित ज़ी ने भक्तामर के 45 वें श्लोक का सार बताते हुए कहा कि भयंकर जलोधर रोग के भार से जो टूट पड़ा है, जिसकी दशा अत्यन्त करुणाजनक है और जिसके जीवन की भी आशा नहीं है।कार्यक्रम में पंडित अनंत कुमार जैन, डॉ सौरभ जैन, सुरेश चंद, नरेश चंद, उमेश चंद्र अर्पित जैन एडवोकेट, संजय जैन एडवोकेट, दिनेश प्रकाश जैन, संजय गोल्डी, गौरव जैन उपवन, राजीव जैन कटरा, विकास जैन, हेमंत बॉबी, आलोक जैन, विशाल जैन जोली, आदेश प्रमोद जैन, शैलेश मोदी, संजीव जैन टाइप, चंदन जैन, मृत्युंजय आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### माण्डवी फाउंडेशन ने महिलाओं को चिकनकारी का दिया प्रशिक्षण




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माण्डवी फाउंडेशन ने महिलाओं के कौशल विकास और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को चिकनकारी (एक प्रमुख कढ़ाई कला) का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकें और समाज में अपना स्थान बना सकें। चिकनकारी, जो कि लखनऊ (उत्तर भारत) की एक प्रसिद्ध कढ़ाई तकनीक है, महिलाओं को न केवल कला सीखने का अवसर मिला बल्कि वे इसे एक आय के स्रोत के रूप में भी उपयोग कर सकेंगी। फाउंडेशन ने कार्यक्रम के समापन पर सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया। माण्डवी फाउंडेशन के इस पहल से महिलाओं को न केवल एक नई कला सीखने का अवसर मिला बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की टीम से आलोक त्रिपाठी, सेनू गुप्ता, जय सिंह, रूबी गुप्ता, सिन्दूरी, जेसिका सिंह साक्षी सिंह मौजूद रहे।

### 85 महिलाओं ने परिवार नियोजन के लिए कराया पंजीकरण

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत महिलाओ का बांध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र कि 85 महिलाओ ने अपने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बंध्याकरण के लिए पंजीकरण कराया है। जिले से आये सर्जन डाक्टर संतलाल ने महिलाओ का बांध्याकरण को सफलता पूर्वक किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन के तहत 85 महिलाओ ने परिवार नियोजन अपनाने के लिए पंजीकरण कराया है। चिकित्सक द्वारा महिलाओ का नसबन्दी किया जा रहा है इस दौरान एआरओ संतोष गौतम, एलटी अखिलेश तिवारी, अनिल कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, प्रियंका, जुली आदि मौजूद रहे।

### लोकायुक्त को मनरेगा विकास कार्यों में मिली खामियां




**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजगढ़ मे नवम्बर माह में हुए राजगढ़ गांव के सोशल ऑडिट में गांव के ग्रामीणों ने गांव में हुए विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की थी। जिस पर लोकायुक्त मनरेगा ने विकास कार्यों की जांच की जहां पर उन्हें खामियां नजर आई। शुक्रवार को राजगढ़ गांव में मनरेगा से हुए विकास कार्यों में अमृत सरोवर तालाब के भीटे पर हुई इंटरलॉकिंग के साथ इसी मध्य से हुए कच्ची सड़क को आयुक्त ने देखा।यहां पर मानक के अनुसार कार्य नहीं हुआ था तथा सड़क के बीचो-बीच शौचालय का निर्माण हुआ था जिस पर लोकायुक्त मदन लाल गुप्ता ने सड़कों को सही ढंग से बनवाने का निर्देश दिया।

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को निःशुल्क सामग्री का हुआ वितरण

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजगढ़ में स्थित प्राथमिक विद्यालय नौडिहवा राजगढ़ में बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। बालिकाओं के शिक्षा पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुमंगला कन्या योजना जिसका बहुत बड़ा उदाहरण है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार समय-समय पर विशेष योजनाएं संचालित कर रही है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं को शिक्षा के मूल धारा में जोड़ने के लिए ग्रामीण स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसका असर विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। समाजसेवी ने विद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु गर्म ऊनी टोपी निशुल्क वितरण हेतु प्रदान किया गया। जिसका वितरण क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबू नंदन सिंह ने शुक्रवार को विद्यालय में पहुंचकर किया। वितरण से बच्चों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी देखी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कर्मचारी रसोईया, आंगनवाड़ी कार्यकत्रिय, बच्चों के अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### हर क्षेत्र में उड़ान भर रहीं बेटियां : डॉक्टर अवधेश कुमार



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान गोष्ठी आयोजित कर बालिकाओं और महिलाओ को उनके अधिकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है। बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है पहले कि अपेक्षा अब सोच भी बदली है विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओ को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है। ऐसे में समाज में बेटियों को बराबरी का हक दिलाने एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। आगे कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य भारत कि लड़कियों और महिलाओ को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। आज राष्ट्रीय बालिका दिवस को अभियान बनाकर महिलाओ को पुरुषो के समान उन्नति के अवसर देने का प्रयास किए जा रहे है इस दौरान डॉक्टर रीना पटेल, बीसीपीएम अनिल कुमार, एआरओ संतोष गौतम, एलटी आलोक पटेल, सीएचओ ज्ञानेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

